जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, सोमवार 10 नवम्बर, 2025

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री





श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## सशक्त महिला - समृद्ध राजस्थान

5 लाख लाभार्थी महिलाएं
₹170 करोड़ का भुगतान
**मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना**

22,559 कन्याएं
₹83 करोड़ का अनुदान
**कन्या विवाह**

बालिका जन्म पर ₹1 लाख से बढ़ाकर ₹1.50 लाख
**लाडो प्रोत्साहन योजना**

20 प्रतिशत की वृद्धि
**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय**

2,216 पद स्वीकृत
**तीन महिला बटालियन**

9.71 लाख महिलाएं
₹530 करोड़ का अनुदान
देय राशि 5,000 से बढ़ाकर 6,500
**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना**

7,268 लाभान्वित जोड़े
₹19.75 करोड़ का अनुदान
**सामूहिक विवाह योजना**

₹450 में घरेलू गैस सिलेंडर
₹558 करोड़ का अनुदान
**मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना**

19.15 लाख पेंशनरों को
₹5,702 करोड़ का भुगतान
**एकल नारी सम्मान पेंशन योजना**

20 प्रतिशत बढ़ाकर
₹6,428 प्रतिमाह
**साथिन का मानदेय**

1.31 लाख स्वयं सहायता समूहों को
₹648 करोड़ की राशि
**महिला आजीविका संवर्धन**

18.80 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण
10.99 लाख महिलाएं
**लखपति दीदी**

1,000 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट
500 स्कूटी
2,000 कॉन्स्टेबल पदों का सृजन
**महिला सुरक्षा**

90 वन धन विकास केंद्र गठित
15,878 जनजाति महिलाएं लाभान्वित
**पीएम-जन मन योजना**

10.51 लाख साइकिलें
39,079 स्कूटियां
**छात्राओं को वितरण**

4.21 लाख पेंशनरों को
₹624 करोड़ का भुगतान
**विधवा पेंशन योजना**

₹199 करोड़
2,273 ऋण आवेदन
**मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना**

1.94 लाख को
₹4,704 करोड़
**स्वयं सहायता समूहों को ऋण**

54,654 छात्राओं को
₹98 करोड़ की प्रोत्साहन राशि
**कृषि अध्ययन को बढ़ावा**

1.22 करोड़ महिलाओं एवं बालिकाओं को
प्रति माह 12 नैपकिन
**नि:शुल्क सैनेटरी नैपकिन**

6.04 लाख बालिकाएं
₹296 करोड़
**बालिकाओं को विभिन्न योजनाओं में सहायता**

राजस्थान संवाद



## दो वर्ष की उपलब्धि - आत्मनिर्भर महिला शक्ति

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

## विचार बिन्दु

सड़क में मुड़ाव होना, उसका खत्म होना नहीं है, जब तक कि आप स्वयं मुड़ने में विफल नहीं होते। –हेलेन केलर

# दो विकल्पों में से किसी एक को हमें ही चुनना है!

भारत में वृद्ध आबादी बहुत तेज़ी से बढ़ रही है। वृद्ध अर्थात वे जिनकी आयु साठ वर्ष या अधिक है। इस वृद्धि का सबसे बड़ा कारण यह है कि हमारे यहां औसत आयु बहुत तेज़ी से बढ़ी है। सन् 2011 में जहां यह 67 वर्ष थी, 2025 में बढ़कर 71.2 वर्ष हो गई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार इस समय देश में लगभग 15 करोड़ वृद्ध हैं जो हमारी कुल आबादी का 10.5 प्रतिशत है। अनुमान लगाया गया है कि यह वृद्ध आबादी सन 2030 तक 18 करोड़, 2047 तक 34 करोड़ और 2050 तक 40 करोड़ हो जाएगी। इस बरस अर्थात सन् 2025 में अस्सी पार के वृद्धों की संख्या 1.7 करोड़ है जो 2050 तक आते-आते 9 करोड़ हो जाएगी। इसे यों भी समझें कि अस्सी पार के वृद्ध पांच गुना बढ़ जाएंगे। और इसे इस तरह भी देखें कि अगले दस बरस में हर पांचवां भारतीय साठ बरस से अधिक उम्र का होगा।

अब कुछ और आंकड़ों पर भी नज़र डाल लें। भारत में लगभग 71% वृद्धजन गांवों में रहते हैं। दूसरी बात, सन 2024 में कम से कम 21% वृद्ध किसी न किसी रोग से पीड़ित थे। इसी के साथ यह बात भी जोड़ कर देख लें कि हमारे देश में केवल 18% वृद्धजन के पास कोई पेंशन है। अब यह बात और देखें कि भारत में सामाजिक संरचना बहुत तेज़ी से बदली है। संयुक्त परिवार लगभग विलुप्त हो चुके हैं। युवा रोज़ी-रोटी की तलाश में गांवों से शहरों में आ गए है या आ रहे हैं और उन्हें अपनी आजीविका के लिए एक से दूसरे स्थान पर जाते रहना पड़ रहा है। केवल वे जो निजी व्यवसाय करते हैं, एक जगह टिक कर रह पाते हैं, हालांकि उनमें से भी बहुत सारे अनेकानेक कारणों से अपना ठिकाना बदलने को विवश होते हैं, या उसे बदलने का चुनाव करते हैं। इन बातों की वजह से वृद्धजन का अपने बच्चों के साथ रह पाना कठिन होता जा रहा है। वे कहीं रहते हैं, उनके बच्चे कहीं और रहते हैं। एक तो बच्चों के लिए उन्हें हर जगह अपने साथ ले जाना सम्भव नहीं होता, और अगर वे ले भी जाएं तो वृद्धजन बहुत आसानी से नई जगह में अपने को समायोजित नहीं कर पाते हैं। ऐसे में उनके पास यही विकल्प बचता है कि वे स्वतंत्र रूप से अकेले रहें। और वे रहते हैं। शहरों में अकेले या एक दूसरे के सहारे रहने वाले वृद्धजन अब अपवाद नहीं रह गए हैं।

अब, वृद्धजन की अपनी समस्याएं होती हैं। उम्र बढ़ने के साथ-साथ वे अशक्त होते जाते हैं। अनेक रोग उन्हें अपनी गिरफ़्त में ले लेते हैं। पूरे समाज में ही अलगाव बढ़ता जा रहा है। सामाजिकता के तौर तरीके बदलते जा रहे हैं। लोगों का आपस में मिलना-जुलना कम होता जा रहा है। इसका सबसे अधिक प्रभाव इन वृद्धजन पर ही पड़ता है। जब उन्हें किसी सहयोग या सहायता की ज़रूरत होती है तो वह उन्हें उपलब्ध नहीं होती है। लेकिन ज़रूरतें तो होती ही हैं। वे तो स्थगित होती नहीं। कम भी नहीं होती। आपको बाज़ार से कुछ खरीददारी करनी है, दवा लानी है, बिजली या पानी का बिल जमा कराना है– ऐसे अनगिनत काम होते हैं। जब जवान थे तो दौड़-दौड़ कर ये सारे काम कर लिया करते थे। अब घर से बाहर निकलना भी जैसे बोझ महसूस होता है। उसे टालते रहते हैं। सोचते हैं कि दो-तीन काम इकट्ठे हो जाएंगे तब जाकर एक साथ कर लेंगे। लेकिन हर काम तो इस बात का इंतज़ार नहीं कर सकता। अगर कोई बिल जमा कराना है तो लास्ट डेटसे पहले कराना ही है। कहीं की यात्रा करनी है तो रिज़र्वेशन कराना ही है। ऐसी अनगिनत बातें हैं।

> **यह बहुत अच्छी बात है कि हम तमाम तरह की चुनौतियों से जूझते हुए, टकराते हुए जी रहे हैं। हमारे मां-बाप जिस उम्र में तस्वीरों में बच रहे थे, उस उम्र को हम कभी का पार कर चुके हैं और ठाठ से जी रहे हैं। हमारा यह ठाठ बना रहे, हमारा जीवन सुगमतापूर्वक चलता रहे, अपनी समस्याओं को हम ख़ुद हल करते रहें और जीवन की परेशानियों के हल तलाश करके अपनी जीवन यात्रा को सुगम बनाते रहें, इसके लिए प्रयत्न हमीं को करने होंगे। हमारे पास दो ही विकल्प हैं - या तो परेशानियों का रोना रोते रहें, या उन्हें हल करने के प्रयत्न करते रहें! चुनाव हम को ही करना है!**

समाज का एक तबका, और उसमें वृद्धजन भी शामिल हैं, इन समस्याओं में से अधिकांश का हल तकनीक में ढूंढ चुका है। बैंक का कोई काम, जीवन बीमा का कोई काम, बस या रेल टिकिट खरीदने का काम, किसी विभाग के विरुद्ध कोई शिकायत करने का काम, आयकर रिटर्न भरने का काम, छोटा-मोटा भुगतान करने का काम, बाज़ार से खरीददारी करने का काम, कहीं जाने के लिए ऑटो या टैक्सी मंगवाने का काम – ये और इस तरह के अनगिनत काम ये लोग तकनीक की मदद से कर लेते हैं। सच तो यह है कि तकनीक ने लोगों का जीवन बहुत सुगम बना दिया है। आपको किसी सामान की ज़रूरत है, ऐसी अनेक सेवाएं हैं जो दस मिनिट से भी कम समय में वह सामान आपको उपलब्ध करा देती है। आप खाना खाने बाहर नहीं जाना चाहते तो बाहर का खाना आपके घर पहुंचा दिया जाता है। यूपीआई के चलन ने नकद धन राशि अपने पास रखने की ज़रूरत को बहुत ही कम कर दिया है। बैंक के सारे काम घर बैठे हो जाते हैं। ख़ुद मुझे अपने बैंक की शाखा में गए कम से कम पांच बरस तो हो ही गए हैं। अपनी पास बुक मैं अपडेट कराता ही नहीं हूं। और सच तो यह है कि बहुत सारे बैंकों ने पास बुक की व्यवस्था ही ख़त्म कर दी है। तो, उम्र बढ़ने की वजह से हमारे चलने-फिरने की सामर्थ्य में जो कमी आई है उसकी बहुत प्रभावशाली पूर्ति तकनीक ने कर दी है।

लेकिन जब मैं अपने हम उम्र साथियों से मिलता हूं तो उनके पास शिकायतों और व्यथाओं की एक बड़ी पोटली होती है। यही व्यथा कि इस काम के लिए कहां जाएं और वह काम कैसे करवाएं। मैं जब उनसे कहता हूं कि बहुत सारे काम आप तकनीक के माध्यम से करके अपनी व्यथाओं को कम कर सकते हैं, तो उनमें से अधिकांश का जवाब होता है, हमने तो पहले कभी इस तकनीक का इस्तेमाल किया ही नहीं! अब इस उम्र में नई चीज़ कैसे सीखें! मैं जिनसे कह सकता हूं उन्हें कहता भी हूं कि मैं आपको सिखा देता हूं। लेकिन वे सीखना भी नहीं चाहते। तर्क वही कि अब इस उम्र में क्या सीखें? मुझे बहुत अजीब लगता है! कहना तो चाहता हूं लेकिन कह नहीं पाता कि इस उम्र में आप जी भी तो रहे हैं! ऐसा भी नहीं है कि आपने नया कुछ सीखा ही नहीं है, या सीख नहीं सकते हैं! हमारी उम्र के बहुत सारे लोगों ने मोबाइल चलाना सीखा ही है। जब वे जवान थे तब कहां था यह? तब तो वह टेलीफोन था जिसमें ऑपरेटर से नम्बर लगवाना पड़ता था। हमने टीवी चलाना, चैनल बदलना सीखा है, एसी चलाना सीखा है, हम मेट्रो में चढ़ना सीखे हैं। वॉट्सएप का इस्तेमाल वे धड़ल्ले से करते हैं। न जाने कितनी नई चीज़ें हमने सीखी हैं और लगातार सीख रहे हैं। फिर ऐसी चीज़ों को सीखने से हम क्यों कतराते हैं जिनके सीख लेने से हमारी बहुत सारी समस्याओं का निवारण हो जाएगा! बहुत बार हम अजीब किस्म के बहाने भी करते हैं। एक हम उम्र मित्र बता रहे थे कि वे एटीएम कार्ड का उपयोग नहीं करते हैं। हर माह बैंक जाकर लाइन में खड़े रहकर पैसे लाते हैं! कारण पूछने पर बताया कि अगर कोई एटीएम कार्ड का दुरुपयोग कर ले तो? अब इसका क्या जवाब दे कोई? आप बैंक से रुपये लेकर आ रहे हैं, कोई छीन ले तो? कोई टक्कर मार देगा, इस भय से आप सड़क पर चलना बंद तो नहीं कर देते है? तकनीक को लेकर भी लोग इसी तरह के अनेक भय सामने लाते हैं। बेशक तकनीक के साथ बहुत सारे ख़तरे जुड़े हैं। शातिर लोग हमारे अज्ञान या असावधानी या दोनों का ग़लत फायदा उठाकर हमें नुकसान भी पहुंचाते हैं। लेकिन ख़तरे तो जीवन में हर जगह हैं! उनसे डर कर हम जीना तो नहीं छोड़ देते हैं! कोशिश करते हैं कि ख़तरों से बच कर निकल जाएं!

यह बहुत अच्छी बात है कि हम तमाम तरह की चुनौतियों से जूझते हुए, टकराते हुए जी रहे हैं। हमारे मां-बाप जिस उम्र में तस्वीरों में बच रहे थे, उस उम्र को हम कभी का पार कर चुके हैं और ठाठ से जी रहे हैं। हमारा यह ठाठ बना रहे, हमारा जीवन सुगमतापूर्वक चलता रहे, अपनी समस्याओं को हम ख़ुद हल करते रहें और जीवन की परेशानियों के हल तलाश करके अपनी जीवन यात्रा को सुगम बनाते रहें, इसके लिए प्रयत्न हमीं को करने होंगे। हमारे पास दो ही विकल्प हैं – या तो परेशानियों का रोना रोते रहें, या उन्हें हल करने के प्रयत्न करते रहें! चुनाव हम को ही करना है!

–अतिथि संपादक,
डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,
( शिक्षाविद और साहित्यकार )

# आधार पहचान के लाभ, कठिनाइयां और कमियां



महावीर सिंह

2009 में भारत सरकार ने आधार योजना के क्रियान्वयन के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (ऑथोरिटी)) यूआईडीएआई (UIDAI) की स्थापना की। नंदन निलेकणि को इसका पहला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इन्हीं के नेतृत्व में 12-अंकीय अद्वितीय पहचान संख्या की अवधारणा विकसित हुई।

कानूनी स्थिति:- संसदीय की वित्त स्थायी समिति (Standing Committee on Finance) की 2011-12 की रिपोर्ट में समिति ने आधार को तत्काल कानूनी समर्थन प्रदान करने की सिफारिश। इस से संबंधित 2010 का विधेयक संसद में पारित नहीं हुआ था। आधार का मुख्य लक्ष्य नागरिकों की अद्वितीय पहचान सुनिश्चित करना था। समिति ने इसे 'अनिश्चित और महंगा' बताया।

संसदीय समिति की रिपोर्ट में इसकी प्रमुख आलोचनाएँ भी बताई गई:– बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट और आईरिस स्कैन) पर आधारित प्रणाली को "अप्रमाणित और अविश्वसनीय" कहा गया। बायोमेट्रिक स्टैंडर्ड्स कमेंटी ने फिंगरप्रिंट संग्रह में उच्च त्रुटि दर (error rates) का उल्लेख किया था। प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट स्टडीज से 1.2 अरब लोगों के लिए कम त्रुटि दर की गारंटी नहीं मिली।

समिति ने गोपनीयता, डेटा लीक और दुरुपयोग की चिंता भी उठाई गई थी। यह भी बताया कि इस के उपयोग से सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभों से वंचित होने (exclusion errors) की समस्या सामने आई हैं, जैसे बुजुर्गों या श्रमिकों के बायोमेट्रिक डेटा के मिलान में बड़ी संख्या में असफलता को रेखांकित किया था।समिति ने आधार के संभावित लाभों को भी स्वीकार किया था, जैसे सब्सिडी वितरण में पारदर्शिता और डुप्लिकेट नाम हटाना।

इस रिपोर्ट के बाद आधार विधेयक को संशोधित कर 2016 में आधार (लक्षित वितरण) अधिनियम पारित हुआ। सुप्रीम कोर्ट के 2018 के फैसले में भी इस समिति की सिफारिशों, आशंकाओं को रेखांकित किया है। इस फैसले में आधार के कुछ प्रावधानों (जैसे प्राइवेट कंपनियों से लिंकिंग) को असंवैधानिक घोषित किया गया।

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की स्थायी संसदीय समिति की सातवीं रिपोर्ट (मार्च 2025) में आधार-लिंक्ड डिजिटल पेमेंट्स (AePS) में बढ़ते वित्तीय धोखाधड़ी और डेटा सुरक्षा जोखिमों पर चिंता जताई गई। समिति ने साइबर सुरक्षा मजबूत करने और डेटा संरक्षण उपायों की सिफारिश की।

आगे बढ़ने से पहले यह बताना जरूरी है कि आधार जब इतना जाना पहचाना, उपयोग में आने वाला पहचान का प्रमाण बन चुका है तो इस पर लिखने की क्या आवश्यकता है? पिछले महीने भर से आधार से जुड़ी कई हैरान करने वाली खबरें पढ़ने में आई हैं। जैसे इसका दुरूपयोग कर दूसरे लोगों के बैंक से डेटा चुराकर, उनके खातों से पैसे चोरी करना, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के लाभ को हड़प लेना। इनेक्टिव बैंक खातों को एक्टिव कर उनमें दूसरों के हक या उनके खातों से चुराए पैसे डाल कर धोखाधडी करना। आधार में गांव मोहल्ले के नाम, स्वयं के नाम और माता-पिता के नामों में त्रुटि से बैंक लेनदेन बाधित होना इत्यादि-इत्यादि। पाठकों की सुविधा के लिए कुछ समाचारों का सारांश दिया जा रहा है ताकि पाठक समस्या की गंभीरता व व्यापकता को समझ सकें:–

1. "सरकारी योजनाओं पर डाका --सिस्टम के भीतर सिस्टम --पोर्टल पर अफसरों, किसानों की फर्जी आइ डी ये"..."पटवारी से लेकर कलेक्टर तक की फर्जी आइडी"......" स्टेट नोडल ऑफिसर के ऑपरेटर व कलेक्ट्रेट कर्मचारी शामिल"।

2. "सरकारी योजनाओं में ठगी – देश भर में 1265 अफसरों के लॉगइन से 4 लाख संदिग्ध खातों में करोड़ों रुपए भेजे"....."1500 से अधिक एसएसओ आइडी, मोबाइल नंबर, ईमेल आइडी हैक किए, किसी विभाग के पोर्टल में ओटीपी शेयरिंग सिस्टम की खामी का लाभ उठाकर संदिग्ध बैंक अकाउंट जोड़े -- सुरक्षा योजनाओं की राशियों का अपात्र लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरण व निकासी –गुजरात के दो लख, राजस्थान के 55 हजार, आसाम के 40 हजार लोगों के डाटा, आधार का दुरुपयोग --बंद खातों में राशि हस्तांतरण, निकासी"।

आधार योजना के बहुत सारे लाभ है जिन से आम आदमी भी परिचित है जैसे कि सरकारी योजनाओं के नकद लाभ का बिना बिचौलियों के, लाभार्थी के बैंक खाते में भेजना। आधार लिंकिंग की वजह से सामाजिक सुरक्षा, जन कल्याण से जुड़ी सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ जैसे सब्सिडी, पेंशन, छात्रवृत्ति, मनरेगा मजदूरी आदि सीधे बैंक खाते में जाने से भ्रष्टाचार में कमी भी आई है। लेकिन यह भी सही है कि सही की जगह गलत बेनिफिशियरी (लाभार्थी) लोगों के खातों में राशि डालने से सरकारी खजाने को नुकसान हुआ है। इस से कर प्रणाली में पारदर्शिता आई है। आयकर रिटर्न, जीएसटी रजिस्ट्रेशन में इसके अनिवार्य उपयोग और पैन कार्ड और आधार लिंक से कर चोरी रोकने में मदद मिली है।

जन धन खाता-आधार-मोबाइल (JAM) के संयुक्त उपयोग से वित्तीय समावेशन बढ़ा। E KYC se बैंक खाता खोलना आसान हुआ है। जन धन योजना में लाखों खाते आधार से खुले हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग पहुंच बढ़ी। माइक्रो-एटीएम, आधार पे से नकद रहित लेनदेन बढ़ा है। सिम कार्ड, डीटीएच, ब्रॉडबैंड आदि के लिए त्वरित सत्यापन संभव हुआ है। डिजी लॉकर, ई-साइन जैसी सेवाओं में आधार एकीकरण। अस्पताल, पुलिस, यात्रा में त्वरित पहचान, मृत्यु/दुर्घटना में शव की पहचान आसान हुई है।

आधार के उपयोग से पीडीएस (राशन दुकान) में डुप्लिकेट/फर्जी कार्ड हटाए। आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं में सटीक पहचान हुई है, यद्यपि शिकायतें भी है और रशिया गलत खातों में डालने से सरकारी खजाने को हानि भी हुई है।

आधार का 12 अंक वाला अद्वितीय नंबर हर नागरिक को एक विश्वसनीय पहचान देता है। जन्म प्रमाण पत्र, पता प्रमाण आदि के बिना भी आधार से पहचान सत्यापन संभव है। किंतु बहुत से गैर नागरिकों, अवैध रूप से देश में आए दूसरे देशों के नागरिकों के भी आधार कार्ड बने हुए है, ऐसे बयान राजनीति से जुड़े लोगों के आते रहते है। अभी बिहार में हुए मतदाता पुनरीक्षण कार्य में यह बड़ा मसला बना था। अब भी कई जिम्मेदार नेताओं द्वारा भाषणों में ऐसी ही बातें बोली जाती हैं। 2010-2018 के बीच 6 करोड़ से अधिक फर्जी आधार रद्द किए गए हैं। आधार योजना के प्रमुख कमियां, कठिनाइयां निम्नलिखित हैं:- बुजुर्ग, मजदूर, बच्चों के फिंगरप्रिंट/आईरिस मैच नहीं होने से बहुत से लोग राशन, पेंशन, मनरेगा में लाभ से हो जाते है। आधार लिखें फेल होने से कुछ जगहों पर भुखमरी से मौतों की घटनाएं रिपोर्ट हुई है। ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट/बिजली न होने पर सत्यापन में कठिनाइयां आती है। POS (माइक्रोएटीम) मशीन के फेल होने से, सर्वर डाउन होने से लेनदेन रुक जाते है जिस से मजदूरों को विशेषत: ग्रामीण क्षेत्रों में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

गोपनीयता का उल्लंघन : बायोमेट्रिक डेटा (फिंगरप्रिंट, आईरिस) का केंद्रीकृत भंडारण होने से डेटा लीक की कई घटनाएं हुई है। 2018 में 1.1 करोड़ आधार डेटा लीक की घटनाएँ हुई है। डेटा बिक्री की खबरें भी आती रहती है। आधार, मेल, मोबाइल हैकिंग से पहचान चोरी का, बैंकिंग धोखाधड़ी, खातों से अवैध धन निकासी की जोखिम बढ़ी है। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 के अपने फैसले में गोपनीयता को मौलिक अधिकार माना, लेकिन इसकी पूर्ण सुरक्षा की गारंटी नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने कई प्रावधान असंवैधानिक ठहराए। आधार अधिनियम की धारा 57 (प्राइवेट कंपनियों का उपयोग प्रतिबंधित)को अवैध घोषित किया था। सुप्रीम कोर्ट ने आधार का प्राइवेट उपयोग सीमित किया, लेकिन ग्राउंड लेवल पर उल्लंघन होता है। स्कूल एडमिशन, मोबाइल सिम, बैंक में जबरन आधार मांगा जाता है और बिना आधार वाले नागरिकों का उत्पीड़न होता।

बुजुर्ग, मजदूर, बच्चों के फिंगरप्रिंट/आईरिस मैच नहीं होने से बहुत से लोग राशन, पेंशन, मनरेगा में लाभ से वंचित हो जाते है ।

आधार लिंक फेल होने से कुछ जगहों पर भुखमरी से मौतों की घटनाएं रिपोर्ट हुई है। जिनके पास स्मार्टफोन नहीं वे लाभों से वंचित हैं। अनिवार्यता का दुरुपयोग भी हो रहा है। ट्रांसजेंडर, बेघर, आदिवासीयों का एनरोलमेंट मुश्किल है।

आधार नम्बर, मोबाइल फोन, गैस एजेंसी, बैन खाते ओर अब ड्राइविंग लाइसेंस आदि बहुत से दस्तावेजों की आपसी लिंकिंग से निगरानी राज्य का खतरा भी उत्पन्न होता है (Surveillance Risk) इन सब की ट्रैकिंग से नागरिकों की निजी जिंदगी पर नजर रखी जा सकती है। पुलिस/एजेंसियों द्वारा दुरुपयोग की पूर्ण संभावना रहती है।

आधार योजना के संबंध में कुछ प्रमुख लोगों के विचार ::-- नरेंद्र मोदी ने विपक्ष में रहते हुए आधार योजना को आलोचना का विषय बनाया, लेकिन सत्ता में आने के बाद इसे मजबूती से अपनाया और डिजिटल इंडिया का एक प्रमुख स्तंभ बना दिया। तिरुचिरापल्ली में एक रैली के दौरान मोदी ने आधार को 'जड़ी-बूटी' (जैसे कोई चमत्कारी दवा) कहा और आरोप लगाया कि देश की सभी समस्याओं का समाधान बताकर भ्रम फैलाने और वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकने की राजनीतिक चाल का आरोप लगाया। अप्रैल 2014 में बेंगलुरु की रैली में ळ्घ्ंड्ढ चेयरमैन नंदन नीलेकणी की भी आलोचना की। उन्होंने आशंका व्यक्त की थी कि आधार से सुरक्षा खतरा पैदा हो सकता है। आधार अवैध प्रवासियों को वैधता मिल सकती है। सीमावर्ती राज्यों को खतरे में डाल सकता है।

किंतु गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी ने आधार को प्रभावी ढंग से लागू किया। आरोप लगे कि गुजरात में कानूनी आवश्यकता से अधिक व्यक्तिगत डेटा (जैसे जन्म तिथि, पता) एकत्र किए गए। देश की सत्ता संभालने के बाद श्री मोदी ने आधार योजना को पुनर्जीवित किया। इसे जन-कल्याण योजनाओं का आधार बनाया। इस से भ्रष्टाचार कम होने और राजकीय धन की, अनुमानत 40 से 50% तक चोरी रुकी है। 2016 में एक ट्वीट में कहा: "आधार को अच्छे शासन और पारदर्शिता का साधन मानना सुखद है। यह सरकारी खजाने में बचत सुनिश्चित करता है और सेवा वितरण को बेहतर बनाता है।"

ड्रेज़ (Jean Drèze) और नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन (Amartya Sen) दोनों प्रमुख अर्थशास्त्री हैं, जो गरीबी उन्मूलन, कल्याण योजनाओं और विकास पर काम करते हैं। वे मानते है कि बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली का उद्देश्य सरकारी सेवाओं, सब्सिडी और कल्याण योजनाओं को पारदर्शी और कुशल बनाना है। जीन ड्रेज़ आधार को एक संभावित उपयोगी उपकरण मानते हैं। आधार राज्य की क्षमता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) जैसे माध्यमों से सब्सिडी सीधे लाभार्थी तक पहुंचा सकता है।

यह भ्रष्टाचार कम कर सकता है किंतु गरीबों को योजनाओं के लाभों से वंचित कर सकता है।

इसके जोखिमों की आलोचना भी की है। इसके कार्यान्वयन में गोपनीयता, र्ेम्त्ल्ेदह और तकनीकी समस्याओं जैसे मुद्दे उठे हैं। झारखंड जैसे राज्यों में उनके अध्ययन से पता चला कि बायोमेट्रिक फेलियर (जैसे उंगलियों के निशान न पढ़ पाना) के कारण लाखों गरीब राशन या मनरेगा जैसी योजनाओं से वंचित हो गए।

2017 में इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली में प्रकाशित जीन ड्रेज के लेख "Aadhaar and Food Security in Jharkhand" में उन्होंने लिखा कि आधार ने "entitlement failures" को बढ़ावा दिया, जहां हक तो है लेकिन पहुंच नहीं। वे कहते हैं कि बिना बैकअप सिस्टम के आधार अनिवार्य बनाना अन्यायपूर्ण है।

ड्रेज़ आधार को वैकल्पिक दस्तावेजों के साथ जोड़ने की वकालत करते हैं ताकि कोई लाभों से बहिष्कृत न हो।

अमर्त्य सेन का मानना है कि तकनीक से राज्य की डिलीवरी क्षमता बढ़ सकती है, जो गरीबी कम करने में मददगार है। वे आधार को "public action" का हिस्सा देखते हैं, जहां भुखमरी जैसी समस्याओं का समाधान पहुंच (access) में है, न कि सिर्फ नीतियों में। किंतु सेन ने हाल ही में, 2025 में बिहार के मतदाता सूची संशोधन पर चिंता जताई कि सख्त दस्तावेजीकरण (जिसमें आधार शामिल है) गरीबों को वोटिंग से वंचित कर सकता है। उन्होंने कहा, "सिस्टम सुधारने के नाम पर गरीबों के अधिकारों को कुचलना गलत है। एक गलती सुधारने के लिए सात नई गलतियां न करें।"

आधार से जुड़ी कुछ समस्याओं के समाधान के लिए कुछ व्यावहारिक और तकनीकी उपाय ::---

यदि बायोमेट्रिक काम नहीं करता तो आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर OTP भेजकर प्रमाणीकरण किया जा सकता है। सुनिश्चित करें कि आपका मोबाइल नंबर आधार से लिंक है। बैंक में, बायोमेट्री के विकल्प के रूप में आधार कार्ड का QR कोड स्कैन करके पहचान सत्यापित की जा सकती है। इअए, पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं।ष्ठ में मैनुअल सत्यापन की अनुमति है, जहाँ आधार नंबर और अन्य (जैसे वोटर ID) से सत्यापन हो सकता है।

फिंगरप्रिंट स्कैनर, अंगुलियों की गंदगी से भी बायोमेट्रिक स्कैनिंग असफलता हो सकती है जिसे ठीक कराया जा सकता है। कई बार सर्वर डाउन होने से बॉयोमेट्रिक सत्यापन फेल होता है।

AePS के लिए: आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम (AePS) में बार-बार असफलता होने पर बैंक से संपर्क करें और वैकल्पिक लेन-देन विधि (जैसे UPI) का उपयोग करें।

बुजुर्गों और मजदूरों के लिए: जिनके फिंगरप्रिंट घिस गए हैं, उनके लिए आधार सेंटर पर उच्च गुणवत्ता वाले स्कैनर या आईरिस स्कैन का उपयोग किया जा सकता है। UIDAI ने 2025 में कुछ क्षेत्रों में मोबाइल वैन शुरू की हैं, जो घर-घर जाकर अपडेट करती हैं।

JeÛeg&Deue ID (VID): 16 अंकों की वर्चुअल ID का उपयोग करें, जो आपके आधार नंबर को छिपाकर प्रमाणीकरण की अनुमति देता है। mAadhaar ऐप या UIDAI वेबसाइट पर "Virtual ID Generation" विकल्प से VID बनाएँ।

UIDAI ने 2023 से फेस ऑथेंटिकेशन शुरू किया है, जो कुछ सेवाओं (जैसे AePS = आधार एनेबल्ड पेमेंट सिस्टम, PDS) में उपलब्ध है। यह बुजुर्गों और खराब बॉयोमेट्रिक्स वाले लोगों के लिए उपयोगी है।

1947 हेल्पलाइन पर संपर्क कर के अथवा आधार सेंटर पर जाकर समस्याओं का समाधान कराया जा सकता है।

2025 के नियमों के अनुसार हर 10 साल में बॉयोमेट्रिक्स और डेमोग्राफिक डेटा अपडेट कराने होंगे, पुराने आधार अप्रभावी होंगे।

AePS (आधार एनेबल्ड पेमेंट सिस्टम) से लेन-देन के दौरान दुकानदारों को आधार नंबर न दें; केवल कोड या VID का उपयोग करें।

mAadhaar ऐप डाउनलोड करें और डिजिटल आधार कार्ड का उपयोग करें, जो कई जगह स्वीकार्य है।

ओर अंत में सो बात की एक बात, यदि डिजिटल, साइबर धोखाधड़ी से बचना है तो इस गोल्डन रूल का सदैव पालन करें:–अपना आधार नम्बर, मोबाइल फोन नंबर, बैंक खाता संख्या और कोई भी दस्तावेज जो आधार, मोबाइल फोन से जुड़ा हो उसका नंबर भूल कर भी किसी अपरिचित को नहीं दे। किसी अपरिचित, संदिग्ध लिंक्स को लाइक, शेयर, क्लिक कभी नहीं करे। शर्म की आवश्यकता नहीं, संशय की स्थिति में जानकार से या संबंधित दफ्तर से संपर्क करें जानकारी प्राप्त कर लें।

उसके बाद भी कोई गारंटी नहीं इस प्रकार के अपराध न हों क्योंकि हर व्यक्ति के डेटा का इतना केंद्रीकरण हो गया है कि किसी दफ्तर से किसी भी लेवल से किसी भी कर्मचारी, अधिकारी द्वारा थोड़ी सी गफलत का बेजा फायदा इस प्रकार के शातिर अपराधिक मानसिकता के लोग अपराध करने से नहीं चुकेंगे ।

–महावीर सिंह, पूर्व आईएएस

# 'भारत की आत्मा उसकी जनजातियों में बसती है'

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इस सच्चाई को गहराई से समझा कि भारत की आत्मा उसकी जनजातियों में बसती है। सरकार विरासत भी, विकास भी के सिद्धांत पर काम कर रही है ताकि जनजातीय संस्कृति को संरक्षित रखते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

प्रतापगढ़ के जनजातीय क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाल, पीपलखूंट की ओर जाते रास्ते पर जब कदम बढ़े, तो रास्ते के साथ-साथ विचार भी गहराते गए। नेटवर्क धीरे धीरे गायब हो रहा था पर प्रकृति से जुड़ाव उतना ही गहरा होता जा रहा था। जनजाति क्षेत्र में काम करते हुए जब-जब दूरस्थ इलाकों में जाना पड़ा, जैसे पाल पंचायत के इन गांवों में, तब समझ आया कि असली भारत अभी भी यहां बसता है। यहां के लोग कम साधनों में भी संस्कारों, संबंधों और संतोष में समृद्ध हैं। जब यहां बैठकर लोगों से बातें हुईं, तो मन में एक ही विचार बार-बार आया अगर

> ■ **प्रदेश में भगवान बिरसा की 150वीं जयंती पर जनजाति वीरता के अमर स्वर गूंज रहे हैं**


हम यह भूल जाएँ कि हम कौन थे, तो हम यह भी खो देंगे कि हम क्या बनना चाहते हैं।

हमारी सभ्यता, हमारे पूर्वज, हमारी पहचान यही भारत की असली ताकत हैं। यही वे लोग हैं जिन्होंने जंगल, जल और ज़मीन के साथ जीना सीखा, प्रकृति को पूजा और सामूहिकता को संस्कृति बनाया। उनके योगदान को याद रखना इसलिए ज़रूरी है, क्योंकि यही हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और यही मूल्य विकसित राजस्थान 2047 के सपने को साकार करने का आधार बनेंगे।

भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, ज़मीन की रक्षा के लिए जो आवाज़ उठाई, वह सिर्फ विद्रोह नहीं, आत्म सम्मान की आवाज थी। टंट्या भील, गोविंद गुरु और काली बाई जैसे योद्धाओं ने इस मिट्टी को अपने लहू से सींचा, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ अपनी पहचान न भूलें।

आज प्रदेश में भगवान बिरसा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजाति वीरता के अमर स्वर गूंज रहे हैं। इस अवसर पर लोग अपनी जड़ों से जुड़े रहें, अपनी संस्कृति को सहेजें और विकास की उस राह पर आगे बढ़ें जहाँ आधुनिकता और विरासत दोनों साथ हों। क्योंकि भारत की आत्मा उसकी संस्कृति और विविधता में बसती है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 10 नवम्बर, 2025**

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, पुनर्वसु नक्षत्र सायं 6:48 तक, साध्य योग दिन 11:05 तक, गर करण दिन 1:02 तक, चन्द्रमा आज दिन 1:03 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृश्चिक, बुध-वृश्चिक, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज कुमार योग सूर्योदय से सायं 6:48 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग सायं 6:48 से सूर्योदय तक रहेगा। रवियोग सायं 6:48 से आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:04 तक, शुभ 9:29 से 10:50 तक, चर 1:32 से 2:53 तक, लाभ-अमृत 2:53 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:47, सूर्यास्त 5:35 तक

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**कर्क**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों के लिए दिन ठीक नहीं है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**धनु**
घर-परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। आपसी सहयोग से महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मकर**
विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार होगा।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 99 प्रभात जयपुर, सोमवार, 10 नवम्बर, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



Mushrooms Talk to Each Other Using Fungal Language!

You may not think mushrooms can talk but one scientist claims they communicate with each other, using up to 50 words

A Golden Legacy

"Mind your Ps and Qs"

Hidden Histories in Everyday Speech

# असमानता, भेदभाव व अस्पृश्यता समाप्त होने तक आरक्षण रहे- भागवत

## संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर मोहन भागवत ने बैंगलुरु में व्याख्यान दिया

■ **राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि धर्म परिवर्तन को बलपूर्वक या कानूनी उपायों से नहीं, बल्कि अपनी परम्परा के प्रति अपनेपन और वर्ग की भावना पैदा करके हतोत्साहित किया जा सकता है।**

बेंगलुरु, 09 नवंबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को इस बात पर ज़ोर दिया कि शिक्षा में आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक सच्ची सामाजिक समानता हासिल न हो जाए।

भागवत ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर व्याख्यान शृंखला में कहा कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक "असमानता, भेदभाव और अस्पृश्यता पूरी तरह खत्म नहीं हो जाये। एक बार जब समाज के सभी वर्गों को वास्तव में समान अवसर मिलने लगेंगे, तो योग्यता स्वाभाविक रूप से फलेगी-फूलेगी। आरक्षण और योग्यता एक-दूसरे के विपरीत नहीं हैं, बल्कि ये निष्पक्षता और संतुलन सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करते हैं।"

उन्होंने कहा कि प्रतिभा समाज के सभी वर्गों में मौजूद है, जिसमें पिछड़े वर्ग और अन्य हाशिए पर पड़े समुदाय भी शामिल हैं, और यह मानना गलत है कि योग्यता केवल आरक्षण प्रणाली के बाहर ही है।

भागवत ने अवसर की समानता के मुद्दे पर बोलते हुए, कहा, "हज़ारों सालों से, समाज के वंचित वर्ग समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में असमर्थ रहे हैं। हमें सभी समुदायों को अवसर, प्रेम और सम्मान के मामले में समान स्तर पर लाना होगा। तभी योग्यता का निष्पक्ष रूप से संरक्षण हो सकता है।"

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि गुप्त और प्रत्यक्ष अस्पृश्यता अभी भी बनी हुई है और कई सामाजिक बाधाएं अभी भी मौजूद हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि आरक्षण को समय से पहले समाप्त करने से उन्हीं लोगों को नुकसान होगा जिन्हें अभी भी सहायता की आवश्यकता है।

भागवत ने कहा कि कुछ प्रगति हुई है जो एक सकारात्मक बदलाव है। पिछड़ा वर्ग के कुछ समुदाय अब "दाता" के रूप में काम करने और योग्य लोगों का समर्थन करने में आत्मविश्वास महसूस कर रहे हैं।

जबरन धर्म परिवर्तन पर, भागवत ने कहा कि धर्म परिवर्तन को रोकने की कुंजी प्रेम, सम्मान और सेवा के माध्यम से सामुदायिक पहचान को मजबूत करना है।

उन्होंने कहा, "धर्म परिवर्तन को बलपूर्वक या कानूनी उपायों से नहीं, बल्कि अपनी परंपरा के प्रति अपनेपन और गर्व की भावना पैदा करके हतोत्साहित किया जा सकता है। जब लोग अपने समाज में सम्मान, देखभाल और अवसरों का अनुभव करते हैं, तो धर्म परिवर्तन का आकर्षण स्वाभाविक रूप से कम हो जाता है।"

भागवत ने भाषा, जाति और धर्म

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अंडमान में रविवार को भूकंप के झटके आए

नई दिल्ली, 09 नवंबर। भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में रविवार दोपहर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गई। इसका केंद्र अंडमान सागर में 90 किलोमीटर की गहराई (अक्षांश 12.49 डिग्री उत्तर, देशांतर 93.83 डिग्री पूर्व) पर स्थित था।

भूकंप आने पर लोग घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, इस भूकंप की वजह से अभी तक किसी भी तरह के

■ **भूकंप की तीव्रता 5.4 थी। अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।**

जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। ज्ञातव्य है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह दुनिया के सबसे अधिक भूकंपीय रूप से सक्रिय इलाके में से एक है और इसे ज़ोन वी भूकंपीय क्षेत्र में वर्गीकृत किया गया है।

दूसरी तरफ पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हरियाणा से बिहार छठ के दौरान क्यों नहीं चलाई विशेष रेलें- सिब्बल

## कपिल सिब्बल ने मतदान से पहले विशेष रेल चलाये जाने पर चुनाव आयोग से जवाब माँगा

■ **पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने कहा कि 3 नवंबर को 6 हजार लोगों को लेकर चार ट्रेन हरियाणा से बिहार गई। यात्रा करने वाले लोग असली मतदाता थे या किसी सुनियोजित अभियान का हिस्सा।**

नई दिल्ली, 9 नवंबर। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण से पहले 3 नवंबर को हरियाणा से बिहार के लिए चलाई गई स्पेशल ट्रेनों पर सवाल खड़े किये हैं।

सिब्बल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सवाल किया कि क्या ये ट्रेनें विशेष सेवाओं के रूप में चलाई गईं? यदि हाँ, तो इन्हें हरियाणा से अभी क्यों चलाया गया, छठ के दौरान क्यों नहीं चलाया गया ?

पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं यहाँ पर एक बात पर प्रकाश डालने आया हूँ कि क्या चुनाव आयोग कोई कार्रवाई कर रहा है या भाजपा के सहयोगी के रूप में काम कर रहा है, जैसा कि कई लोग आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि 3 नवंबर को लगभग 6 हज़ार लोगों को लेकर चार ट्रेनें हरियाणा से बिहार गईं, पहली दो करनाल से पानीपत होते हुए बरौनी और अगली दो गुरुग्राम से पटना होते हुए भागलपुर।

सिब्बल ने सवाल उठाया कि ये लोग यात्रा क्यों कर रहे थे? उन्होंने कहा या तो यात्रा कर रहे लोग बिहार के असली मतदाता थे या किसी सुनियोजित अभियान का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, मैं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पूछता हूँ क्या ये ट्रेनें विशेष सेवाओं के रूप में चलाई गईं? उन्होंने फिर सवाल किया, यदि हाँ, तो इन्हें हरियाणा से अभी क्यों चलाया गया, छठ के दौरान क्यों नहीं चलाया गया ?

सिब्बल ने सवाल उठाया कि क्या हरियाणा के इन असली मतदाताओं को विशेष ट्रेनों की ज़रूरत थी या उन्हें ख़ास तौर पर बिहार में वोट देने के लिए भेजा गया था? उन्होंने चुनाव आयोग पर तंज कसते हुए कहा मुझे मालूम है चुनाव आयोग इस मसले पर कुछ नहीं करेगा क्योंकि चुनाव आयोग भाजपा से मिला हुआ है।

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने हरियाणा से बिहार के लिए चलाई गई स्पेशल ट्रेन के टाइमिंग पर सवाल उठाया है। उन्होंने संदेह जताया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए स्पेशल ट्रेन के जरिए लोगों को हरियाणा से बिहार भेजा गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड में 8,260 करोड़ रूपए की योजनाओं का शिलान्यास किया

## उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयन्ती समारोह में प्रधानमंत्री ने राज्य के बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी

■ **नरेन्द्र मोदी ने जिन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया, वे पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास क्षेत्रों से संबंधित हैं।**

देहरादून, 09 नवंबर। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देहरादून के एफआरआई मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए। इस ऐतिहासिक आयोजन में पीएम मोदी ने राज्य को 8000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी, जिससे प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर और सामाजिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया, जिसमें उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन, और औद्योगिक संभावनाओं को दर्शाया गया था।

पीएम मोदी ने गढ़ वाली बोली में संबोधन शुरू किया। पीएम ने कहा कि मैं आप सबको उत्तराखंड की रजत जयंती पर बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस अवसर पर उत्तराखंड के उन बलिदानियों को भी श्रद्धांजलि देता हूं, जिन्होंने आंदोलन के दौरान अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। मैं उस समय के सभी आंदोलनकारियों का भी वंदन और अभिनंदन करता हूं। आज का दिन गर्व का है। जिन्हें उत्तराखंड से प्यार है, जिन्हें उत्तराखंड की देवभूमि से लगाव है, उनका मन आज प्रफुल्लित है। पीएम ने कहा कि 25 साल पहले उत्तराखंड नया नया बना था, तब साधन कम थे, बजट कम था, लेकिन आज तस्वीर बदल गयी है। राज्य ने 25 वर्षों में हर सेक्टर में विकास किया है। उत्तराखंड राज्य गठन के समय राज्य का 4 हजार करोड़ का बजट था, आज 1 लाख करोड़ हो गया है।

पीएम मोदी ने जिन परियोजनाएं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है उनमें पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित परियोजनाएं हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री दो महत्वपूर्ण पेयजल परियोजनाओं देहरादून में सौंग बांध पेयजल परियोजना और नैनीताल में जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना का शिलान्यास किया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बिहार मतदान से पहले भारत-नेपाल सीमा सील

मधुबनी, 09 नवंबर। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होना है, जिसके पहले चुनावी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये भारत- नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा को रविवार से पूरी तरह सील कर दिया गया है।

यह कदम किसी भी अवैध गतिविधि, बाहरी हस्तक्षेप या अप्रत्याशित घटना को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 48वीं बटालियन, जयनगर के अंतर्गत विभिन्न सीमा चौकियों पर तैनात जवानों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के सख्त निर्देश दिये गये हैं।

■ **सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस को चुनावी अवधि में सख्त निगरानी करने के निर्देश दिए।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बिहार चुनाव के दूसरे चरण में प्रचार समाप्त हुआ

## विधानसभा की 122 सीटों में भाजपा के 53, जदयू के 44, राजद के 71 व कांग्रेस के 36 प्रत्याशी मैदान में

■ **इस चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन अभियान, प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा, शिवराज सिंह, नीतीश कुमार व योगी आदित्यनाथ के हाथ में था। दूसरी ओर महागठबंधन की ओर से प्रचार करने वालों में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, खड़गे, तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी प्रमुख थे।**

पटना, 09 नवंबर। बिहार में 122 विधानसभा सीटों पर दूसरे और अंतिम चरण में 11 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए आज शाम प्रचार का शोर थम गया और अब प्रत्याशी जनसम्पर्क के जरिये वोट जुटाने में लग गये हैं।

दूसरे और अंतिम चरण के चुनाव में राष्ट्रीय जनतंत्रिक गठबंधन (राजग) से जिन दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है, उनमें पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी, पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, बिजेन्द्र प्रसाद यादव,डा. प्रेम कुमार, नीरज कुमार सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा की पत्नी स्नेह लता, अनिल कुमार, हिदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी की बहू दीपा कुमारी और समधन ज्योति देवी सहित अन्य शामिल हैं।

इसी तरह महागठबंधन से पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव, पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा, बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अख्तरुल ईमान भी दूसरे दौर के चुनावी अखाड़े में जोर आजमाइश के लिए उतरे हैं।

दूसरे चरण के चुनाव के लिए राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान,जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, उपेन्द्र कुशवाहा, जीतन राम मांझी,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, समेत कई दिग्गज नेताओं ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और वामदलों के महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार का जिम्मा मुख्य रूप से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे,नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य के कंधे पर था। दूसरे चरण के चुनाव में राजग के घटक भाजपा ने 53, जदयू ने 44, लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास) ने 15,राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) ने 04 प्रत्याशी और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) ने छह प्रत्याशी अखाड़े में उतारे हैं। वहीं महागठबंधन के घटक राजद ने 71, कांग्रेस ने 36, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) ने आठ,भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सर्ववादी लेनिनवादी (भाकपा माले) ने 06, भारतीय कम्युनिट पार्टी (भाकपा) ने चार और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने एक उम्मीदवार खड़े किये है। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने 120 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारे हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा, जिसमें 122 सीटों के लिए मतदान कराया जायेगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी। इस विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है।

# वोट चोरी रोकना हर नागरिक की जिम्मेदारी- राहुल

किशनगंज, 09 नवंबर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखे आरोप लगाये और कहा कि, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह चुनाव नहीं जीतते, बल्कि वोट चोरी करके जीतते हैं। वोट चोरी रोकना मेरी और देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी है।"

किशनगंज ज़िले के बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये कांग्रेस नेता गांधी ने कहा कि 'आज देश में दो विचारधाराओं के बीच संघर्ष

■ **उन्होंने चुनाव सभा में आरोप लगाया कि नीतीश कुमार ने बिहार में तथा नरेन्द्र मोदी ने देश में रोजगार खत्म कर दिया।**

चल रहा है, एक ओर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) है जो देश को बांटने का काम कर रही है, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस और महागठबंधन हैं जो देश को जोड़ने की दिशा में काम कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता गांधी ने बिहार में बढ़ ती बेरोजगारी और शैक्षिणक संस्थानों की स्थिति पर राज्य और केंद्र सरकार दोनों को घेरा। उन्होंने कहा कि, "मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में रोजगार खत्म करने का काम किया है। बिहार के युवा दूसरे राज्यों और देशों में काम करने को मजबूर हैं। बिहार के विश्वविद्यालय और कॉलेज या तो बिक रहे हैं या बंद हो रहे हैं।'

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ इंडिया गेट पर जनता का विरोध प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पोल्यूशन खतरनाक लेवल पर पहुँच गया है, पर कोई उपाय नही किये गए

■ **पर्यावरणविद भवरीन कंधारी ने कहा कि राजधानी में मैराथन का आयोजन हो रहा है, स्कूलों में स्पोर्ट्स डे मनाया जा रहा है, पर सरकार ने बचाव के लिए कोई सलाह तक जारी नहीं की।**

नयी दिल्ली, 09 नवंबर। दिल्ली में प्रदूषण बढ़ ने और वायु गुणवत्ता का स्तर बेहद खराब स्तर पर पहुंचने के विरोध में रविवार शाम इंडिया गेट के पास सड़कों पर लोगों ने स्वच्छ हवा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जिनमें से कई को हिरासत में लिया गया।

विरोध प्रदर्शन के कारण आम जनता को इंडिया गेट परिसर से बाहर निकाल कर खाली करा लिया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दीपावली के बाद से प्रदूषण का स्तर अधिक होने और हवा जहरीली होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, रविवार सुबह दिल्ली की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई, जहां कुल एयर क्वालिटी इंडेक्स 391 रहा। वहीं कई इलाकों में वायु गुणवत्ता खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया था। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना है कि दिल्ली में पोल्यूशन गंभीर और खतरनाक लेवल पर पहुंच गया हैं, लेकिन ग्रैप के उपाय लागू नहीं किए गए हैं।

दिल्ली में इंडिया गेट पर प्रदर्शन में शामिल पर्यावरणविद् भवरीन कंधारी ने कहा, हम संबंधित अधिकारियों से मिलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमने मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा था, लेकिन उन्होंने मिलने से मना कर दिया।

उन्होंने कहा कि राजधानी में मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, स्कूलों में स्पोर्ट्स डे मनाया जा रहा है लेकिन इससे बचाव के लिये सरकार न तो कोई सलाह जारी कर रही है और न कोई उपाय कर रही है।

इंडिया गेट पर जुटे प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इस प्रदूषण से सबसे अधिक बच्चों और बुजुर्गों को नुकसान हो रहा है। वहां मौजूद लोगों में कई लोगों ने कहा कि उनका कोई छिपा एजेंडा नहीं है। वे सब अभिभावक हैं। विरोध प्रदर्शन करने वालों में बहुत से लोग इनहेलर और नेबुलाइजर पकड़े हुए थे, दवा की पर्ची दिखा रहे थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि "सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, नई दिल्ली में केवल जंतर मंतर ही अधिकृत प्रदर्शन स्थल है।" वरिष्ठ पुलिस अधिकारी देवेश कुमार महला ने कहा कि इंडिया गेट प्रदर्शन स्थल नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार, जंतर मंतर ही अधिकृत विरोध स्थल है। इसलिए हमने सभी को नियमों का पालन करने की सलाह दी है..."

प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार केवल आंकड़ों और योजनाओं की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। उनका कहना था कि हर साल दिल्ली की हवा ज़हरीली होती जा रही है और सरकारें एक-दूसरे पर आरोप लगाने के अलावा कुछ नहीं करतीं।

सरकार की ओर से निगरानी और चेतावनी पर्यावरण विभाग ने स्थिति पर नजर रखने के लिए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैंड) के दूसरे चरण को लागू किया है। निर्माण गतिविधियों पर रोक और डीजल वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। वहीं, स्कूलों में आउटडोर गतिविधियों पर भी अस्थायी रोक लगाई गई है।

नोएडा-दिल्ली-गाजियाबाद देश के सबसे वायु प्रदूषित शहरों में टॉप पर हैं। नोएडा पहले नंबर पर, दिल्ली दूसरे और गाजियाबाद तीसरे नंबर पर है। चौथे पर हरियाणा का रोहतक और पांचवे पर बहादुरगढ़ है। गुरुग्राम की हवा भी खराब है, लेकिन रैंकिग के मामले में वो 24वे नंबर पर है। दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण से इमरजेंसी जैसे हालात हो गए हैं। आने वाले दिनों में भी बढ़ ती ठंड और पूर्वानुमानों के हिसाब से अभी प्रदूषण के स्तर में कमी के आसार नहीं दिख रहे हैं।

दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम से लेकर पूरे एनसीआर में ग्रैप 3 के तहत अंकुश लगाए जाते हैं। इसमें निर्माण संबंधी गतिविधियां बंद कर दी जाती हैं। ईंट भट्ठे, ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर भी पाबंदी लागू की जाती हैं। पुराने डीजल वाहनों पर रोक लग सकती है। क्लास 5 तक के स्कूलों में ऑफलाइन मोड की जगह ऑनलाइन मोड में पढ़ ाई के निर्देश दिए जा सकते हैं। वर्क फ्रॉम होम की नीति भी लागू की जा सकती है।

# राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को घुसपैठियों के वोट नहीं चाहिए- अमित शाह

सासाराम, 09 नवंबर। केन्द्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुये रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को घुसपैठियों का वोट नहीं चाहिए, राजग युवाओं तथा जीविका दीदियों के वोट से सरकार बनायेगी।

शाह ने रोहतास जिले में राजग प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा कि राजद नेता

■ **उन्होंने चुनाव रैली में कहा कि राजग, युवाओं और जीविका दीदियों के वोट से सरकार बनायेगी।**

तेजस्वी यादव और राहुल गांधी ने घुसपैठियों को वोट बैंक बनाया है। ये दोनों नेता घुसपैठिया कॉरिडोर बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले राहुल और तेजस्वी ने एक यात्रा निकाली थी। ये यात्रा राहुल-तेजस्वी ने घुसपैठियों को बचाने के लिए निकाली थी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में घुसपैठिए, हमारे युवाओं की नौकरियां छीन रहे हैं, गरीबों के हिस्से के राशन में अपना हिस्सा ले रहे हैं और साथ ही देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी राहुल और तेजस्वी जो करना चाहें, करने दें, वह आज सासाराम की धरती से यह कहकर जाते हैं कि राजग सरकार बिहार और देश से एक-एक घुसपैठिए को निकालेगी। उन्होंने कहा कि राजग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संक्षिप्त

### विशाल भंडारा कार्यक्रम आज

**देवली।** शहर के मुख्य बाजार स्थित छतरी चौराहे शिव मंदिर का नवीन जीर्णोद्धार होने के उपलक्ष पर सोमवार 10 नवंबर को अन्नकूट भंडारा का भव्य आयोजन होगा। शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रेमचंद माली ने जानकारी में बताया कि हाल ही में शिव मंदिर का जीर्णोद्धार नगर पालिका देवली के आर्थिक सहयोग से किया गया है। इसके तहत पहला अन्नकूट आयोजन सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि छतरी चौराहे स्थित मंदिर पर अन्नकूट भंडारे का यह आयोजन पहली मर्तबा किया जा रहा है। प्रेमचंद माली ने यह भी बताया कि यहां छतरी चौराहा स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर मंडल के तत्वावधान में सभी जन के सहयोग यह कार्यक्रम किया जा रहा है। आयोजन की तैयारी जारी है। इस कार्यक्रम में लगभग 5 हजार लोगों के लिए अन्नकूट भंडार की व्यवस्था रखी जा रही है। अन्नकूट प्रसाद का वितरण सोमवार को शाम 4:30 बजे से शुरू होगा और समापन तक जारी रहेगा।

### अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम पनियाला में भीषण अग्निकाण्ड की वजह से अनेकों किसानों की हजारों मण कड़बी जलकर स्वाहा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पनियाला में रविवार को अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई एवं आग की लपेटे धीरे-धीर इतनी बढ़ गई कि आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे आग पर काबू पाना बेहद मुष्किल हो गया। निकटवर्ती केषवाना रीको एरिया एवं कोटपूतली से अलग-अलग दो दमकलों ने पहुंचकर कड़ी मषक्कत करते हुये आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक अनेकों ग्रामीण किसानों की 01 हजार मण कड़बी जल चुकी थी। आगजनी की वजह से कृषक वीरसिंह, दयाराम, गोकुल चंद, मुकेष, जगमाल, कृष्ण, सांवतराम आदि किसानों की कड़बी जल गई।

### रमेश यादव बने यादव महासभा के जिलाध्यक्ष


**निवाई।** राजस्थान यादव अहीर महासभा के जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर यादव समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के पद पर चनानी सरपंच रमेशचन्द यादव मनोनीत किया गया। बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रमेश यादव का समाज के प्रबुद्धजनों ने माला एवं साफा बंधवाकर सम्मनित किया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष कजोडमल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राधाकृष्ण यादव, गंगाधर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष रामधन यादव, भंवरलाल यादव, राधेश्याम यादव सहित सैंकडों पदाधिकारी मौजूद थे।

### गैस रिसाव से घर में लगी आग

**निवाई।** गांव रहोली में स्थित रैगरो के मोहल्ले एक घर में गैस सिलेण्डर में गैस रिसाव होने से आग लग गई। जिसमें करीब 20 हजार रुपए की नकदी सहित खाने पीने का सामान जलकर राख हो गया। पीडिता ममता देवी पत्नि रामजीलाल रैगर के घर में अचानक गैस सिलेण्डर में रिसाव होने से आग लग गई जिसमें करीब 20 हजार रुपए की नकदी सहित खाने पीने का सामान, बिस्तर व कपडे जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर पड़ोसी दोडकर आए और आग बुझाने लगे जिससे आग पर काबू पाया गया।

### 'बच्चों मे संस्कार निर्माण अति आवश्यक'

**निवाई।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा विद्यार्थियों में उदारता, दया, सेवा, संस्कार व राष्ट्रीयता आदि भारतीय संस्कृति के मूल तत्व जागृत करने व सामान्य ज्ञान बढाने के उद्देश्य से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 5 से 12 वीं तक के करीब 7 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा के जिला संयोजक हीरालाल शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा संपूर्ण जिले में 96 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# वंदे मातरम् राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता का प्रतीक : नागर


''वंदेमातरम 150'' के जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन रविवार को कृषि ऑडिटोरियम में हुआ।

■ वंदेमातरम पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**टोंक।** राष्ट्रगीत वंदेमातरम के रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "वंदेमातरम 150" के जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन रविवार को कृषि ऑडिटोरियम में हुआ। इस अवसर पर उर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरा लाल नागर ने कहा कि वंदेमातरम राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता का प्रतीक है। यह हमारे अंदर राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं देश प्रेम की भावना को जागृत करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को एक सूत्र में बाधंने वाले राष्ट्र गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आज जन-जन गौरवांवित महसूस कर रहा है।

नागर ने कहा कि वंदेमातरम राष्ट्रगीत स्वतंत्रता की लड़ाई में प्रमुख अस्त्र एवं शस्त्र के रुप में स्वतंत्रता सेनानियों को जोश से भर देता था। उनकी कुर्बानियों के बारे में युवा पीढी को जानकारी हो यह हम सभी की जिम्मेदारी है। भारत का युवा देश का भविष्य है, और देश प्रेम राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने का आवाहन किया है। इसलिए देश के हर नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के निर्माण में भावी पीढ़ी अपनी महत्ती भूमिका अदा करें। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के ज्ञात एवं अज्ञात शहीदो को याद करते हुए उनके त्याग एवं बलिदान को नही भूलने पर जोर दिया। साथ ही कार्यक्रम में स्वदेशी अपनाने एवं नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई । इस दौरान जिला प्रमुख सरौज बंसल, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना, जिला अध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान समेत बड़ी संख्या में आमजन, स्थानीय जनप्रतिनिध, अधिकारी, कार्मिक एवं छात्र-छात्राए मौजूद रहें। मंच संचालन कवि प्रदीप पंवार ने किया।

इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के कम्यूनिटी थ्रेटर के युवा कलाकारों ने सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर वाहन चलाते समय हेलमेट के प्रयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए लघु नाटक का मंचन किया। साथ ही बांसुरी वादन एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। वही नागर ने जिला मुख्यालय के शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर जिले के शहीद सैनिकों को श्रद्धाजंलि दी।

इसी प्रकार सआदत अस्पताल में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में जिला प्रमुख सरोज बंसल एवं जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने रक्तदान कर रहे युवाओं को पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया। साथ ही युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीईओ परशुराम धानका, सीएमएचओ शैलेंद्र सिंह चौधरी, पीएमओ हनुमान प्रसाद बैरवा, पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश बंसल समेत चिकित्सा विभाग के अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

### अप्रेंटिसशिप मेला आज

**कोटपूतली।** कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित राजकीय औधोगिक प्रषिक्षण संस्थान (आईटीआई) में सोमवार 10 नवम्बर को प्रातः 10 से सायं 04 बजे तक कौशल नियोजन एवं उद्यिमता विभाग द्वारा प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला एवं जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 35 से अधिक निजी कंपनियां कक्षा 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक व बीटेक योग्यता रखने वाले युवाओं को रोजगार व अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करेंगी। कोटपूतली, नीमराणा, बहरोड़, भिवाड़ी, बावल, अलवर व नोएडा क्षेत्र के इच्छुक युवा इसमें भाग लेकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं। सहायक निदेशक कुंतल कुमार सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह होंगे, जबकि अध्यक्षता विधायक हंसराज पटेल द्वारा की जायेगी।

## चोरी की बाइक के साथ बाइक चोर गिरफ्तार


पुलिस ने आरोपी सम्माद पुत्र अमीनुल्लाह मुसलमान निवासी गोल सादिया मस्जिद के पास, फिरदौस नगर टोंक को गिरफ्तार किया।


**देवली ।** देवली थाना पुलिस ने सोमवार को चोरी की बाइक के साथ बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उक्त बाइक चोर से चोरी की बाइक बरामद कर ली है ।

थाना अधिकारी दौलत राम गुर्जर के अनुसार गत 7 नवंबर को शहर के तेली मोहल्ला निवासी राजेश साहू पुत्र चौथमल साहू ने थाने में रिपोर्ट देते हुए बताया था कि उसकी बाइक बस स्टैंड परिसर में भारत स्टूडियो के बाहर खड़ी थी। इस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने यहां से बाइक चोरी कर ली । उक्त बाइक चोरी के मामले में 7 नवंबर को दर्ज रिपोर्ट पर पुलिस की जांच पड़ताल करवाई में पुलिस को बाइक चोर तक पहुंचाने की सफलता मिल गई और इस कार्रवाई में पुलिस को बाइक चोर का पता चल गया। पुलिस के अनुसार बाइक चोर टोंक निवासी है। प्रकरण की जांच करते हुए पुलिस ने तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की और आरोपी सम्माद पुत्र अमीनुल्लाह मुसलमान निवासी गोल सादिया मस्जिद के पास, फिरदौस नगर टोंक को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने आरोपी से चुराई गई बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपनी नशे की लत और मौज मस्ती के खर्चों को पूरा करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करता था करता था।

### विद्यार्थियों को दिया कॉपी-पेन

**निवाई।** आशाराम गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने गरीब बस्तियों में लोगों को सर्दी से राहत प्रदान हेतु सेवा का कार्य करते हुए जरूरतमंद परिवारों में कम्बल, ऊनी वस्त्र, कपड़े, प्रसाद, नववर्ष कैलेंडर, आदर्श जीवन साहित्य व विद्यार्थियों को कॉपी-पेन का वितरण किया गया। समिति के किशोर गिडवानी, कैलाश चन्द, सुरेश जांगिड, रमेश जांगिड व अशोक लांगड़ी ने बताया कि सेवा कार्य को लेकर गांव सोहेला, वनस्थली चौराहा, लालवाडी व जयसिंहपुरा सहित कई स्थानों पर करीब 69 जरूरतमंद परिवारों के करीब साढे 300 लोगों को कम्बल, ऊनी वस्त्र, आदर्श जीवन साहित्य व विद्यार्थियों को कॉपी-पेन वितरित किए गए। इस दौरान सभी लोगों ने सेवा, सत्संग व संस्कार की भावना से समाज के हर कोने तक सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आशाराम गौशाला के सदस्य, योग वेदांत सेवा समिति सदस्य सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## श्री जगन्नाथ जी मंदिर में हुआ नव मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव


श्री जगन्नाथ जी, बलराम जी एवं सुभद्रा जी की रथ यात्रा निकाली।

■ भक्तिमय माहौल में निकली रथ यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

**कोटपूतली।** कस्बे के छोटा बाजार स्थित श्री जगन्नाथ जी मंदिर में रविवार को नव कलेवर (नव मूर्ति) प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारम्भ धार्मिक उत्साह व भक्ति भाव के वातावरण में हुआ। इस मौके पर प्रातः 07.15 बजे श्री गणेश पूजन एवं कलश पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत प्रातः 09.15 बजे श्री जगन्नाथ जी, बलराम जी एवं सुभद्रा जी की रथ यात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर वापस मंदिर परिसर पहुंची। रथ यात्रा के दौरान मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया। यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तगण जयकारों के साथ नाचते-गाते आगे बढ़े। नगर का माहौल पूर्णतः भक्तिमय हो गया। रथ यात्रा के दौरान कई स्थानों पर शीतल जल वितरण की व्यवस्था भी की गई। महिलाओं ने 251 कलशों के साथ यात्रा में सहभागिता निभाई, जिससे दृश्य अत्यंत मनमोहक बन गया। मंदिर महंत मुकलेश दीक्षित ने राहुल मेहता एवं ज्योत्सना शर्मा के द्वारा विधिवत पूजा करवाकर रथ यात्रा का शुभारंभ किया। सोमवार को प्रातः 07.15 बजे से पुनः नव मूर्तियों का पूजन, हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा विधिवत वैदिक विधि-विधान से यज्ञाचार्य पं. पारस महर्षि (जयपुर) द्वारा संपन्न कराया जायेगा। महंत मुकलेश दीक्षित ने बताया कि दोपहर 12.15 बजे भगवान के गर्भ गृह में स्थापना के बाद आरती होगी एवं महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थायें महंत मुकलेश दीक्षित के निर्देशन में मंदिर समिति द्वारा की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि नगरवासियों के सहयोग और उत्साह से यह महोत्सव भक्ति, श्रद्धा व संस्कृति का अद्भुत संगम बन गया हैं। इस दौरान कमल किशोर शर्मा, भाजपा नेता मुकेश गोयल, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेष महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, अशोक शर्मा, सुरेश शर्मा, मनीष शर्मा, विशाल शर्मा, अमन दीक्षित, आनंद दीक्षित, विकास दीक्षित, विकास सैन, बिल्लू सैनी, संजय सैनी, जयप्रकाश मोदी, संजय मोदी, दिनेश शर्मा, अमित सेहरा, किशन बंसल, दया शर्मा, पिंकी सैनी, बरखा दीक्षित, निधि शर्मा, लक्ष्मी देवी, रमेश मुनीम, मुरली सैनी, घड़सीराम सैनी, प्रमोद वशिष्ठ, नरेश टेलर, कुलदीप टेलर, रूपसिंह सैन, कैलाश सैन समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहें।

## भाजपाईयों ने किया लोकसभा अध्यक्ष बिरला का भव्य स्वागत

■ ओम बिरला ने आयोजित जिनेश्वर परमात्मा के पंचकल्याण महोत्सव में पधाकर वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर के दिव्य सानिध्य एवं आर्शीवाद लिया

**टोंक।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को मुख्यालय पर आयोजित जिनेश्वर परमात्मा के पंचकल्याण महोत्सव में पधाकर वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर के दिव्य सानिध्य एवं आर्शीवाद लिया।

इस दौरान ओम बिरला के साथ टोंक प्रभारी हीरालाल नागर उर्जा मंत्री का जिला प्रमुख सरोज बसंल व नरेश बसंल ने आतिशी बाजी एवं पुष्प वर्षा द्वारा उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बसंल, नरेश बसंल, चन्द्रवीर चौहान जिला अध्यक्ष भाजपा, फुलेता परिवार, अर्न्तराष्ट्रीय वैश्य संगठन, जिले के जनप्रतिनिधियों, जिला परिषद सदस्यो, पंचायत समिति सदस्यों, सरपंचों द्वारा 51 किलो की फूलो की माला से स्वागत किया गया। वही जिला प्रमुख व नरेश बसंल द्वारा बिरला को माला व साफा पहनाकर एवं भगवान राम की मूर्ति भेटकर की।

कार्यक्रम में बिरला ने कहा कि आज में अध्यात्मिक नगरी टोंक में वात्सल्य वारिधि वर्धमान सागर के दर्शन का मुझे अवसर मिलने पर मै बहुत भाग्यशाली हूँ। संगठन की दृष्टि से मुझे राजस्थान में आने जाने का अवसर मिलता रहता है, आज में वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन द्वारा एवं भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जो हमारे लिए गर्व का विषय है। वंदेमातरम ने हमे अंग्रेजो से आजादी दिलायी है, आज हम सब का एक ही संकल्प है इस देश को राष्ट्र आगे बढाना है।

भारत को आत्मनिर्भर बनाना भारत को विकसित बनाना इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। कडी मेहनत करनी होगी। इस समय भारत के लिए सबसे अच्छा अवसर है जब दुनिया में भारत आगे बढ रहा है। उस समय हम भी अपने कर्तव्य एवं दायित्व को निभाये। जिला प्रमुख सरोज बसंल ने कार्यक्रम में पधारे सभी आगुन्तको का कार्यक्रम में पधारने पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## एडीएम शहर की अगवाई में संयुक्त दल ने सड़कों का किया निरीक्षण


अधिकारियों के संयुक्त दल ने हसन का मेवात नगर के सामुदायिक भवन के आस-पास की सड़क का निरीक्षण किया।

■ सडक़ दुर्घटना रोकने हेतु संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर सडक़ सुरक्षा उपाय व गतिविधिया करने के निर्देशित किया

**अलवर।** सडक़ सुरक्षा अभियान के तहत जिला कलक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शहरबीना महावर की अगुवाई में सडक़ सुरक्षा से जुड़े हुए विभागों के अधिकारियों के संयुक्त दल ने आज हसन का मेवात नगर के सामुदायिक भवन के आस -पास की सडक़ का निरीक्षण किया।

निरीक्षण दल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कामले शरण गोपीनाथ, यूआईटी के भूमि आवाप्ति अधिकारी जितेंद्र सिंह नरूका, यूआईटी के अधीक्षण अभियंता तैयब खान,पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अभियंताअलका व्यास एवं शिवाजी पार्क थानाधिकारी विनोद सामरिया शामिल रहें।

दुर्घटना स्थल सडक़ के संयुक्त दल के द्वारा निरीक्षण के दौरान सडक़ सुरक्षा एवं सुगम यातायात के लिए हसन का सामुदायिक भवन के पास की सडक़ पर यूआईटी द्वारा डिवाइडर बनाने का कार्य के साथ रोड लाइट्स आदि भी आवश्यकतानुसार लगाई जावेगी। इसके साथ पीडब्लूडी द्वारा सडक़ पर स्पीड ब्रेकर व उस पर पेंट करने का कार्य,रबल स्ट्रिप स्पीड ब्रेकर तथा साइन बोर्ड लगाने का कार्य किया जावेगा।साथ ही शहर के अन्य सभी प्रमुख मार्गो पर सुगम व सुरक्षित यातायात हेतु संबंधित विभागों द्वारा समन्वय रखते हुए सुरक्षात्मक उपाय व कार्य किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को इसी जगह एक सडक़ दुर्घटना हुई थी। जिसको कलक्टर ने गंभीरता से लेते हुए आज सडक़ सुरक्षा से जुड़े विभागों का संयुक्त दल मौके पर भेजकर सुरक्षित यातायात के लिए निर्देशित किया है कि सुगम यातायात एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए सडक़ सुरक्षा से जुड़े सभी निदानात्मक कार्य तुरंत प्रभाव से किए जाए।इसके साथ ही उन्होंने सडक़ सुरक्षा अभियान के दौरान जिले व शहर के यातायात को सुगम व सुरक्षित बनाने व सडक़ दुर्घटना रोकने हेतु संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार सडक़ सिविल वर्क व सडक़ सुरक्षा उपाय व गतिविधिया करने के निर्देशित किया है।

### युवाओं ने सरोवर की सफाई का बीड़ा उठाया

**सांभरझील।** प्रदेश का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देवयानी सरोवर की विगत लंबे समय से पर्याप्त सफाई नहीं होने के कारण शनिवार को युवाओं की टीम ने इसका बीड़ा उठाया और नाव में बैठकर सरोवर मैं जमा गंदगी और कचरे को बाहर निकालने का काम शुरू किया। सरोवर में डाली गई खंडित मूर्तियां, पूजा सामग्री, नारियल, मालाएं, खाली प्लास्टिक के डिब्बे, बोतलें, काफी मात्रा में वस्त्र बाहर निकाले। सरोवर में जागेश्वर घाट के आसपास जमा काई को बड़े जाल की मदद से नाव में बैठकर निकाल गया। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद् के नगर अध्यक्ष दिनेश शर्मा, नगर मंत्री विकास शर्मा, नगर सहमंत्री पवन शर्मा, बजरंग दल संयोजक जॉनी चांवला, सह सयोजक मनीष साभरिया, धर्म प्रचार प्रमुख यश सोनी, गौ रक्षा प्रमुख लक्की साहू, मठ मन्दिर प्रमुख संजय दाधीच, प्रखंड मंत्री सुनील शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष नवल जांगिड़, प्रखंड धर्मचार्य प्रमुख दिनेश, जिला उपाध्यक्ष हीरा लाल तंवर, जतिन टेपन, जुगल दायमा सहित अनेक लोगो ने इस कार्य मे अपना सहयोग दिया।

## सार-समाचार

### सांभर में 2100 महिलाओं की कलश यात्रा बुधवार को

**सांभरझील।** सांभर में भू मलिक सुशील व मुकेश मालाकार द्वारा श्री श्याम मंदिर निर्माण के लिए करीब 50 लाख रुपए की दान की गई भूमि पर मंदिर निर्माण कार्य करीब करीब पूर्ण होने के बाद मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। बुधवार को 2100 महिलाओं की निकलने वाली कलश यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य खास मेहमान होंगे, वही प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में त्रिवेणी धाम के संत श्री श्री 1008 श्री खोजी जी द्वाराचार्य श्री राम रिछपाल दास जी महाराज व नागदा (मध्यप्रदेश) स्थित महामंडलेश्वर महंत श्री श्री 1008 नारायणदास जी महा त्यागी का सानिध्य प्राप्त होगा। 16 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा सुबह 12:15 बजे देव पूजन एवं देव प्राण प्रतिष्ठा, दोपहर सवा दो बजे पूर्ण आहुति एवं महा आरती, दोपहर 3:00 बजे से महाप्रसादी तथा शाम को 5:15 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन संध्या प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा दी जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा सांभर के पंडित हेमंत व्यास के सानिध्य में करीब 20-25 पंडितों की ओर से आयोजन होगा। यज्ञ मंडप में करीब 51 हवन वेदी में 200 के करीब यजमान आहुतियां देंगे। कलश यात्रा के दौरान मुख्य आकर्षण रामलला, काली माता और बाहुबली की जीवंत झांकियां खास होगी। श्याम रंगीला परिवार के सक्रिय सदस्य पंकज सिंघानिया व अध्यक्ष पर कुमार बताते हैं कि कलश यात्रा के दौरान 100 किलो से अधिक पुष्पों की वर्षा से अभिनंदन किया जाएगा।

### पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ का पुलिस अधीक्षक बनने पर किया सम्मान

**कोटपूतली।** कस्बा स्थित एक निजी होटल में रविवार को पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ का पुलिस अधीक्षक बनने पर स्वागत सम्मान किया गया। उल्लेखनीय हैं कि राठौड़ आरपीएस सेवाओं से आईपीएस सेवाओं में पदौन्नत होकर पुलिस अधीक्षक बने हैं, जो पूर्व में कोटपूतली में एएसपी के पद पर अपनी सेवायें दे चुके हैं। इस मौके पर राठौड़ का माला व साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत अभिनंदन भी किया गया। इस दौरान पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह शेखावत, एड. हेमंत सिंह शेखावत, हरिओम सिंह, सत्ताईसा राजपूत समाज संरक्षक हरिसिंह शेखावत, रामौतार सिंह शेखावत, नरपत सिंह शेखावत, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, राजवीर यादव, सीताराम शर्मा, सरपंच जगदीश यादव, रमेश हवलदार, राजेंद्र यादव, भरत सिंह, चरणजीत सिंह चौहान, रघुवीर सिंह खेलना, ओम सिंह पाथरेड़ी, महावीर सिंह, भीम सिंह, विजयपाल सिंह, रणजीत सिंह, शिम्भूदयाल गढ़वाल, महेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।

### वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सामूहिक विवाह सम्मेलन में की शिरकत

**अलवर ।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को अखिल राजस्थान जाटव महासभा समिति द्वारा आयोजित 15 जोड़ों के चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत कर नव विवाहित जोडो को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य व मंगलमय जीवन की कामना की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति का सहारा बन रहे हैं, ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार का दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश की हर बेटी, हर महिला न केवल आत्मनिर्भर बने, बल्कि समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। इसके लिए सरकार ने उनके कल्याण और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है, जिनका सीधा लाभ लाखों बालिकाओं और महिलाओं तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत युवती के विवाह के लिए 21 हजार से 51 हजार रुपए तक की सहायता दी जा रही है। उन्होंने अखिल राजस्थान जाटव महासभा समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन की सराहना की।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल सुनील दत्त शर्मा पुत्र स्व. श्री हरिदत्त शर्मा निवासी गायत्री ग्रीन सिटी, जामडोली आगरा रोड 302031 की पुत्री मानसी शर्मा उनके कहने में नहीं है एवं उसका व्यवहार व चाल चलन भी संदिग्ध है तथा ना ही उनके साथ निवास करती है, इसलिये मेरे मुवक्किल अपनी बेटी मानसी शर्मा को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते है। आज दिनांक से भविष्य में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि इससे कोई भी लेन देन का या किसी भी तरह का व्यवहार रखता है तो वो उसका स्वंय जिम्मेदार होगा। इसमें मेरे मुवक्किल की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।
नितिन मीणा, एडवोकेट, मो.-9983666680

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पहाड़िया, तहसील माधोराजपुरा, जिला जयपुर मे स्थित भूमि खसरा नंबर 1410/11 रकबा 7.08 हेक्टेयर को जमाबंदी मे वर्णित खातेदारों द्वारा संपूर्ण राशि प्राप्त कर दी राजहंस को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड (रजिस्टर्ड नं -1617/L) जयपुर को संपूर्ण भूमि समर्पित कर दी है, जिसपर क्रय करने की दिनांक से ही समिति व समिति के सदस्यों(भूखंड आवंटी)का कब्जा है, उक्त भूमि को दीगर व्यक्ति फर्जी तरीके से बेचने पर आमादा है। यदि कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि को क्रय करेगा किसी प्रकार का खरीद बेचान का इकरारनामा या अन्य कोई दस्तावेज निष्पादित कर पंजीबद्ध करवाएगा तो वह दस्तावेज शून्य व निष्प्रभावी होगा, जिसे कोई सर्वसाधारण ना खरीदे।
दी राजहंस को -ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड
जरिए अधिवक्ता-विपिन कुमार तूनवाल

**खोया पाया**

मेरे फ्लैट नम्बर 29/A-40, गोदावरी अपार्टमेंट, सैक्टर 29, प्रताप नगर, सांगानेर, का रिवाइज अलाटमेंट लेटर कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें- मधुकर शर्मा- 9413000079

मेरे भूखण्ड सं-79 JDA की योजना नैमी नगर जयपुर का मूल जे.डी.ए. पट्टा, वसीयत एवं समस्त मूल दस्तावेज कही गुम हो गये है! सूचित करे- धर्मान्शु सूद / रमेश चंद्र सूद मो- 9464540719

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक 8356 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक - 05/11/25
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 171/34 (HIG), (एरिया 290.70 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री भरत कुमार दीक्षित पुत्र स्व. श्री आर. डी. दीक्षित को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 586 दिनांक 05.05.2009 को जारी किया गया। श्री भरत कुमार दीक्षित के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 27.03.2010 को उप पंजीयक सांगानेर- प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री भरत कुमार दीक्षित द्वारा उक्त आवास को दिनांक 05.04.2010 के द्वारा 1. श्रीमती शिखा सक्सैना पत्नी श्री संजीव कुमार सक्सैना एवं 2. श्री संजीव कुमार सक्सैना पुत्र श्री चेतन प्रकाश सक्सैना को विक्रय कर उप पंजीयक- द्वितीय, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती शिखा सक्सैना की मृत्यु दिनांक 25.08.2024 को हो जाने के कारण पंजीकृत हकत्याग के आधार पर इनके पति श्री संजीव कुमार सक्सैना पुत्र श्री चेतन प्रकाश सक्सैना द्वारा उक्त आवास 1/2 हिस्से की स्वंय के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उकत आवास के हस्तान्तरण बावत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री संजीव कुमार सक्सैना पुत्र श्री चेतन प्रकाश सक्सैना का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैं, सं.जेसी 705075एन उप श्रीनिवास राव दिया आर/ओ एम.एच. जयपुर, सी/ओ 56 एपीओ ने अपनी मां का नाम रामनम्मा से बदलकर दिया रावनम्मा कर लिया है और जन्मतिथि 01.01.1957 है, कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जयपुर के समक्ष दिनांक 04.11.2025 को दिए गए शपथपत्र के अनुसार

मै, नं.जेसी 705075एन उप श्रीनिवास राव दिया आर/ओ एम.एच. जयपुर, सी/ओ 56 एपीओ ने अपने पिता का नाम सैदैया से बदलकर दिया सैदैया कर लिया है और जन्मतिथि 01.01.1947 है, कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जयपुर के समक्ष दिनांक 04.11.2025 को दिए गए शपथपत्र के अनुसार

I, Lokesh Pandiya, resident of Village Udsar Lodera, Tehsil Sardarshahar, District Churu, Rajasthan, my father's name has been written as Gajanand BPandiya in my 10th class marksheet, whereas his correct name is Gajanand Pandiya. "Both names refer to the same person."Henceforth, my father's correct name should be treated as Gajanand Pandiya for all official purposes.

**हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्याँक 4
न्यायालयः एस.डी.ओ. साहब, स्थान - हिंडौन सिटी
घनश्याम विरुद्ध चौबे लाल
वाद / प्रार्थना पत्रः 251 (क)
प्रार्थना पत्र संख्याः 55/22
1. चौबे लाल पुत्र भरोसी जाति मीना, 2. लक्ष्मीनारायण पुत्र भरोसी जाति मीना, 3. हरीराम पुत्र भरोसी जाति मीना, 4. सोनबाई पत्नी कजोड़ी जाति मीना, 5. अमृतलाल पुत्र छोट्चया जाति मीना, 6. कड़ी देवी पत्नी छोट्चया जाति मीना, 7. कमर भाई पुत्री दिल्लू जाति मीना, 8. कल्लाराम पुत्र छोट्चया जाति मीना, 9. किशनी पत्नी भौगा जाति मीना, 10. गिर्राज प्रसाद पुत्र भौगा जाति मीना, 11. घासी राम पुत्र छोट्चया जाति मीना, 12. जोहरी पुत्र कन्हैया जाति मीना, 13. प्रकाशी पुत्री दिल्लू जाति मीना, 14. प्रमुख लाल पुत्र छोट्चया जाति मीना, 15. बाबू पुत्र दिल्लू जाति मीना, 16. भगवंती पुत्री छोट्चया जाति मीना, 17. मगन वाई पुत्री छोट्चया जाति मीना 18. मुरारी पुत्र दिल्लू जाति मीना, 19. मोतीलाल पुत्र इंदर जाति मीना, 20. राधेश्याम पुत्र दिल्लू जाति मीना, 21. रामसिंह पुत्र भौगा जाति मीना, 22. श्रीमन पुत्र कन्हैया जाति मीना, 23. शांति पुत्री दिल्लू जाति मीना, 24. शिवलाल पुत्र छोट्चया जाति मीना, 25. सुरेश पुत्र भौगा जाति मीना, 26. हजारी पुत्र भौगा जाति मीना, 27. हीरालाल पुत्र भौगा जाति मीना, 28. कमलेश पुत्र रंगलाल जाति मीना, 29. मनहोरी पुत्र रंगलाल जाति मीना, 30. राम सहाय पुत्र रंगलाल जाति मीना, 31. प्रकाश पुत्र लटूर जाति मीना, 32. रामनारायण पुत्र लटूर जाति मीना, 33. मीठ्या पुत्र विशन्या जाति मीना, 34. रामकेश पुत्र भजनी जाति मीना, 35. रामकिशन पुत्र भजनी जाति मीना, 36. राम सहाय पुत्र जगन जाति मीना, 37. लोहड़े पुत्र विशन्या जाति मीना, सभी निवासी-निवासी सनेट का पुरा, तहसील श्री महावीर जी, जिला- करौली तथाः तहसीलदार, तहसील हिंडौन सिटी, हाल श्री महावीर जी, जिला करौली, राजस्थान
उक्त ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदक के विरुद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 5 माह 12 वर्ष 2025 को प्रातः 10:00 बजे (पूर्वाह्) स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा, जिसे सम्यक रूप से अनुदेशित किया गया हो, उपस्थित हों।
यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे, तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज तारीख 3 माह 11 वर्ष 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर आज्ञा से-रीडर, उपखण्ड अधिकारी हिंडौन सिटी, जिला - करौली


# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में लायन सफारी बनी आकर्षण का केन्द्र

## रविवार को 2557 पर्यटकों ने लायन सफारी का रोमांचक अनुभव लिया

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर स्थित नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रविवार को पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुहावने मौसम और अवकाश के दिन का उत्साह सैलानियों को प्रकृति की गोद में खींच लाया। कुल 2 हजार 557 पर्यटकों ने उद्यान का भ्रमण कर वन्यजीवों का नजदीक से अवलोकन किया।

सहायक वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि लायन सफारी पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण बनी रही। इस दौरान 269 पर्यटकों ने लायन सफारी का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया और एशियाटिक लायन की चंचल अदाओं को देखकर उत्साहित हुए।

■ **व्हाइट टाइगर भी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा**


सुहावने मौसम और रविवार की छुट्टी के दिन नाहरगढ़ जैविक उद्यान में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी।

इन दिनों नाहरगढ़ जैविक उद्यान जयपुरवासियों और बाहरी पर्यटकों के लिए बड़ा आकर्षण बना हुआ है। इसके साथ ही व्हाइट टाइगर भी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। शहर के मध्य में हरियाली और वन्यजीवों का यह अनूठा संगम पर्यटकों को पारिवारिक सैर और रोमांच का शानदार अनुभव प्रदान कर रहा है।

मुख्य वन संरक्षक डॉ. टी. मोहनराज के निर्देशन में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं और प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लायन सफारी गेट एवं बस ड्राइवरों को वायरलेस सेट उपलब्ध कराए गए हैं। डीसीएफ विजयपाल सिंह एवं एसीएफ देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने रविवार को स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पर्यटकों की सुरक्षा एवं वाहन सुविधा के कार्य में राजाराम मीणा, सोनू मीणा, कैलाश, सहायक वनपाल हंसा देवी, सरिता चौधरी, उमेश वशिष्ठ, निर्मला देवी और भंवर सिंह आगला ने उत्कृष्ट योगदान दिया।

## प्रेम जाल में फंसाकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर**। बगरू इलाके में रहने वाली युवती को शातिर बदमाश ने अपने प्रेम जाल में फंसाया और धूमाने का झांसा देकर अजमेर ले गया। वहां पर शातिर बदमाश ने युवती के अकेलेपन का फायदा उठाते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने शादी का झांसा दिया।

कई महीनों बाद युवती ने आरोपी पर शादी का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद पीड़िता ने बगरु थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। लेकिन सीमा क्षेत्र की लड़ाई के चलते पुलिस ने जीरों नंबर की एफआईआर दर्ज कर इसकी जांच अजमेर के किश्चयनगंज थाने के सुपुर्द कर दी। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली 27 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज कराया है कि कुछ समय पहले ही आरोपी से उसकी मुलाकात हुई थी। जिसके बाद वो एक दुसरे से मोबाइल पर बातचीत करने लग गए और आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया और जुलाई - 2025 में मिलने का झांसा देकर अजमेर ले गया और किराए के फ्लैट पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने जल्द ही शादी करने का झांसा दिया। काफी समय बाद युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया।

जिसके बाद पीड़िता ने मामले की जानकारी बगरु थाना पुलिस को दी। बयानों के आधार पर पुलिस ने जीरो नंबर की एफआईआर दर्ज कर इसकी जांच क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस के सुपुर्द कर दी।

# वार्ड 48 को मिली 76 लाख रु. के विकास कार्यों की सौगात

## इस प्रोजेक्ट में 15 कॉलोनियों से जुड़ी गली नंबर 5 में सीसी रोड व इंटरलॉकिंग टाइल्स तथा सिरसी रोड पर दो हाईमास्क लाइटें लगेंगी

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर निगम के वार्ड 48 की पार्षद कुमकुम शक्तावत ने बोर्ड कार्यकाल खत्म होने के 1 दिन पहले शनिवार को 76 लाख रु. के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। भाजपा नेता शक्ति सिंह मानपुरा ने बताया कि कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ और ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के सहयोग से वार्ड 48 में पिछले 5 साल लगातार विकास कार्यों की बहार रही। कार्यकाल के अंतिम पडाव में भी लोगों की जनसमस्याओं को देखते हुए 76 लाख रु. के विकास कार्यों की सौगात दी गई है।

शक्ति सिंह मानपुरा ने बताया कि सिरसी रोड पर गली नंबर 5 लिंक रोड है, यह कम से कम 15 कॉलोनियों को आपस में जोड़ती है। पार्षद कुमकुम शक्तावत ने इस मुख्य रोड पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाने के लिए बजट स्वीकृत करवाया है। इससे अमर नगर, जनक विहार, रघुनाथ विहार, तीजा नगर और ब्रजराज एन्क्लेव समेत यहां की अन्य कॉलोनियों के लोगों को फायदा मिलेगा। इस प्रोजेक्ट में मुख्य सिरसी रोड से 500 मीटर दूरी तक सीमेंटेड रोड तथा साइड में इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य होगा। इसके साथ ही 2 मिनी हाई मास्ट लाइट लगाई जाएंगी।



ग्रेटर निगम के वार्ड 48 की पार्षद कुमकुम शक्तावत और भाजपा नेता शक्ति सिंह मानपुरा ने शनिवार को 76 लाख रु. के विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

इनमें से एक लाइट 21 नंबर बस स्टैंड सिरसी रोड तथा दूसरी हाई मास्क लाइट नगर चौराहे पर रिलायंस फ्रेश के सामने कनकपुरा रोड पर लगाई जाएगी। शनिवार को विकास कार्यों के शिलान्यास के मौके पर जगदीश सिंह साँवली, विक्रम सिंह बैमोठ, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह, कर्नल रामसिंह, रामावतार सिंह जोधा, अशोक यादव, मदन सिंह बेरी, सीताराम सिंह दिवराला, उदय सिंह तंवर, विष्णु अग्रवाल, कल्याण सिंह खींवासर, हरिकिशन शर्मा, नंद सिंह राणावत, नरेंद्र सिंह लालपूरा, अजय सिंह चौहान, वासुदेव रोचवानी, जनक सिंह गुड्डा, हनुमान सहाय शर्मा, कैप्टन रघवीर सिंह, गणपत सिंह डूकिया, वीरेन्द्र सिंह चंवरा, कृष्णा उपाध्याय, नरेंद्र सिंह आकोदा, राकेश बेरीवाल राठौड़ समेत कई लोग मौजूद थे।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार करने की धमकी देकर बदमाशों ने किया डिजिटल अरेस्ट

## सी.बी.आई. का डर दिखाकर बुजुर्ग से 37.52 लाख रुपए ऐंठ लिए

**जयपुर**। करणी विहार थाना इलाके में सीबीआई का डर दिखाकर एक 74 वर्षीय बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 37.52 लाख रुपए की साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि साइबर अपराधियों ने बुजुर्ग को सीबीआई अधिकारी बनकर अलग-अलग नंबरों से कई फोन किए और उनके नाम जारी सिम के आधार पर दो करोड़ रुपए का फर्जी ट्रांजेक्शन होने की बात कहकर उन्हें और पत्नी को गिरफ्तार करने की धमकी दी। पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर मुकदमा दर्ज पड़ताल में जुटी है।

थानाधिकारी हवासिंह ने बताया कि बुजुर्ग ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके पास 9 अक्टूबर 2025 से अलग-अलग नंबरों से फोन करने वालों ने कहा कि उनके आधार कार्ड से जारी एक सिम के जरिए बैंक खाता खुलवाया गया है। जिसमें 2 करोड़ रुपए का संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुआ है। साइबर अपराधियों ने इसे लेकर सीबीआई में

■ **बदमाशों ने पीड़ित को दो करोड़ रु. का फर्जी ट्रांजेक्शन होने की बात कहते हुए गिरफ्तार करने की धमकी दी थी**

मुकदमा दर्ज होने और बुजुर्ग व उनकी पत्नी को मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार करने की भी धमकी दी। गिरफ्तारी से बचने और केस रफा-दफा करने के लिए उन्होंने रुपए की मांग की। जिस पर फोन करने वालों ने अलग-अलग माध्यम से कुल 37 लाख 52 हजार 500 रुपए अलग-अलग खातों में जमा करवाए। जब उन्हें पता चला कि उन्हें डिजिटली अरेस्ट कर साइबर ठगी की वारदात हुई है तो वह थाने में अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग ने मोबाइल नंबर और बैंक अकाउंट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# काव्य संकलन 'व्हेन गॉड्स डोंट मैटर' का हुआ विमोचन

## जयपुर के पब्लिसिस्ट और कवि, जगदीप सिंह द्वारा लिखित है पुस्तक

**जयपुर** (कासं)। समकालीन कविताएं आज के समय की सोच, भावनाओं और अनुभवों की सच्ची अभिव्यक्ति हैं। इन पर किसी विषय, शैली या परंपरा की कोई बाध्यता नहीं होती। कवि अपने विचारों को पूर्ण स्वतंत्रता के साथ प्रस्तुत कर सकता है। यह स्वतंत्रता ही समकालीन कविता की सबसे बड़ी विशेषता है, जहां प्रेम, समाज, रोज़मर्रा की ज़िंदगी या व्यक्तिगत अनुभव जैसे किसी भी विषय पर कविता लिखी जा सकती है। यह बात जयपुर के पब्लिसिस्ट और कवि, जगदीप सिंह ने होटल क्लार्क्स आमेर में अपनी दूसरी कविता संकलन 'व्हेन गॉड्स डोंट मैटर' के विमोचन के दौरान कही। उन्होंने अपने काव्य संग्रह पर कवि, लेखक और एज्युकेटर, सौम्या कुलश्रेष्ठ के साथ चर्चा की।

पुस्तक का विमोचन प्रसिद्ध लेखक और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य, तिलक दिवेशर; मेयो कॉलेज के पूर्व अंग्रेजी शिक्षक, सुरेश माथुर; क्लार्क्स ग्रुप ऑफ़ होटल्स के प्रबंध निदेशक, अपूर्व कुमार; मोडरेटर, सौम्या कुलश्रेष्ठ और कवि, जगदीप सिंह द्वारा किया गया।

■ **समकालीन कविताएं बिना किसी बंदिश के स्वतंत्र अभिव्यक्ति का माध्यम है : जगदीप सिंह**


जयपुर के पब्लिसिस्ट और कवि, जगदीप सिंह की पुस्तक का विमोचन प्रसिद्ध लेखक और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य, तिलक दिवेशर, मेयो कॉलेज के पूर्व अंग्रेजी शिक्षक, सुरेश माथुर, क्लार्क्स ग्रुप ऑफ़ होटल्स के प्रबंध निदेशक अपूर्व कुमार तथ्सस मोडरेटर सौम्या कुलश्रेष्ठ ने किया।

कवि जगदीप ने सत्र के दौरान बताया कि साहित्यिक और फिलॉसॉफिकल प्रभावों से सजी ये कविताएं टी.एस. एलियट, डब्ल्यू.बी. येट्स, सिल्विया प्लाथ, जेम्स जॉयस, एस.टी. कोलरिज और ज्यां-पाल सार्त्र जैसे प्रतिष्ठित लेखकों और विचारकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित करती हैं। ये कविताएं विशेषकर टी.एस. एलियट और सिल्विया प्लाथ की जीवन से काफी प्रेरित हैं। उन्होंने पुस्तक के शीर्षक व्हेन गॉड्स डोंट मैटर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह अपने आप में ही विचारोत्तेजक है और पाठकों को जरूर असमंजस में डाल सकता है, परंतु इस शीर्षक में छिपा अर्थ काफी गहरा है। यह भगवान के प्रति विश्वास पर शंका नहीं, बल्कि एक बेहद भावनात्मक और जीवन में घटित कुछ निराश करने वाली परिस्थितियों की अभिव्यक्ति है। दिल्ली के हवाकाल पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित यह संकलन चार वर्षों की अवधि में लिखा गया एक काव्य-संग्रह है, जिसमें 50 फ्री-वर्स कविताएं शामिल हैं। ये कविताएं कवि के जीवन के गहन व्यक्तिगत और सांसारिक अनुभवों जैसे की कोविड काल की व्यथा से लेकर अधूरी प्रेम कहानियां, नॉस्टेलजिया, रोज़मर्रा की ज़िंदगी की वास्तविकताओं को चित्रित करती हैं। पुस्तक में द मॉर्निंग प्रेयर, वी विल ब्रीद, दैट्स ऑल !, 'हॉकिंग लव', 'माय कर्स', 'लाइफ', 'यू' और 'आई एम डूइंग फाइन' जैसी विविध विषयों पर आधारित कई दिलचस्प कविताएं हैं। चर्चा के बाद प्रश्न-उत्तर का राउंड हुआ, जिसमें श्रोताओं ने बड़ी संख्या में प्रश्न पूछे। इस कार्यक्रम में साहित्य, पुस्तक प्रेमी और जयपुर के कई जाने-माने लोग शामिल हुए।

## सार-समाचार

### हाइट बैरियर दे रहा हादसों को न्यौता



**जयपुर** (कासं)। जयपुर के 22 गोदाम इलाके में करतारपुरा रेलवे अंडर क्रॉसिंग पर बना हुआ हाइट बैरियर अब हादसों को न्यौता दे रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता राजीव महर्षि ने बताया कि यहां पर हाइट बैरियर लगाया गया था, ताकि बड़े वाहन और ट्रक इस क्षेत्र में नहीं घुसे। पिछले 5 दिन से किसी ट्रक की टक्कर के कारण यह बैरियर क्षतिग्रस्त होकर लटक गया है और गिरने की स्थिति में है। इस मार्ग से आये दिन हजारों लोग गुजरते हैं, परंतु सरकारी महकमे इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। यह क्षतिग्रस्त बैरियर इस स्थिति में है कि कभी भी नीचे गिर सकता है। इस कारण यहां से गुजरने वाले लोगों पर हर वक्त संकट बना हुआ है।

### चित्रकार चन्द्रप्रकाश गुप्ता सम्मानित




**जयपुर**। इंटरनेशनल इंडस्ट्री इंस्टीट्यूशनल मीट-2025 के दौरान यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) जयपुर द्वारा प्रसिद्ध चित्रकार चन्द्रप्रकाश गुप्ता को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उन्हें "आउटस्टेंडिंग कॉंट्रीब्यूशन टू विजुअल आर्ट्स" अवॉर्ड प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि चित्रकार गुप्ता पिछले 27 वर्षों से राजस्थान के शहीद सैनिकों के तैल चित्र बनाकर उनके परिवारों को गांव-ढाणी पहुंचकर भेंट करते आ रहे हैं। गुप्ता अभी तक 400 से अधिक तैल चित्र भेंट कर चुके हैं। उनकी इस समर्पण भावना और कला के प्रति निष्ठा ने उन्हें राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहचान भी दिलाई है।

### आर्ट क्यूरेटर विजेन्द्र बंसल का सम्मान

**जयपुर**। जयपुर के प्रसिद्ध कला क्यूरेटर और संग्राहक विजेन्द्र बंसल को आईपी फीस्ट 4.0 में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। यह विशेष आयोजन सफीर आनंद द्वारा क्यूरेट किया गया। दर्शनम् और आईसीए गैलरी के प्रमुख विजेन्द्र बंसल ने अपने विचारपूर्ण संबोधन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें उन्होंने भारतीय कला जगत की नई चुनौतियों और उभरते आयामों पर प्रकाश डालते हुए नवाचार, प्रामाणिकता और बौद्धिक संपदा को आधुनिक कला के स्तंभ बताया। कला उद्योग में उनके विशिष्ट योगदान और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें इस अवसर पर सम्मानित किया गया, जो भारतीय कला और कलाकारों के संरक्षण के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। इस विशेष शाम में मनीष मल्होत्रा, शबाना आज़मी, और निखिल नंदा जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम का समापन हर्गुन कौर, अनिरुद्ध सुस्वरम, और प्रसिद्ध रॉक बैंड इंडियन ओशन की सुमधुर प्रस्तुतियों के साथ हुआ।

### "पत्रकार माणक चंद" के नाम पर मार्ग

**जयपुर**। मालवीय नगर के वॉर्ड 131 में पाथेय भवन की सड़क को अब "पत्रकार माणक चंद मार्ग" के नाम से जाना जाएगा। विधायक काली चरण सराफ, महापौर सौम्या गुर्जर एवं पार्षद गोविंद छीपा ने इसकी दिशा सूचक पट्टिका का अनावरण किया। माणक चंद लंबे समय तक संघ प्रचारक रहे। बाद में उन्होंने संघ के मुख पत्र पाथेय कण का संपादन किया। इसी कार्यक्रम में पार्षद छीपा ने अपने 5 वर्षों में किए गए कार्यों को भी जनता के सामने रखा। विधायक और महापौर ने इसका लोकार्पण किया। पार्षद ने कहा कि जन प्रतिनिधि का सामाजिक अंकेक्षण स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर प्रो नंद किशोर पांडे, ओम प्रकाश, श्याम सिंह, राम स्वरूप अग्रवाल, सन्नी कपूर, अर्चना सुराणा, हरीश खड़िया, शोभल सिंह, वर्तिका सेन आदि अनेक गणमान्य नागरिक और आमजन मौजूद रहे।

### लापरवाही बरतने बीएलओ निलंबित

**जयपुर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में संचालित मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की गई है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, विधानसभा क्षेत्र सांगानेर विकास प्रजापत द्वारा बीएलओ नाथूलाल मीणा को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही सुपरवाइजर भवनिष्ठ अवस्थी तथा बीएलओ सोनू लखेरा, सांवरिया पोसवाल एवं धनश्री गढ़वाल के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कार्मिकों को सख्त हिदायत दी है कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील और जिम्मेदारी पूर्ण है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# महापौर ने की विकास कार्यों पर चर्चा

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने रविवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महापौर ने विकास कार्यों, स्वच्छता जीवीपी पॉइंट के सौंदर्यकरण के बारे में एक-एक कर सभी अधिकारियों से जानकारी ली साथ ही कहा कि शहर को स्वच्छ रखना हमारे लिए प्राथमिक कर्तव्य है इसके लिए सामूहिक प्रयास होने चाहिए। जीवीपी पॉइंट को क्लीन कर उनका सौंदर्यकरण करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, जोन एवं मुख्यालय उपायुक्त, जोन स्तर के अधिशाषी अभियन्ता मौजूद रहे।


महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने रविवार को ग्रेटर निगम मुख्यालय में बैठक के बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कदम्ब का पेड़ लगाया।

महापौर ने कहा कि जयपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 में टॉप 3 में लाना इस बार का लक्ष्य होना चाहिए इसी के साथ महापौर ने डबल बेसमेंट पार्किंग, स्पोर्ट्स ऐकेडमी, यू एल बी क्लब सहित अन्य प्रगतिरत कार्यों के बारे में सभी जोन अधिशाषी अभियन्ताओं से विस्तृत चर्चा की तथा कार्यो को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर महापौर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये तथा एक पेड़ मॉं के नाम के तहत कदम्ब का पेड़ जनप्रतिनिधियों व समिति चेयरमैनों के साथ मिलकर लगाया।

## आध्यात्मिक गुरू रविशंकर 14 को आएंगे जयपुर

**जयपुर**। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु एवं शांति दूत गुरुदेव रविशंकर आगामी चौदह नवम्बर 2025 को गुलाबी नगरी जयपुर पधार रहे हैं। उनकी इस विशेष यात्रा के अवसर पर राजस्थान युवा बोर्ड (राजस्थान सरकार) एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में उत्साह - एक युवा संगम नामक भव्य कार्यक्रम होगा। यह आयोजन युवाओं में सकारात्मक सोच, जीवन मूल्यों और आत्म-विकास को प्रेरित करने वाला एक अद्वितीय मंच होगा। गुरुदेव रविशंकर के सान्निध्य में ध्यान, संगीत और प्रेरणादायक संवाद का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप से 184 देशों में लाइव स्ट्रीमिंग और प्रमुख प्रिंट व डिजिटल मीडिया में विशेष कवरेज के साथ प्रसारित होगा। इस अवसर पर 1 लाख युवा नशा-मुक्त जीवन शैली की प्रतिज्ञा लेंगे।

# खोले के हनुमानजी मंदिर में 1.75 लाख श्रद्धालुओं ने जीमीं प्रसादी

**जयपुर**। दिल्ली रोड स्थित खोले के हनुमान जी मंदिर में रविवार को 65वॉ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ। रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 अन्नकूट महोत्सव प्रारंभ हुआ और देर रात 11 बजे तक जारी रहा। इस अन्नकूट महोत्सव में सर्व समाज के श्रद्धालु शामिल हुए। अन्नकूट प्रसादी व 56 व्यंजनों का सर्वप्रथम लक्ष्मण डूंगरी के शिखर पर विराजे श्री राम, हनुमान जी, अन्नपूर्णा, गायत्री व माता वैष्णो, द्वादश ज्योतिर्लिंग सहित खोले के सभी देवालयों में भोग लगाया गया। श्री न र व र आश्रम सेवा समिति (प्रन्यास) के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि खोले के हनुमानजी के मंदिर में 65वें अन्नकूट समारोह में 1.75 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। ब्रह्मलीन बाबा राधेलाल जी चौबे की स्थापित परंपराओं के अनुसार जात-पात, छोटे-बड़े और अधिकारी कर्मचारी राजनेता सभी एक ही पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण करते है। धर्म एवं जाति भेदभाव रहित व्यवस्था के कारण ही अन्नकूट का यह आयोजन जयपुर ही नहीं पूरे राजस्थान में एक मिसाल माना जाता है। वर्ष 2017 में सीमित समय में 1.25 लाख भक्तजनों द्वारा अनुशासित प्रसादी ग्रहण करने का कीर्तिमान गोल्डन बुक्स ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका है। इस बार पौने 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने यहां प्रसादी पाकर नया कीर्तिमान बनाया है।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक ओमजी रावत ने बताया कि अन्नकूट में मूंग, चौला, बाजरा, चावल, गडमढ सब्जी, कढ़ी के साथ ही हलवा और भुजिए भी प्रसादी में शामिल की गई। उन्होंने बताया कि 59 वर्ष पूर्व मात्र 2.5 किलोग्राम अन्न के साथ खोले के हनुमान जी में अन्नकूट उत्सव की शुरुआत हुई थी, जो पिछले कुछ वर्षों से लक्खी अन्नकूट में बदल गया है।

# सम्मेलन में दिव्यांगजनों के अधिकारों पर चर्चा

**जयपुर**। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के संयुक्त तत्वावधान में "सशक्तीकरण क्षमताएँ- दिव्यांगजनों के अधिकारों को आगे बढ़ाने" के विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 7 व 8 नवम्बर को एक्स-ऑडिटोरियम, सेंट जेवियर्स कॉलेज परिसर जयपुर में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विजया भारती सयानी, सदस्य, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग रही। उन्होंने कहा कि यह आयोजन दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और अधिकारों के संवर्धन की दिशा में एक सार्थक पहल है जो समाज में संवेदनशीलता और समान अवसरों की भावना को मजबूत करते हैं। ट्रस्ट अध्यक्ष से.नि. आईएएस एन.एल.वर्मा ने बताया कि यह सम्मेलन दिव्यांग अधिकारों की दिशा में जागरूकता एवं समावेशी समाज निर्माण का एक ऐतिहासिक प्रयास सिद्ध हुआ। सम्मेलन में सवाई सिंह, अध्यक्ष राजस्थान समग्र सेवा संघ, एस. एस. बिस्सा, आईएएस मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जयपुर फुट, नीरज मधुकर निदेशक, कंपोजिट रिहैबिलिटेशन सेंटर, भारत सरकार, डॉ. सुमन मौर्य - सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, राजस्थान विवि., हेमन्तभाई गोयल - दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ता व राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई वक्ता शामिल हुए।

# बच्चों ने दिया भिक्षावृत्ति रोकथाम का संदेश

**जयपुर**। विधिक सेवा दिवस के अवसर पर भिक्षावृत्ति रोकथाम विषय पर पुलिस बल तथा बाल बसेरा टाबर गृह के सहयोग से विशेष नुक्कड नाटक कार्यक्रम हुआ। यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा किया गया। नुक्कड नाटक का मुख्य विषय भिक्षावृत्ति रोकथाम रहा।

कार्यक्रम का आयोजन गोविन्ददेवजी मंदिर परिसर एवं हवामहल के आस-पास क्षेत्र में किया गया। विधिक सेवा दिवस के अवसर पर 9 से 11 नवंबर तक तीन दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है।


जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर की ओर से हवामहल के सामने भिक्षावृति रोकथाम कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि आर्थिक अथवा सामाजिक कारणों से भिक्षावृत्ति में संलिप्त व्यक्तियों को विधिक साक्षरता तथा पुनर्वास के प्रयासों की जानकारी देने के लिए विभिन्न स्थानों पर नुक्कड नाटक का आयोजन किया जा रहा है। पल्लवी शर्मा ने बताया कि पुलिस के सहयोग से भिक्षावृत्ति में संलिप्त पाये जाने वाले व्यक्तियों को पुनर्वास हेतु पहल संस्था में भिजवाया जावेगा तथा आवश्यक विधिक सहायता प्रदान की जावेगी। कार्यक्रम में देवी सहाय अति. पुलिस उपायुक्त (उत्तर) महिला सेल जयपुर एवं सुलेश चौधरी अति. पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) जयपुर का सहयोग रहा। इस मौके परबाल कल्याण समिति की अध्यक्ष शीला सैनी एवं बाल कल्याण समिति की सदस्य शान्ति भटनागर मौजूद रही।

# ARBIT
it happens here...

राष्ट्रदूत
MONDAY
10 November 2025
A-B




## The Fall of the Berlin Wall: A New Era of Freedom

On November 10, 1989, the Berlin Wall's gates continued to come down, following the historic announcement of its opening the previous day. Erected in 1961, the Wall had long symbolized the deep divide between East and West Germany and the broader tensions of the Cold War. Its dismantling marked not just the physical reunification of the city, but also the symbolic end of decades of ideological separation. Crowds of jubilant citizens celebrated together, chipping away at concrete barriers and embracing newfound freedom. The fall of the Wall remains a powerful testament to hope, unity, and the triumph of liberty over division.

#CRAFTSMANSHIP

## A Golden Legacy

The Roman-Egyptian Bracelet of the Metropolitan Museum of Art



Nestled within the treasures of the Metropolitan Museum of Art in New York City lies a remarkable artifact that bridges two great civilizations, Egypt and Rome. Dating back over 2,000 years, this exquisite gold bracelet offers more than just aesthetic beauty; it tells a story of cultural fusion, mythology, and ancient craftsmanship.

### A Glimpse into the Roman Period of Egypt

This bracelet is attributed to the Roman Period of Egypt, a time when Roman influence merged with ancient Egyptian traditions to create unique forms of art and symbolism. Following Egypt's annexation by Rome in 30 BCE, the region became a melting pot of Greco-Roman and Egyptian religious, artistic, and cultural elements.

The bracelet, delicately crafted from gold, is a testament to this fusion.

### Symbolism in Design: Serpents and Deities

At the heart of the bracelet's design are two intertwined snakes, forming what is known as a Herakles knot (also called the 'Hercules knot'). In antiquity, this knot symbolized strength and protection, and was often used in amulets and healing rituals. Its presence here not only showcases Greco-Roman influence but also hints at its protective, possibly magical function.

The serpents represent Agathodaimon and Thermouthis, spiritual beings associated with fertility, protection, and prosperity. Agathodaimon, a Greek serpent spirit, was revered as a guardian of households and fields, while Thermouthis (also known as Renenutet in Egyptian mythology) was a cobra goddess linked to nourishment and abundance.

Between these serpents stand Isis-Tyche and Aphrodite, goddesses representing powerful forces of fate, love, and fortune. Isis-Tyche combines the Egyptian mother goddess Isis with the Greek personification of luck, Tyche, a potent symbol of divine favor and fortune. Aphrodite, the Greek goddess of love and beauty, further emphasizes the bracelet's themes of attraction, fertility, and sacred femininity.

This combination of symbols not only decorated the wearer, but likely served as a talisman, imbuing them with protection, favor from the gods, and perhaps even magical power.

### Dimensions and Craftsmanship

Despite its age, the bracelet's craftsmanship remains striking. Measuring just 3.9 × 5.6 × 5 cm (1.6 × 2.2 × 1.9 in), the piece is small enough to be worn with ease but large enough to display its intricate details. The use of high-quality gold and the precision with which the figures are shaped and positioned speak to the advanced metallurgy and artistic sophistication of Roman-Egyptian artisans.

### A Historic Acquisition

The bracelet's modern history is nearly as fascinating as its ancient origins. It was acquired in 1923 by the Metropolitan Museum of Art, purchased from the legendary British archaeologist Howard Carter, best known for discovering the tomb of Tutankhamun. The acquisition was made in Luxor, Egypt, using funds from the Rogers Fund, a long-standing resource supporting the museum's collection of antiquities.

### A Treasure on Display

Today, the bracelet rests in the Met's vast collection, accessible to scholars, tourists, and history lovers from around the world. It stands as a testament to the rich cultural interplay of Egypt and Rome, the enduring power of ancient mythology, and the artistry of civilizations long past.



# Mushrooms Talk to Each Other Using Fungal Language!



Looking at the repeating patterns, he found that the 'size of fungal lexicon can be up to 50 words; however, the core lexicon of most frequently used words does not exceed 15-20 words.' The different species of fungi spoke different languages with varying degrees of complexity, and Adamatzky admits he doesn't understand what they are saying. "That said, we should not expect quick results: we are yet to decipher language of cats and dogs despite living with them for centuries, and research into electrical communication of fungi is in its pure infant stage," writes Adamatzky in the study.



Coprinopsis cinerea, or the gray shag mushroom, growing in California.



Ghost fungi (Omphalotus nidiformis)



Enoki fungi (Flammulina velutipes)



Splitgill fungi (Schizophyllum commune)



Caterpillar fungi (Cordyceps militaris)


● Verna Mohon


You may not think mushrooms can talk but one scientist claims they communicate with each other, using up to 50 words. The study, titled 'Language of fungi derived from their electrical spiking activity,' by Andrew Adamatzky, who runs the appropriately named Unconventional Computing Laboratory of the University of the West of England, has everybody talking. Some are not taking his research seriously, comedian Jimmy Fallon accused him of 'talking shiitake.' Adamatzky, who previously published research about building a fungal computer and dressing up in living wearables made from slime mold and fungi, inserted electrodes into four different kinds of fungi: ghost fungi (Omphalotus nidiformis), Enoki fungi (Flammulina velutipes), split-gill fungi (Schizophyllum commune), and caterpillar fungi (Cordyceps militaris).

He observed spikes of electrical activity, which is common in all creatures. However, the fungi displayed changing patterns of activity that could be interpreted as communication.


"We observed bursts of spiking in the trains of the spike similar to that observed in the central nervous system. While the similarity could be just phenomenological, this indicates a possibility that mycelium networks transform information via interaction of spikes and trains of spikes in manner homologous to neurons. First evidence has been obtained that, indeed, fungi respond to mechanical, chemical and optical stimulation by changing pattern of its electrically activity and, in many cases, modifying characteristics of their spike trains."

In other words, they appear to be responding to what is happening to them and then talking about it.

Much depends on one's definition of 'language.' Adamatzky discusses communication among creatures without a nervous system through hormones, pheromones, and chemicals. This is not language as humans think of it, but trees are talking and we should take what they are saying seriously. Adamatzky notes, "A modified conception of language of plants is considered to be a pathway towards 'the de-objectification of plants and the recognition of their subjectivity and inherent worth and dignity.'"

So, the question is: Are the patterns of long and short electrical spikes actually language? Listening to mushrooms takes patience. The fast-talking spikes take 2.6 minutes and the more languorous ones are 14 minutes long.

The Ents in Fangorn Forest are chatterboxes by comparison. When all the spikes were plotted out, Adamatzky compared the patterns of spacing and gaps to those of the English language. He studied the




#COMMUNICATION



Caterpillar fungi wired for sound and being analyzed.

patterns in the spike trains and concluded they are definitely having words among themselves.

The study states, "We recorded extracellular electrical activity of four species of fungi. We found evidences of the spike trains propagating along the mycelium network. We speculated that fungal electrical activity is a manifestation of the information communicated between distant parts of the fungal colonies."

Looking at the repeating patterns, he found that the 'size of fungal lexicon can be up to 50 words; however, the core lexicon of most frequently used words does not exceed 15-20 words.'

The different species of fungi spoke different languages with varying degrees of complexity, and Adamatzky admits that he doesn't understand what they are saying. "That said, we should not expect quick results: we are yet to decipher language of cats and dogs despite living with them for centuries, and research into electrical communication of fungi is in its pure infant stage," writes Adamatzky in the study.

Indeed. In another paper, 'Fungal States of Minds,' released at the same time but not yet peer-reviewed, Adamatzky and his team of researchers use the same data and go further than asking whether fungi communicate, but whether they actually think.

"Fungal organisms can perceive the outer world in a way similar to what animals sense. Does that mean that they have full awareness of their environment and themselves? Is a fungus a conscious entity? In laboratory experiments, we found that fungi produce patterns of electrical activity, similar to neurons. There are low and high frequency oscillations and convoys of spike trains. The neural-like electrical activity is yet another manifestation of the fungal intelligence."

At times when reading this paper, it seems Adamatzky has been eating too many of certain varieties of his subjects, especially when he delves into what it must be like to be immortal, as certain fungi apparently are, with an intelligence possibly different and greater than our own.

"An immortal, or even extremely old consciousness, would be able to develop, perhaps, an intelligence out of reach for us, pursuing objectives that might seem unreasonable, for our limited perception. Perception of space and time, causality, are all aspects that we consider our unquestionable bottom line. But given the peculiarity of fungi morphology and degree of connection, we may imagine how radically different computational schemes are embedded into a fungal consciousness."

This all sounds a bit much, but admittedly, Breyer has been saying much the same thing as a champignon of trees, writing:

"They have no need to boast about how great they are, they just live their stoic lives and do their work. But meanwhile, unbeknownst to most of us, the secret lives of trees are wildly deep and complex. They can count and care for each other, they recognize their offspring, they form bonds like old couples, they are aware of their neighbors and give them room, they form friendships and remember their experiences."

Rereading Breyer, I am becoming queasy about my promotion of mass timber construction. Reading Adamatzky, I am wondering if mushrooms are off the menu. Both force us to reconsider our place in the world.

### When Fungi Fight Back

A mushroom species was found to sense predators and sent warning signals to other parts of its body, but how it does that remains a mystery.

It's known as fight or flight, the message the brain sends your body when it detects something frightening. Something like it happens to plants when they are under attack, too. And then there are fungi, perhaps, the most mysterious kingdom of multicellular life.

Fungi too can sense attackers and manufacture powerful weapons to combat them, including the toxins and poisons that can send you to the emergency room if you eat the wrong mushroom.

But little is known about the built-in threat detectors of these limbless, brainless beings. Humans send messages through their nervous systems. A plant's vascular system is its relay apparatus. But fungi have neither.

Scientists trying to solve this mystery recently grew mushrooms in the lab, unleashed fungi-eating nematodes on them and videotaped the aftermath. They found that the fungi somehow sensed the predators and sent signals to other parts of their bodies. Their findings, published recently in *Current Biology*, shed new light on how the many cells within even primitive organisms communicate like plants or animals. "They may appear simple, but they share features that are also known for more complicated organisms," said Markus Künzler, a microbiologist at ETH Zürich in Switzerland who led the study. "There is internal communication going on that we know very little about."

What we do know is that fungi-loving nematodes ingest their dinner like creepy, syringe-wielding serial killers. The worm uses a needle on its head to puncture the mushroom's hyphae, the stringy filaments that make up its mycelium, or vegetative body, and suck out its cellular content.

Under attack, Coprinopsis cinerea, the mushroom commonly known as the 'gray shag' or 'inky cap,' and often used in fungi research, puts up a slow, but steady fight.

Dr. Künzler and his colleagues paired the fungi and nematodes in a lab setting, and also added a dye to the mushrooms that glows under a microscope. They watched the mushroom's response travel in the form of genes activating, lighting up as its warning message propagated up and down the fungus's fattest hyphae. It did so every few hours, and it switched directions. As they switched on in succession, the genes produced a nasty toxin that the nematodes don't like. It makes sense that to survive, a fungus would need to send defense signals throughout its body rather than only at the site of attack. For example, defending its reproductive caps above the soil, even preemptively, would help its legacy continue. But much remains unknown about the fungus's signal and how it travels. "In both plants and animals, electrical and chemical signaling is known," Dr. Künzler said. "It's not very clear what happens in the fungus."

Fungal architecture is quite different from that of plants and animals. Dr. Künzler's results suggest that the cells within a fungus's hyphae communicate using chemical signals, but additional research will be required to confirm the finding. "We think the signal has to travel from one cell to another across the cytoplasm of the cells, which is very special or different from how the signaling is done in a plant or animal body," he said.

While fungi may be simple compared with animals and plants, they're multicellular too, and what's the point of making all those cells stick together if they can't somehow communicate?


rajeshsharma1049@gmail.com




#PHRASES

# "Mind your Ps and Qs"

Hidden Histories in Everyday Speech



Language is full of phrases that have lived far longer than the people who first spoke them. These expressions roll easily off the tongue, but behind their simplicity often lay a rich history of culture, religion, and everyday life. Three such sayings, 'the blind leading the blind,' 'a red-letter day,' and 'mind your Ps and Qs,' have endured through centuries, each carrying a story as vivid as the words themselves.

The expression 'the blind leading the blind' describes a situation where those who lack knowledge or understanding are guiding others who are equally unaware. It paints a picture of confusion and futility, a journey with no direction. The phrase has ancient roots, appearing in multiple religious texts. In the Gospel of Matthew (15:14), Jesus warns, "If the blind lead the blind, both shall fall into the ditch," emphasizing the dangers of ignorance and misguided leadership. Interestingly, similar imagery also appears in Buddhist scriptures, where the 'blind leading the blind' symbolizes spiritual ignorance. Centuries later, the Renaissance painter Pieter Bruegel the Elder immortalized the proverb in his haunting 1568 masterpiece *The Blind Leading the Blind*, depicting a chain of men stumbling helplessly into a pit. Over time, this phrase became part of everyday English, still used whenever poor leadership or misinformation leads to collective failure.

In contrast, 'a red-letter day' carries a tone of joy and celebration. Today, we use it to describe a special or memorable occasion, a day worth remembering. The origin of the phrase lies in medieval Europe, where church calendars marked holy days and festivals in red ink, while ordinary days appeared in black. These 'red-letter days' were often times of rest, worship, or community celebration. As printing developed, the practice continued in almanacs and public calendars, reinforcing the association between the color red and importance. Over the centuries, the phrase evolved from a religious reference to a more general expression of happiness. Whether it's a wedding, graduation, or national celebration, a 'red-letter day' remains a symbol of brightness and meaning, a day that stands out in the calendar of life.


The third phrase, 'mind your Ps and Qs,' has a more mysterious origin and several competing explanations. Commonly, it means to be careful with one's manners, behavior, or details, to act with politeness and precision. One theory traces the saying back to early printing shops, where typesetters had to arrange letters by hand. Since the lowercase 'p' and 'q' looked nearly identical in reverse type, apprentices were often reminded to 'mind their Ps and Qs' to avoid mixing them up. Another story places the phrase in old English taverns, where bartenders recorded customers' drinks on a chalkboard, marking 'P' for pints and 'Q' for quarts. A customer told to 'mind their Ps and Qs' was being asked to keep an eye on their tab. A third explanation suggests that the phrase evolved from a reminder to 'mind your pleases and thank-yous,' reinforcing good manners and politeness in social settings. Whatever its true origin, the expression endures as a gentle nudge towards attentiveness and civility.

What all three phrases share is longevity and adaptability. They began in vastly different worlds, ancient temples, medieval monasteries, and early print shops, yet, all remain part of our modern vocabulary. They remind us that language is not static; it carries with it the experiences and wisdom of those who came before us.

So, the next time you warn someone about 'the blind leading the blind,' celebrate a 'red-letter day,' or remind a friend to 'mind their Ps and Qs,' remember that you're speaking words shaped by centuries of human history, words that continue to connect our everyday speech with the past.





## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# 10 लाख रुपये के अवैध डोडा-पोस्त के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## डोडा-पोस्त परिवहन करने में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त

**पावटा,** (निसं)। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रागपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई का 113 किलो डोडा-पोस्त बरामद किया है। इस दौरान दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। जब्त किए गए डोडा-पोस्त की कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर राजेंद्र बुरड़क के सुपरविजन एवं पप्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह प्रागपुरा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर नाकाबंदी के दौरान जयपुर से दिल्ली की तरफ जाने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान एक पिकअप को रुकवा कर चेक किया गया तो पिकअप में पीछे दो बिजली के ट्रांसफॉर्मर रखे हुए थे, जिनको गहनता से चेक किया गया तो उक्त ट्रांसफार्मर के बीच में प्लास्टिक के कट्टे रखे हुए नजर आए, प्लास्टिक के कट्टों को चेक किया गया तो उक्त कट्टों में छिलानुमा पदार्थ भरा हुआ दिखाई दिया। जिस पर पिकअप चालक व खलासी से पदार्थ के बारे में पूछताछ की गई तो आरोपियों से पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मुल्जिम सुखबीर सिंह पुत्र रामसिंह निवासी कमालके पुलिस थाना धर्मकोट जिला मोगा पंजाब, गुरजंट सिंह पुत्र गुरुचरण निवासी पण्डुरी अराया पुलिस थाना धर्मकोट जिला मोगा पंजाब को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार मुल्जिमों से गहनता से अनुसंधान जारी है। यह पता लगाया जा रहा है कि डोडा-पोस्त कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। इस अभियान में प्रागपुरा पुलिस थाना के उपनिरीक्षक कश्मीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक सतीश कुमार, सहायक उपनिरीक्षक रामजस, हेडकांस्टेबल सायरमल, कांस्टेबल मनोज, रितेश, भींवाराम, विजेंद्र, मनोज, अनूप सिंह, महिला कांस्टेबल कोमल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



प्रागपुरा थाना पुलिस ने डोडा-पोस्त समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

■ बिजली के ट्रांसफॉर्मर के बीच में प्लास्टिक के कट्टों में 113 किलो डोडा-पोस्त पकड़ा

# नौ माह के मासूम को भोपे ने गर्म सलाखों से दागा

## बच्चे की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर एमजी अस्पताल पहुंचे, उपचार जारी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले में बीमार मासूम बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ करने का खेल रूकने का नाम ही नहीं ले रहा है। दर्जनों मामले सामने आने के बाद रविवार को एक बार फिर मासूम की जान चली गई। बुखार से तड़प रहे मासूम को अंध विश्वासी परिजन अस्पताल ले जाने की बजाय भोपे के पास ले गए और गर्म सलाखों से बच्चे को दागा तो बच्चा और जोर से रोने लगा। उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर एमजी अस्पताल पहुंचे।

जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के इरास गांव के निवासी देवा बागरिया के नौ माह के पुत्र गोविंद की तबीयत खराब हो गई। उसे श्वास लेने में दिक्कत आने लगी। इस पर परिजनों ने किसी भोपे के जरिए बच्चे के शरीर पर गर्म सलाखों से डाम लगा दिया। परिजन बताते हैं कि यह परंपरा उनके परिवार में पुराने समय से चली आ रही है। बचपन में यदि वह स्वय भी बीमार होते थे तो उन्हें भी डाम लगाया जाता था, जिससे वह सही हो जाते थे। उसी परंपरा का अनुसरण करते हुए भोपे के जरिए ठीक करने के उद्देश्य से डाम लगा दिया, लेकिन उसे मालूम नहीं था कि ऐसा करने से उसकी हालत और बिगड़ जाएगी।

महात्मा गांधी अस्पताल के पीएमओ डॉ. अरूण गौड़ ने बताया कि बच्चे की हालत क्रिटिकल थी और उसे डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया था। डॉ. गौड़ ने कहा कि डाम लगाने के इस अंधविश्वास के खिलाफ सबको मिलकर प्रयास करने की जरूरत है जिससे कि मासूम अंधविश्वास का शिकार न हों और उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

# मंदबुद्धि नाबालिग ने पिता पर हमला किया

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर के अरावली विहार थाना इलाके में एक नाबालिग बेटे ने अपने ही पिता पर हमला कर अपने दांतों से प्राइवेट पार्ट काट दिया, जिसके बाद परिजनों ने घायल पिता को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार दो दिन पहले भी नाबालिग बनिया का बाग स्थित राधाकृष्ण मंदिर में कृष्ण भगवान की मूर्ति उखाड़ ले गया था। जिसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया था, जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध किया था, जिसके बाद पुलिस ने बताया था कि नाबालिग की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही है। घायल पिता अमित सैनी (36) ने बताया कि पिछले कुछ दिन से बच्चे की मनोदशा ठीक दिखाई नहीं दे रही है। बच्चे के ऊपर भूत प्रेत का साया मंडरा रहा है, इसलिए वो पिछले दो दिन से ऐसी हरकतें कर रहा है।

■ दो दिन पहले भी नाबालिग एक मंदिर से मूर्ति उखाड़ ले गया था

उन्होंने बताया कि शनिवार शाम को अचानक 16 साल के नाबालिग बेटे ने हमला करते हुए उनकी नाक और प्राइवेट पार्ट को दांतों से काट लिया, जिसके बाद उन्होंने गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने बताया कि घायल की स्थिति फिलहाल स्थिर है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

थाना अधिकारी का कहना है कि प्रारंभिक जांच में घटना घरेलू झगड़े और मानसिक असंतुलन से जुड़ी हुई लग रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बच्चे की काउंसलिंग और मेडिकल जांच कराई जाएगी।

# लीलण एक्सप्रेस चार ट्रिप आंशिक रद्द रहेगी

**जोधपुर,** (कासं)। जयपुर मंडल के समपार फाटक संख्या 235 पर आरसीसी बॉक्स डालने के कार्य हेतु ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है, जिसके कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

जोधपुर मंडल डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के अनुसार उपरोक्त ब्लॉक की वजह से ट्रेन संख्या 12467 जैसलमेर-जयपुर लीलण एक्सप्रेस सुपरफास्ट 22 व 24 नवंबर तथा 6 व 8 दिसंबर को फुलेरा तक ही चलेगी, जबकि ट्रेन संख्या 12468 जयपुर-जैसलमेर लीलण एक्सप्रेस इन्हीं तिथियों में जयपुर के स्थान पर फुलेरा से चलेगी। जोधपुर मंडल डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के अनुसार दोनों रेलसेवाएं जयपुर-फुलेरा खंड के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेंगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध है किया है कि यात्रा से पूर्व संबंधित तिथियों में अपनी रेलसेवाओं की नवीनतम स्थिति रेलवे के आधिकारिक माध्यमों से अवश्य जांच लें।

# खाटूश्यामजी से लौट रहे परिवार की कार ट्रक से टकराई, पांच घायल



घायलों को भीलवाड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के रायला थाना क्षेत्र में रविवार की अल सुबह भीलवाड़ा-अजमेर हाइवे पर खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे राजकोट के एक परिवार की कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

■ राजकोट के रहने वाले परिवार की कार सरेरी के पास ट्रक में जा घुसी

जानकारी के अनुसार राजकोट निवासी अशोक बैरागी (49) अपनी पत्नी दक्षा, बेटे यतेश, बहू रीना, पोते रौनक, उर्विल, पोती मिशा और परिचित सुनील कुमार के साथ खाटूश्याम दर्शन कर राजकोट लौट रहे थे। सुबह करीब छह बजे एनएच 48 पर सरेरी के पास उनकी कार आगे चल रहे एक ट्रक में जा घुसी। हादसे में अशोक बैरागी, यतेश, सुनील कुमार, रौनक और उर्विल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही लांबिया टोल से हाईवे एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को भीलवाड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सभी का उपचार जारी है।

# एटीएम उखाड़ ले गए चोर

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जिले के इंदिरा गाँधी नहर इलाके के नेहड़ाई में चोरों ने देर रात एसबीआई के एटीएम को निशाना बनाया। नेहड़ाई गांव में स्थित एसबीआई के एटीएम को गाड़ी के पीछे मोटी रस्सी बांधकर चोर उखाड़ ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस साक्ष्य जुटाने सहित सीसीटीवी खंगाल रही है। यह घटना शनिवार देर रात की है। रविवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने एटीएम बूथ के दरवाजे टूटे हुए देखे और अंदर से मशीन गायब पाई, तो इलाके में हड़कंप मच गया। तुरंत मोहनगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने पहले एटीएम बूथ के गेट तोड़े। इसके बाद उन्होंने किसी वाहन से एटीएम मशीन को मजबूत रस्सियों या चेन से बांधा पूरी मशीन को जोर लगाकर उखाड़ा गया और वे इसे अपने साथ लेकर फरार हो गए। एटीएम में मौजूद नकदी का सही आकलन बैंक की ओर से किया जा रहा है, लेकिन यह 10 से 12 लाख रुपए के बीच होने का अनुमान है। घटना की तफ्तीश करने जैसलमेर से पुलिस अधिकारी मौका मुआयना करने नेहड़ाई पहुंचे। सीसीटीवी केमरा डिटेल ली जा रही है। नाकेबंदी करवाई जा रही है।

# जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रियों की पहली पसंद बनी

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान और दिल्ली के बीच तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का नया अध्याय लिखते हुए जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रियों की पहली पसंद बन गई है। महंगी किराया श्रेणी के बावजूद यह ट्रेन लोकप्रियता के नए रिकॉर्ड कायम कर रही है।

■ 42 ट्रिप में 59 हजार यात्रियों ने किया सफर, रेलवे को 6.21 करोड़ का राजस्व मिला

उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि सेमी हाई स्पीड जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस (26481/26482) अपनी गति, समयबद्धता और अत्याधुनिक सुविधाओं के कारण यात्रियों के बीच बेहद लोकप्रिय हो रही है। यह ट्रेन राजस्थान और दिल्ली के बीच कनेक्टिविटी को नए स्तर पर लेकर गई है। डीआरएम ने बताया कि इस ट्रेन की सफलता का मुख्य कारण इसका आरामदायक कोच डिजाइन, स्वदेशी तकनीक, अत्याधुनिक इंटीरियर और यात्रा समय में बड़ी बचत है। यह ट्रेन कामकाजी यात्रियों और पर्यटकों के लिए भरोसेमंद और तेज विकल्प बन चुकी है।

जोधपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा ने बताया कि 27 सितंबर से 8 नवंबर तक केवल 42 ट्रिप में ही 59 हजार से अधिक यात्रियों ने इस ट्रेन से यात्रा की है, जिससे रेलवे को 6.21 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि दिल्ली की ओर से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या लगभग तीन हजार अधिक रही, जो ट्रेन की बढ़ती मांग को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन (मंगलवार को छोड़कर) संचालित होती है। जोधपुर से प्रस्थान: सुबह 5:25 बजे, दिल्ली कैंट आगमन: दोपहर 1:30 बजे, दिल्ली कैंट से प्रस्थान: दोपहर 3:10 बजे, जोधपुर आगमन: रात 11:20 बजे। यह ट्रेन मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, फुलेरा, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी और गुड़गांव जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहरती है और लगभग 604-620 किलोमीटर की दूरी केवल 8 घंटे 5 मिनट में तय करती है।

वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों को आरामदायक रिक्लाइनिंग सीटें, पूर्ण वातानुकूलित कोच, स्वचालित दरवाजे, जीपीएस आधारित सूचना प्रणाली, अत्याधुनिक प्रकाश व्यवस्था और उच्च गुणवत्ता वाली ऑनबोर्ड सेवा उपलब्ध कराई जाती है। यह ट्रेन पूरी तरह भारतीय इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# महिला से मारपीट व छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**श्रीविजयनगर,** (निसं)। यहां पुलिस थाना क्षेत्र में एक महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव की महिला ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि कुछ व्यक्तियों ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। थाना अधिकारी ने पुष्टि की कि रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय पुलिस ने इस प्रकरण की जांच हवलदार बंशीलाल को सौंपी है।

# स्कॉलरशिप परीक्षा 16 को

**बीकानेर,** (निसं)। आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को 9वीं से 12वीं क्लास में छात्रवृत्ति के लिए 16 नवंबर को नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा-2026 होगी, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर ने इस परीक्षा के लिए 41 जिलों के आधार पर परीक्षा केंद्रों का निर्धारण कर दिया है।

सहायक निदेशक अरविंद शर्मा ने बताया कि राज्य में पंजीकृत 96 हजार अभ्यर्थियों के लिए 404 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश पत्र 10 नवंबर तक जारी किए जाएंगे। 16 नवम्बर को परीक्षा एक पारी में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। 180 प्रश्न हल करने होंगे। पेपर दो भागों में होगा। मानसिक योग्यता परीक्षण (मेट) और दूसरा शैक्षिक योग्यता परीक्षण (सेट)। मेट में 90 बहुविकल्पीय प्रश्नों के जरिए विद्यार्थियों की तर्क क्षमता और आलोचनात्मक सोच की जांच की जाएगी, जबकि सेट में 90 बहुवैकल्पिक प्रश्न कक्षा सातवीं और आठवीं के विज्ञान, सामाजिक अध्ययन और गणित विषय से संबंधित होंगे। उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक अनिवार्य है। एससी-एसटी श्रेणी के अभ्यर्थियों को 32 प्रतिशत अंक जरूरी है। दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी में 3 प्रतिशत आरक्षण नियमानुसार देय होगा। एनएमएमएस योजना में राजस्थान का कोटा 5471 निर्धारित है।

# किशोर गृह से बालक भागा

**जोधपुर,** (कासं)। मंडोर थाना क्षेत्र स्थित किशोर गृह में रह रहा एक बालक खिड़की फांदकर भाग गया। तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद सुरक्षा गार्ड की ओर से पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। राजकीय किशोर गृह के सुरक्षा गार्ड ने बताया कि 7 नवंबर की सुबह 7:40 पर नवनिर्मित हॉल के वेंटिलेशन खिड़की से कूद कर बालक भाग गया। किशोर गृह में वेंटिलेशन खिड़की के पास लगे पाइप को पकड़कर ऊपर चढ़ा और वहां से नीचे कूद गया। इसका पता चलने पर सुरक्षा गार्ड की ओर से अधीक्षक को सूचना दी गई। बाद में उसे कई जगहों पर ढूंढा, लेकिन बालक नहीं मिला। उसके बाद सुरक्षा गार्ड ने मंडोर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी।

# मिट्टी के ढेर में दबने से बालक की मौत

**निवाई,** (निसं)। ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा की बढ़की ढाणी में घर के बाहर पड़े मिट्टी के ढेर में एक 13 वर्षिय बालक हॉल बनाकर उसमें घुस गया। अचानक मिट्टी ढह जाने से वह मिट्टी के ढेर में दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि बड़की ढाणी निवासी मोतीलाल सैनी के घर के बाहर दो ट्रॉली मिट्टी का ढेर पड़ा हुआ था। मिट्टी के ढेर में उसका 13 वर्षीय पुत्र बाबूलाल मिट्टी में हॉल बनाकर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह हॉल में घुस गया। इसी दौरान उसके ऊपर मिट्टी का ढेर ढह गया। जिसमें वह दब गया और वह अचेत हो गया। जिसको देखकर उसके पिता व पड़ोसी उसको मिट्टी के ढेर से बाहर निकालकर अचेत अवस्था में उपजिला अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने बाबूलाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक बालक के पिता ने बताया कि बाबूलाल कक्षा 8 में अध्ययनरत था। बाबूलाल तीसरे नम्बर का पुत्र था। मृतक के दो बड़े भाई हैं। मृतक के बड़े भाई का विवाह दो नवंबर को ही हुआ है।

■ मिट्टी के ढेर में 13 वर्षीय बालक हॉल बनाकर खेल रहा था

# गुलाबी ठंड की दस्तक, लोगों को धूप से राहत

**छबड़ा,** (निसं)। मानसून का दौर थमते ही मौसम ने रुख बदल लिया है और अब ठंड ने दस्तक दे दी है। वातावरण से नमी लगभग समाप्त होने और किसी प्रभावी वर्षा प्रणाली के सक्रिय न होने के कारण मौसम साफ रहने लगा है। रविवार को सुबह से शाम तक खुली धूप ने राहत दी, लेकिन हवा में घुली ठंडक लगातार बढ़ रही है।


पिछले तीन चार दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। दिन का तापमान फिलहाल सामान्य है, पर सुबह और रात की ठिठुरन तेजी से बढ़ रही है। ग्रामीण अंचल में रात और सुबह के समय ओस जमने लगी है। कई स्थानों पर सुबह हल्का कोहरा भी नजर आने लगा है। खेतों में बढ़ती ठंड को देखते हुए किसानों ने फसलों की सुरक्षा के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवा का रुख उत्तरी हो जाएगा, जिससे ठंड और बढ़ेगी। अनुमान है कि आगामी तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज होगी। इसके चलते सुबह-शाम की ठंड में तेज इजाफा होगा।

■ न्यूनतम तापमान में भी तेजी से गिरावट,रात और सुबह ओस जमने लगी

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि नवंबर के दूसरे सप्ताह से सर्दी का असर और स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। इस अवधि में रात का तापमान सामान्य से 4 से 5 डिग्री कम रहने की संभावना है। बढ़ती ठंड के बीच लोग अब गर्म कपड़े निकालने लगे हैं। वहीं दिन में खिली धूप फिलहाल राहत देती नजर आ रही है। अचानक ही ठंड के बढ़ने से लोगों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है। अस्पताल में सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीज बढ़े हैं।

# बूंदी महोत्सव : मान-मानुहार से विदेशी पावणे हुए अभिभूत



रानी रोहिणी फाउंडेशन की सदस्यों व रोहिणी हाड़ा ने पावणों को तिलक लगाकर मोली बांधी व साफे बांधेव लाख के चूड़े पहनाए।



बूंदी महोत्सव के दूसरे दिन गढ़ पैलेस से रानीजी की बावड़ी तक लोक कलाकारों के नृत्य और गान के साथ विरासत यात्रा ( हेरिटेज वॉक ) निकाली गई।

**बूंदी,** (निसं)। बूंदी महोत्सव के दूसरे दिन सुखमहल में मीठी मान-मनुहार से विदेशी पावणे अभिभूत हो गए। सुखमहल की प्राकृतिक छठा के बीच विदेशी पावणों की देसी व्यंजनों से मान मनुहार की गई। रानी रोहिणी फाउंडेशन की सदस्यों व रोहिणी हाड़ा ने पावणों को तिलक लगाकर मोली बांधी व साफे बांधेव लाख के चूड़े पहनाए। लोक कलाकरों की प्रस्तुतियों पर विदेशी सैलानियों ने नृत्य किया।

इस दौरान एडीएम रामकिशोर मीणा एसडीएम लक्ष्मीकांत मीणा, सीईओ जिला परिषद रवि वर्मा, पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी ने विदेशी पावणों का मुंह मीठा करवाया। संचालन राजकुमार दाधीच ने किया।

वहीं बूंदी महोत्सव के दूसरे दिन गढ़ पैलेस से रानीजी की बावड़ी तक विरासत यात्रा (हेरिटेज वॉक) निकाली गई। लोक कलाकारों के नृत्य और गान के साथ निकाली गई इस यात्रा में देसी-विदेशी पर्यटक शामिल हुए। विरासत यात्रा गढ़ पैलेस से प्रारंभ होकर जैन मंदिर, ऐतिहासिक हाथी शिवप्रसाद हुंजा घोड़ा, लक्ष्मीनाथ का मंदिर, चारभुजा मंदिर राव भाव के सिंहासन, विभिन्न हवेलियों, तोपखाना, चौगान दरवाजा, नागर सागर कुंड, सूर्यमल मिश्रण की प्रतिमा को निहारते हुए ऐतिहासिक रानीजी की बावड़ी पहुंची। सैलानियों को हिंदी और अंग्रेजी में इन मॉन्यूमेंट्स का ऐतिहासिक महत्व एवं बनावट एवं शैली के बारे में बताया गया। सदर बाजार में प्रसिद्ध आजाद बैंड के मास्टर मुश्ताक अली ने बांसुरी बजाकर सैलानियों का दिल जीत लिया। सैलानियों ने इन दृश्यों को अपने कैमरों में भी कैद किया और बूंदी की समृद्ध विरासत को देखकर रोमांचित हुए। कच्छी घोड़ी के कलाकार आयुष मेहता के गीतों में नृत्य करते इस विरासत यात्रा के दौरान आगे-आगे चले। विरासत यात्रा में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, उपखंड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा, इंटेक संयोजक राजकुमार दाधीच, राजेंद्र भारद्वाज, केसी वर्मा, जयप्रकाश त्रिपाठी, औराक नय्यर, गाइड अश्विनी शर्मा कुकी, जयप्रकाश जैन सहित विभिन्न गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए।

■ दूसरे दिन हुआ हेरिटेज वॉक का आयोजन, लोक कलाकारों के नृत्य और गान के साथ निकाली गई इस यात्रा में देसी-विदेशी पर्यटक शामिल हुए

# अनूपगढ़ में लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव की मांग

**अनूपगढ़,** (निसं)। रेल विकास समिति ने लंबी दूरी की रेल सेवाएं शुरू करने और बंद पड़ी आरपीएफ चौकी को फिर से संचालित करने की मांग की है। समिति ने अध्यक्ष रमेश शेवकानी के नेतृत्व में उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडल प्रबंधक के नाम स्टेशन अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अनूपगढ़ से दिल्ली होते हुए हरिद्वार तक रेल सेवा, अनूपगढ़ से अमृतसर तक रेल सेवा और अनूपगढ़ में बंद की गई आरपीएफ चौकी को पुनः शुरू करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। इसके अतिरिक्त, एक वॉशिंग लाइन की सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। समिति ने बताया कि भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित अनूपगढ़ स्टेशन राजनीतिक उपेक्षा का शिकार रहा है। अनूपगढ़ स्टेशन परिसर बीकानेर लोकसभा क्षेत्र में आता है, जबकि पटरी के उत्तर दिशा का पूरा इलाका श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। इस राजनीतिक विभाजन के कारण क्षेत्र को लंबी दूरी की रेल सेवाओं और अन्य आधुनिक सुविधाओं के मामले में लगातार अनदेखी का सामना करना पड़ा है।

# शाहपुरा के बोरड़ा गांव में कोयला माफिया ने अस्सी बीघा जंगल को बर्बाद किया

## सूचना पर पहुंचे फॉरेस्टर विश्राम मीणा पर कोयला माफिया ने जेसीबी चढ़ाकर कुचलने की कोशिश की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। राजस्थान के जोधपुर में खेजडली गांव में पेड़ों को बचाने के लिए आंदोलन हुए। लोगों ने अपनी जान तक गवां दी। वहीं दूसरी ओर राजस्थान की औद्योगिक नगरी भीलवाड़ा में बबूल को बचाने के लिए पूरा गांव आंदोलन में जुट गया है, लेकिन शाहपुरा के बोरड़ा गांव में 700 बीघा जंगल में से करीब 80 बीघा जंगल को कोयला माफिया ने रातों-रात बर्बाद कर दिया। राजनीतिक संरक्षण और वन विभाग की मिलीभगत के चलते कोयला माफिया के हौसले बुलंद हो रखे हैं।

ग्रामीणों का यहां तक आरोप है कि क्षेत्र के नेताओं और विभाग के कुछ अधिकारियों के बीच डेढ़ करोड़ रूपये तक की बंदरबांट हुई है। इसका ही नतीजा है कि बिना टेंडर किए रातों-रात एक दर्जन से ज्यादा जेसीबी मशीनों को जंगल में ले जाकर 80 बीघा जंगल को साफ कर दिया गया। इस जंगल की लकड़ियों को माफिया कोयले की भट्टियों में झोंक भी देता लेकिन ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई। इसकी सूचना उन्होंने फॉरेस्टर विश्राम मीणा को सूचना दी। मीणा अपने गार्ड के साथ जंगल में पहुंच गए, लेकिन कोयला माफिया उन पर ही जेसीबी चढ़ा कर कुचलने की कोशिश की। जंगल को बचाने और माफिया को पकड़ने फॉरेस्टर विश्राम मीणा और ग्रामीणों ने रेंजर प्रभु लाल को कई फोन किए उसके बावजूद भी रेंजर प्रभु लाल ने पहले तो घटनाक्रम से अनभिज्ञता जाहिर कर दी लेकिन जब उसे लगा कि ग्रामीण बड़ी संख्या मौके पर जमा है और माफियाओं को घेरने की कोशिश कर रहे हैं तब उसने उन्हें शांत करने के लिए झूठे ही टेंडर होने की बोल दिया। साथ ही कहा कि इसके दस्तावेज सरकारी पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं, लेकिन जब ग्रामीणों ने कहा कि टेंडर अगर हो रखा है तो 80 बीघा जमीन जंगल बर्बाद करने वाले माफिया जेसीबी लेकर भाग क्यों रहा है और आप मौके पर जाब्ते क्यों नहीं पहुंच रहे हो तो रेंजर प्रभू लाल से कुछ बोला नहीं गया।


बोरड़ा गांव में कोयला माफिया ने पेड़ों को काट दिया।


मौके पर पहुंची जांच टीम ने ग्रामीणों से जानकारी ली।

- अपनी जान पर खेलकर फॉरेस्टर मीणा और ग्रामीणों ने कोयला माफिया को लकड़िया नहीं ले जाने दी, लेकिन वे फरार होने में कामयाब रहे
- बोरडा गांव के लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग के जयपुर मुख्यालय पर की, तब जाकर जांच कमेटी का गठन कर बोरड़ा गांव के जंगल में भेजा
- बिना टेंडर किए कोयला माफिया ने रातों-रात एक दर्जन से ज्यादा जेसीबी मशीनों से जंगल को साफ किया

**फॉरेस्टर और ग्रामीणों ने जंगल की लकड़ी नहीं ले जाने दी :-** कोयला माफिया के आंतक के सामने फॉरेस्टर मीणा और ग्रामीणों ने झुकने से इनकार कर दिया। अपनी जान पर खेलकर कोयला माफिया को लकड़िया नहीं ले जाने दी लेकिन वे लग्जरी गाड़ियों को लेकर फरार हो गए। बोरडा गांव के लोग तीन रात और दिन से जंगल में रहकर कटी हुई लकड़ी की निगरानी कर रहे हैं। इसकी सूचना उन्होंने वन विभाग के जयपुर मुख्यालय पर की। तब जाकर मामला उछला और वहां से जांच कमेटी का गठन करके शाहपुरा के बोरड़ा गांव के जंगल में भेजा। डीएफओ अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कमेटी 8 नवंबर को गांव में पहुंची। उन्होंने वहां ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। 80 बीघा जंगल का मौका निरीक्षण किया। नुकसान का पता लगाने के लिए एक हेक्टेयर जमीन में पेड़ों की संख्या का आकलन करने के लिए विजिलेंस टीम ने इसकी जिम्मेदारी स्थानीय अधिकारी को दी। उसके बाद घटना का पंचनामा बनाया गया। टीम ने ये भी माना कि जंगल में जहां पेड़ों की कटाई की गई उसको लेकर किसी भी तरह का विभाग की ओर से टेंडर जारी नहीं किया गया है। अभी तक जो कटाई हुई वह पूरी तरह से गैर कानूनी है। जिसके खिलाफ विजिलेंस टीम गाहनता से जांच कर रही है। स्थानीय वन विभाग की ओर से दस्तावेज भी मंगाए जा रहे हैं ताकि डिटेल में जांच की जा सके। रेंजर प्रभु लाल की भूमिका के साथ ही एसीएफ मुन्नी चौधरी और डीएफओ गौरव गर्ग की कार्य प्रणाली भी संदिग्ध बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इस घटनाक्रम के पीछे दोनों ही पार्टियों के नेताओं की मिलीभगत बताई जा रही है। ग्रामीण दबी जुबान में सभी का नाम बता रहे है लेकिन कुछ भी बोलने से डरते है।

**80 बीघा जंगल बर्बाद करने वाला कोयला माफिया पीरू मोहम्मद :-** बताया जा रहा है कि इस जंगल से 8 किलोमीटर दूर खातनखेड़ी गांव का निवासी पीरू मोहम्मद इस इलाके का कोयला माफिया है। उसने एक दर्जन से अधिक जेसीबी ले जाकर रातों रात 80 बीघा जंगल बर्बाद कर दिया। लकड़िया भी ले जाता लेकिन इसकी सूचना ग्रामीण और फॉरेस्टर विश्राम मीणा को हो गई। एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें पीरू मोहम्मद किसी से फोन पर बात कर रहा है कि ये विश्राम मीणा कौन है। ये हमारे बीच आ रहा है। इसके बाद फोन पर आवाज आती है कि जो भी सब पर जेसीबी चढ़ा दो। फिर वहां जेसीबी लेकर फरार हो जाता है। विश्राम मीणा ने पीरू मोहम्मद के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# जिला जेल में कांस्टेबल ने गोली मारकर आत्महत्या की


मृतक कांस्टेबल का फाइल फोटो।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला जेल में अज्ञात कारणों के चलते खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने वाले कांस्टेबल का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार - रविवार की मध्य रात्रि को ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल रामकिशोर मोडीवाला पिता पोलुराम जाट की गोली लगने से संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई थी। इस घटना का पता तब चला जब ड्यूटी पर रिलीव करने के लिए दूसरा कांस्टेबल वॉच टॉवर के नीचे पहुंचा और उसने कांस्टेबल रामकिशोर को आवाज दी, लेकिन राम किशोर ने कोई जवाब नहीं दिया तो संदेह पर अन्य कांस्टेबल बाबूलाल ने जब टावर पर जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। खून से लथपथ रामकिशोर को देखकर उसने तत्काल उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया और जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के साथ ही अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक पारस जैन और जेल प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम की मदद से पुलिस ने साक्ष्य जुटाकर मृतक के शव को महात्मा गांधी चिकित्सालय की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया और उसके परिजनों को सूचना दी। रविवार की सुबह परिजनों के आने के बाद मृतक के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में सामना आया है कि राइफल ऑटोमेटिक मोड पर थी। इस राइफल से तीन फायर एक साथ होते हैं। घटनास्थल पर भी तीन फायर हुए जिसमें से एक गोली लेफ्ट साइड में से बॉडी में इंटर हुई और बैक साइड से बाहर निकली, जबकि दो राउंड हवा में दो गोलियों के खोल वॉच टॉवर पर मिले, जबकि एक गोली का खोल टावर के नीचे मिला है। यही नहीं घटना से 3 घंटे पहले कांस्टेबल रामकिशोर ने अपनी फेसबुक आईडी पर एक पोस्ट किया था जिसमें लिखा था कि जिंदगी में जब भी अवसर मिले तो उसका पूरा आनंद लेना चाहिए क्योंकि यह ज्ञात नहीं की कौन सी रात आखिरी हो।

जानकारी के अनुसार कांस्टेबल रामकिशोर अजमेर में किशनगढ़ के पास हरमाड़ा गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि कांस्टेबल रामकिशोर शनिवार को ही छुट्टी से लौटा था और शाम छह से रात दस बजे तक उसका पहरा ड्यूटी थी। उसके चचेरे भाई एयरफोर्स में एयरमैन के पद पर कार्यरत ओमप्रकाश ने कहा कि किसी भी एंगल से यह सुसाइड नहीं है, हम किसी पर आरोप नहीं लगा रहे, लेकिन मौके की परिस्थितियों के आधार पर कहना है कि उसकी मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। मृतक कॉन्स्टेबल रामकिशोर के भाई नानूराम ने कोतवाली थाने में संदिग्ध हालत में मौत की रिपोर्ट दी है, जिसकी पुलिस गहनता से जांच एक रही है।

# विवाहित महिला ने लगाई फांसी

**हलैना/भरतपुर,** (निसं)। गांव नैवाडा में 23 साल की विवाहित का महिला ने आत्महत्या कर ली, जिसका पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार जनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी राम अवतार मीणा ने बताया कि गांव नेवाडा निवासी शिक्षा पत्नी पुष्पेन्द्र मीणा ने अपने मकान मे चुन्नी से फंदा बनाकर छत के कुंदे से बाँध कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका शिक्षा के परिजनों को सूचित कर दिया। मौके पर रामेश्वरसिंह स.उ.नि. के द्वारा मृतका शिक्षा की लाश को मोर्चरी सीएचसी हलैना में रखवाया।

# हैंडीक्राफ्ट फैक्टरी के बॉयलर में आग लगी, हादसा टला

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के बोरानाडा में हैंडीक्राफ्ट फैक्टरी के बॉयलर में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची चार दमकलों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बासनी फायर अधिकारी प्रशांत सिंह ने बताया कि बोरानाडा इलाके में स्थित एक हैंडीक्राफ्ट फैक्टरी के बॉयलर में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर बासनी फायर ब्रिगेड विभाग से दो दमकलों को रवाना किया गया। वहीं बोरानाडा स्थित अग्निशमन विभाग से भी दो दमकल मौके पर भेजी गई। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बॉयलर में लगी आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि यह आग बॉयलर के बाहर नहीं फैली, जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। अगर आग फैक्टरी में फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग बुझाने वाली टीम में बासनी अधिकारी प्रशांत सिंह चौहान, फायर मैन निंबाराम, फायरमैन अंकित ,भविष्य, अजय सिंह, राकेश, रामजीत, हेताराम , संजीव, राजेश, महेंद्र आदि शामिल रहे।

# दुकान से हजारों की नगदी चोरी

**छबड़ा,** (निसं)। स्टेशन रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर से लगभग ग्यारह हजार की नगदी चोरी हो गई। पीड़ित ने थाने में परिवाद दिया है। मुरलीधर मालव द्वारा दिये परिवाद में बताया कि दो दिन पूर्व स्टेशन रोड स्थित उसकी धरणीधर मेडिकल स्टोर से वह प्रतिदिन की भांति रात साढ़े दस बजे घर चला गया था। सुबह हरीश झाम्ब द्वारा सूचना देने पर मौके पर पहुंचा तो यहां सभी सामान अस्त-व्यस्त पड़े हुए थे। कैमरा भी टूटा हुआ था। गल्ले का ताला भी टूटा हुआ मिला, जिसमें रखी 11 हजार की नगदी चोर चुरा ले गए।

# गैंगस्टर रोहित गोदारा के गुर्गे ने धमकी देकर व्यवसायी से दो करोड़ की फिरौती मांगी

**बीकानेर,** (निसं)। गैंगस्टर रोहित गोदारा के गुर्गे ने लालगढ़ में गांधी कॉलोनी निवासी व्यवसायी को जान से मारने की धमकी देकर दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है।

गांधी कॉलोनी निवासी व्यवसायी राजकुमार चौधरी क्रेन, टायर के व्यवसायी हैं। गैंगस्टर रोहित गोदारा के गुर्गे राहुल रिणेव ने राजाराम को दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगी और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है।

- फिरौती की रकम नहीं देने पर उसे और परिवार को जान से मारने की धमकी दी

गैंगस्टर ने 5 नवंबर की शाम को 4.25 बजे विदेशी नंबर से व्हाट्सअप कॉल किया और धमकी दी। उसके बाद 6 नवंबर की रात 8 बजे फोन किया। रिसीव नहीं करने पर व्यवसायी को वॉयस नोट भेजा। फिरौती की रकम नहीं देने पर उसे और परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

व्यवसायी ने इसकी रिपोर्ट पुलिस को दी। उसकी रिपोर्ट पर बीछवाल पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक व्यवसायी की सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। उसके घर और आसपास निगरानी बढ़ा दी है।

# नशीली गोलियों के साथ एक गिरफ्तार

**अनूपगढ़,** (निसं)। यहां बांडा कॉलोनी चौकी पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली गोलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 5130 नशीली गोलियों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान सुखप्रीत सिंह पुत्र देवसिंह निवासी 1 बीएसएम अनूपगढ़ के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी एएसआई कालू राम मीणा ने बताया कि देर शाम उनकी टीम चक 2 बीएसएम में गश्त कर रही थी। इसी दौरान आम रास्ते पर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर घबरा गया। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसका नाम-पता पूछा। शक होने पर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से प्रतिबंधित प्रीगाबालिन और टेम्पटाडोल की कुल 5130 नशीली गोलियां बरामद हुईं। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# करंट लगने दो भाइयों की मौत

**टोंक,** (निसं)। पीपलू थाना क्षैत्र के बलखंडिया गांव में दो युवकों की करंट लगने से मौत हो गई। रविवार को खेत पर जाते समय रास्ते में बिजली के टूटे तार पर पैर टच होने से उन्हें करंट लग गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में मौके पर पहुंचे गुस्साये ग्रामीणों व परिजनों ने दोनों शवों को हादसा स्थल पर ही रखकर प्रदर्शन कर किया तथा मृतकों के परिजनों को मुआवजा, आश्रितों को संविदा पर नौकरी और अन्य मांगों पर अड़े रहे। बाद में सूचना पर पहुंचे पीपलू थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने परिजनों व ग्रामीणों से समझाईश की, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों को पूरा करने के बाद ही शव को उठाने के लिए अड़े रहे।

इस दौरान ग्रामीणों का कहना है कि बिजली निगम की लापरवाही से बिजली लाइन के तार टूटे पड़े थे। इसी कारण यह हादसा हुआ, जिसके कारण हादसे में मृतकों के आश्रितों को मुआवजा और नौकरी की मांगें पूरी करें। घटना के बाद बिजली निगम कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और बिजली सप्लाई बंद करवाकर तारों को एक तरफ करवाया।

- खेत पर जाते समय रास्ते में बिजली के टूटे तार पर पैर टच होने से करंट लग गया था
- घटनास्थल पर ही गुस्साये ग्रामीणों व परिजनों ने मांगों को लेकर शवों को हादसा स्थल पर रखकर प्रदर्शन किया

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में रामनारायण (35) एवं हरलाल (26) पुत्र मंगला बलाई की मौत हुई है, जो भोपता नाले पर बनी नहर से होकर खेत पर जो रहे थे। वहीं नहर के ऊपर से एग्रीकल्चर की बिजली लाइन के तार टूटे पड़े थे, जिन पर दोनों भाई के पैर टच हो गए और करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहां से गुजर रहे किसानों की सूचना के बाद परिजन व थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। ग्रामीणो के प्रदर्शन के बाद पीपलू उपखण्ड अधिकारी गणराज बड़गोती, बिजली निगम के एसई के.एल. पटेल, एक्सईएन मोहर सिंह मीणा, पीपलू डीएसपी अरविंद, नायब तहसीलदार प्रभुलाल, पीपलू थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह, झिराना थाना प्रभारी हरिमन पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से समझाइश की।

# तालाब में युवक का शव मिला

**कोटा,** (निसं)। नयापुरा थाना इलाके के किशोर सागर तालाब में रविवार को एक युवक का शव तैरता हुआ मिला, लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी,सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर नगर निगम की गोताखोर टीम को बुलाकर शव को तालाब से बाहर निकाला गया। नयापुरा थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि बाराहद्वारी स्थित किशोर सागर तालाब में युवक का शव तैरने की सूचना मिली, सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। थानाधिकारी ने बताया कि किशोर सागर तालाब में मिले मृतक युवक की शिनाख्त केशवपुरा निवासी गौरव सिंह के रूप में हुई है। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने बताया कि गौरव की सगाई टुटने से गौरव मानसिक डिप्रेशन में था और दो तीन दिन से लापता था जिसकी तलाश कर रहे थे।प्रथम दृष्टा से सुसाईड का मामला लग रहा है।

# ट्रेन में यात्री का छूटा बैग सुरक्षित लौटाया

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मंडल अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सवाई माधोपुर एवं आउट पोस्ट गंगापुर सिटी के जवानों ने अपनी सतर्कता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए एक यात्री का छूटा हुआ ट्रॉली बैग और पिट्ठू बैग सुरक्षित रूप से उसके मालिक को लौटाया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सवाई माधोपुर को सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 19019 के कोच संख्या बी-3 की सीट संख्या 72 पर यात्रा कर रहे यात्री का ट्रॉली बैग और पिट्ठू बैग गाड़ी में ही छूट गया है। सूचना मिलते ही प्रधान आरक्षक कालूराम मीणा द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। गाड़ी के गंगापुर सिटी स्टेशन पर पहुंचने पर संबंधित कोच का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान सीट संख्या 71 के नीचे एक ट्रॉली बैग और एक पिट्ठू बैग लावारिस हालत में पाया गया। उक्त बैग को रेलवे सुरक्षा बल कार्यालय, गंगापुर सिटी में सुरक्षित जमा किया गया। बाद में यात्री नीरज वाल्मीकि, निवासी गोंडा (उत्तर प्रदेश) कार्यालय में उपस्थित हुआ तथा अपने आधार कार्ड और रेल टिकट प्रस्तुत कर उक्त बैग को अपना बताया। यात्री ने बताया कि बैग में लैपटॉप, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और पुराने कपड़े थे, जिनकी अनुमानित कीमत 52,000 रुपये थी। गवाहों की उपस्थिति में संपूर्ण जांच एवं पुष्टि के बाद रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यात्री को उसका बैग सही सलामत लौटा दिया।

- बैग में रखे सामान की किमत करीब 52 हजार रुपये थी

# अज्ञात महिला का शव मिला

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मंगरोप थाना क्षेत्र के मंडपिया खेल मैदान पर रविवार सुबह एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला के शरीर पर चोट के गहरे निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। शव के पास एक मोबाइल फोन, टिफिन और एक फैक्टरी के रेस्टोरेंट का कूपन भी मिला है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक महिला संभवतः फैक्टरी मजदूर हो सकती है। मंगरोप थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस अधिकारी शव की शिनाख्त और हत्या के कारणों की जांच में जुटे हुए हैं। इस संबंध में एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव भी मौके पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। पुलिस अब सभी सुराग जुटाकर शिनाख्त और हत्यारोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# मां-बेटी के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, आरोपियों को मुकुंदरा के जंगलों से किया गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। आरकेपुरम थाना इलाके के रोजड़ी में मां और उसकी मासूम आठ वर्षीय बेटी की गला दबाकर की गई हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने हत्या के दो आरोपियों को मुकंदरा के जंगल से गिरफ्तार किया है। मामले में सामने आया कि 60 हजार रूपयों के लेन-देन को लेकर मुख्य आरोपी ने दो साथियों के साथ मिलकर मां-बेटी की थी गला दबाकर हत्या की थी।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आरकेपुरम में मां-बेटी की निर्मम हत्या की सूचना एवं घटना की संवेदनशीलता को देखते हुये घटनास्थल पर पहुंचे तथा एमओबी एफएसएल, डॉग स्काव्ड की टीमें घटनास्थल पर पहुँची एवं गहन जांच कर साक्ष्य जुटाये गये। शहर एसपी ने बताया कि मामले में फरियादी प्रशांत वैष्णव ने रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा था कि उसके जीजाजी भगवान वैष्णव जो कि कोटा के निजी अस्पताल में लैब टेक्निशियन है, 7 नवम्बर की शाम को जब उन्होंने घर आकर देखा तो मेरी बहन ज्योति वैष्णव व मेरी भांजी पलक वैष्णव को अचेत अवस्था में घर में पड़ा हुआ पाया जिनको अस्पताल लेकर गये, जहाँ डॉक्टरों ने उन दोनों को मृत घोषित कर दिया। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया।


आरकेपुरम में मां-बेटी की हत्या के दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

शहर एसपी ने बताया कि मामले में अपराधियों की शीघ्र गिरफतारी हेतु आरकेपुरम थानाधिकारी महेन्द्र मारू एवं अनंतपुरा थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अलग-अलग वृत्त स्तर पर 16 पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों ने मुखबिर व आसूचना संकलन के आधार पर प्रकरण में हत्या करने वाले 2 आरोपी प्रदीप वैष्णव व भरत को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी एवं मृतका पहले से एक-दूसरे को जानते थे। मामले मे एक अन्य फरार मुलजिम राजु उर्फ मामू की तलाश जारी है।

शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी प्रदीप वैष्णव ने बताया कि वह मृतका ज्योति वैष्णव को काफी सालों से जानता है। वह वर्तमान में भी उससे बातचीत करता है एवं कभी कभार कोटा आकर मृतका से मिलता था। कुछ महिने पूर्व उसने मृतका को 60 हजार रूपये उधार दिये थे और जब ज्योति वैष्णव से पैसे वापस मांगे तो ज्योति वैष्णव ने रूपये देने से इंकार कर दिया।

- 60 हजार रूपयों के लेन-देन को लेकर मां-बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी थी

इस बात पर दोनों के बीच में लड़ाई हो गई थी तभी से उसने ठान लिया था कि मैं ज्योती को जान से मार दूंगा, जिस पर आरोपी प्रदीप ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर ज्योति को मारने की साजिश रची। हत्या के एक दिन पूर्व भी मुलजिमान मृतका के घर आये थे, लेकिन मौका नहीं मिलने के कारण हत्या को अंजाम नहीं दे पाये थे तथा कोटा रहकर अगले दिन 7 नवम्बर को दोबारा ज्योति के पति के घर से निकलते ही घर में घुसकर ज्योति को अकेला पाकर रसोई में चुन्नी से गला दबाकर मार रहे थे। तभी ज्योति की बेटी पलक स्कूल से घर के अंदर आ गई जिसने हमें उसकी माँ ज्योती को मारते हुये देख लिया था। पलक के चिल्लाने पर उसका मुंह व गला दबाकर हत्या कर ज्योति के मंगलसूत्र कानों के टॉपस खोलकर व अलमारी में रखे अन्य सामानों को लूटकर फरार हो गये थे।

# घायल वृद्धा को शिक्षा मंत्री दिलावर ने अस्पताल पहुंचाया



शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने घायल महिला को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया।

**अजमेर,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने एक बार फिर अपनी मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। रविवार को अजमेर से नागौर जाते समय रेलवे क्रॉसिंग के पास सड़क दुर्घटना में घायल हुई एक वृद्ध महिला को उन्होंने अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर का काफिला जब पुष्कर मार्ग से गुजर रहा था, तभी सामने से आ रहा मोटरसाइकिल पर सवार वृद्धा अचानक गिरकर बेहोश हो गई। यह देखकर दिलावर ने तुरंत गाड़ी रुकवाई, खुद महिला की मदद के लिए दौड़े और अपने वाहन से राजकीय उपचिकित्सा केंद्र पुष्कर पहुंचकर उसे भर्ती कराया। उन्होंने चिकित्सक अभिजीत को निर्देश दिए कि महिला को बेहतर उपचार और सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये। घायल महिला लाली रावत पत्नी रतनलाल रावत (48) निवासी बड़ी होकरा, थाना पुष्कर बताई गई है, जो अपने पुत्र लक्ष्मण के साथ अजमेर आ रही थी। डॉक्टरों के अनुसार महिला की हालत फिलहाल स्थिर है।

- पुष्कर मार्ग पर बाइक सवार वृद्धा अचानक गिरकर बेहोश हो गई थी

# पब्लिक रिसर्च सर्वे ने लगभग हर क्षेत्र में भजनलाल सरकार को गहलोत से बेहतर पाया

## आमजन ने बिजली, पेयजल, कानून व्यवस्था, उद्योग, निवेश, युवा रोजगार व किसान कल्याण में गहलोत सरकार से बेहतर प्रदर्शन माना

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 2 साल के कार्यकाल को प्रदेश की जनता ने पूर्ववर्ती अशोक गहलोत की सरकार से काफी बेहत्तर बताया है। पब्लिक रिसर्च एंड एडवाइजरी सर्विसेज द्वारा प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्रों में करवाए गए सर्वे और 10 हजार से अधिक लोगों के फीडबैक के आधार पर यह निष्कर्ष निकला है।

- **पब्लिक रिसर्च एंड एडवाइजरी सर्विसेज़ द्वारा प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्रों में करवाए गए सर्वे और 10 हजार से अधिक लोगों के फीडबैक के आधार पर यह निष्कर्ष सामने आया है।**
- **संस्था ने इन 200 विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक जगह 50-50 लोगों से बात की, जिसमें उन्होंने भजनलाल सरकार की नीतियों, योजनाओं और कार्यशैली के प्रभाव के बारे में जानकारी जुटाई। साथ ही भजनलाल सरकार के कार्यकाल को पूर्ववर्ती अशोक गहलोत की सरकार के कार्यकाल से भी तुलना करते हुए भी सवाल पूछे।**

संस्था ने इन 200 विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक जगह 50-50 लोगों से बात की, जिसमें उन्होंने भजनलाल सरकार की नीतियों, योजनाओं और कार्यशैली के प्रभाव के बारे में जानकारी जुटाई। साथ ही भजनलाल सरकार के कार्यकाल को पूर्ववर्ती अशोक गहलोत की सरकार के कार्यकाल से भी तुलना करते हुए सवाल पूछे। आमजन से पानी, बिजली, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, उद्योग, निवेश, रोजगार, कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार नियंत्रण, खेलकूद विकास नीति पर बातचीत की गई थी।

पब्लिक रिसर्च एंड एडवाइजरी सर्विसेज इंडिया ने राजस्थान तुलनात्मक जनमत सर्वेक्षण-नवंबर 2025 की रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया है कि राजस्थान की कानून व्यवस्था और पुलिस प्रणाली के संदर्भ में 62 प्रतिशत लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार को पिछली कांग्रेस सरकार से बेहतर बताया, जबकि 14 प्रतिशत लोगों ने इसे सामान्य बताया।

यह आंकड़ा सरकार की "सुरक्षित राजस्थान" नीति पर जनता के भरोसे को दर्शाता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 2 वर्ष के कार्यकाल को लेकर 56 प्रतिशत नागरिकों ने बेहतर बताया, जबकि 23 प्रतिशत लोगों ने इसे सामान्य माना। यह स्पष्ट संकेत है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व और प्रशासनिक कार्यकुशलता को जनता ने सकारात्मक दृष्टि से देखा है।

पेयजल के मुद्दे पर 58 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि मौजूदा सरकार में पानी की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था बेहतर हुई है, जबकि 22 प्रतिशत लोगों ने इसे सामान्य और 20 प्रतिशत ने कमजोर बताया। ग्रामीण इलाकों में पेयजल परियोजनाओं को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। बिजली आपूर्ति के मुद्दे पर 52 प्रतिशत लोगों ने माना कि बिजली आपूर्ति, कटौती नियंत्रण और बिलिंग प्रणाली में सुधार हुआ है। केवल 26 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इसे कमजोर बताया, जबकि 22 फीसदी लोगों ने इसे सामान्य माना। इससे संकेत मिलता है कि सरकार की ऊर्जा नीति पर जनता का भरोसा बढ़ा है।

शिक्षा क्षेत्र में 48 प्रतिशत नागरिकों ने शिक्षकों की उपलब्धता और शैक्षिणक गुणवत्ता को बेहतर बताया, जबकि 36 प्रतिशत ने इसे सामान्य बताया। स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में 44 प्रतिशत लोगों ने सुधार की बात कही, 31 प्रतिशत ने सामान्य और 25 प्रतिशत ने कमजोर बताया। इसका अर्थ है कि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में प्रगति हुई है, लेकिन अभी भी अपेक्षाएं बनी हुई हैं।

बुजुर्ग पेंशन, विधवा सहायता और गरीब कल्याण योजनाओं के संदर्भ में 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इन्हें बेहतर बताया, जबकि 42 प्रतिशत लोगों ने इसे सामान्य और 30 प्रतिशत ने कमजोर माना।

राज्य में नए उद्योगों, निवेश और रोजगार के माहौल को लेकर जनता ने सरकार को उच्च अंक दिए। 64 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि औद्योगिक माहौल में सुधार हुआ है, जबकि केवल 22 प्रतिशत ने इसे कमजोर माना।

कृषि और किसान कल्याण योजनाओं के क्षेत्र में भी 63 प्रतिशत किसानों ने वर्तमान सरकार को बेहतर बताया, जिससे यह स्पष्ट है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार के प्रयासों को जनता ने सराहा है। युवाओं और रोजगार नीति पर 56 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने युवाओं के लिए रोजगार, स्किल डेवलपमेंट और स्टार्टअप योजनाओं में सरकार को बेहतर बताया, जबकि 23 प्रतिशत ने सामान्य और 21 प्रतिशत ने कमजोर कहा।

सरकारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता को लेकर 49 प्रतिशत नागरिकों ने कहा कि वर्तमान सरकार बेहतर काम कर रही है, 24 प्रतिशत ने सामान्य और 27 प्रतिशत ने कमजोर बताया।

इसका संकेत है कि जनता को शासन में ईमानदारी और जवाबदेही की झलक दिखाई दी है।

खेल सुविधाओं, स्टेडियम और प्रशिक्षण केंद्रों के विकास को लेकर 42 प्रतिशत लोगों ने सरकार को बेहतर, 27 प्रतिशत ने सामान्य और 31 प्रतिशत ने कमजोर बताया।

सर्वे के अंत में जब नागरिकों से पूछा गया कि कुल मिलाकर किस सरकार का प्रदर्शन बेहतर रहा, तो 48 फीसदी लोगों ने वर्तमान भाजपा सरकार को बेहतर बताया, 21 प्रतिशत ने इसे सामान्य कहा।

इस सर्वे से यह निष्कर्ष निकलता है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की जनता को सुशासन, पारदर्शिता, कानून व्यवस्था और विकास के क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अधिक संतोषजनक परिणाम मिले हैं।

# आचार्यकुलम में राष्ट्रीय खेल उत्सव की धूम

## हरिद्वार के बाद आगरा, लखनऊ और जयपुर में भी प्रतियोगिताएं होगी, पहले खेल उत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम




**आचार्यकुलम और गुरुकुलम में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ योग गुरू स्वामी रामदेव और भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एनपी सिंह ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया।**

**हरिद्वार।** देवभूमि की धरा पर भारतीय शिक्षा बोर्ड की ओर से पहला "राष्ट्रीय खेल उत्सव" का शुभारंभ जोश और उत्साह के साथ आचार्यकुलम में किया गया। योग गुरू स्वामी रामदेव और भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एनपी सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप जलाकर पहले राष्ट्रीय खेल का शुभारंभ किया।

- **रेसलिंग, जूडो, बास्टकेटबाल, हैंडबॉल, कबड्डी, मलखम, बैडमिंटन, योग तथा खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन होगा**

स्वामी रामदेव ने इस अवसर पर भारतीय शिक्ष बोर्ड से संबद्ध देश भर से प्रतिभाग करने आये खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। स्वामी रामदेव ने कहा कि बच्चों के निर्माण के लिए समग्र दृष्टि चाहिए। इन्हीं दृष्टि को लेकर भारतीय शिक्षा बोर्ड भारत और भारतीयता का झंडा आगे लेकर बढ़ा है।

इससे पूर्व आचार्यकुलम में बच्चों ने स्वामी रामदेव, कार्यकारी अध्यक्ष एनपी सिंह सहित सभी का अभिवादन किया। दीप प्रज्वलन के बाद मार्च पास्ट किया गया। जिसमें भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध रखने वाले और प्रतियोगिता में शिरकत करने वाले खिलाड़ियों ने अपने-अपने राज्य का प्रतिनिधित्व मार्च पास्ट के दौरान किया। राष्ट्रीय खेल उत्सव के दौरान देश के 30 विद्यालय और 59 टीमें शिरकत कर रही हैं। हरिद्वार के गुरुकुलम और आचार्यकुलम में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पतंजलि गुरुकुलम में रेसलिंग, जूडो और मलखम का आयोजन किया गया जबकि बास्केटबाल, हैंडबाल और कब्बड़ी प्रतियोगिता आचार्यकुलम विद्यालय में हुआ। शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एनपी सिंह ने बताया कि 13 और 14 नवम्बर को वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जीएसएस इंटर कॉलेज, आगरा, उत्तर प्रदेश, 17 और18 नवम्बर को एथलेटिक्स व बैडमिंटन प्रतियोगिता लालबाग इसाबेला थोबर्न स्कूल लखनऊ, उत्तर प्रदेश में और 21 और 22 नवम्बर को योग व खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन अमेरिकन इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर, राजस्थान में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक सौष्ठव के साथ-साथ मानसिक और चरित्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के लिए बोर्ड देश में पहली बार प्रथम राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।

# कोकीन सप्लाई करने वाले दो विदेशी नागरिक गिरफ़्तार

**जयपुर।** मालवीय नगर पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) पूर्व ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ कोकीन की सप्लाई करने वाले दो विदेशी नागरिकों को गिरफ़्तार किया है और साथ ही उनके पास से 13 ग्राम 44 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ कोकेन और परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन (स्कूटी) भी बरामद किया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से गिरोह के अन्य लोगों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि शहर में चल रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी को रोकने के लिए ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया जा रहा है।

जिसके चलते मालवीय नगर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ कोकेन की तस्करी करने वाले विदेशी नागरिक 35 वर्षीय ऑस्टिन इज़ चुकु और 38 वर्षीय पीटर ओकवुडिली को गिरफ्तार किया गया है।

दोनो ही आरोपित अबुलेगबा जिला लागस (नाइजीरिया) हाल शिवदासपुरा जयपुर के रहने वाले है। जिनके पास से 13 ग्राम 44 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ कोकेन और परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन (स्कूटी) जब्त की गई है।

# राज्यपाल ने 17 विभूतियों को किया सम्मानित



**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने रविवार को ग्रेटर नगर निगम की स्मारिका "नवोन्मेष" तथा कॉफी टेबल बुक "मेरा जयपुर ग्रेटर" का विमोचन किया। समारोह में सांसद घनश्याम तिवाड़ी, वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर मौजूद थे।**

**जयपुर (कासं)।** ग्रेटर नगर निगम द्वारा रविवार को जेएलएन मार्ग स्थित पंचायती राज संस्थान में सम्मान समारोह एवं "नवोन्मेष" स्मारिका एवं "कॉफी टेबल बुक मेरा जयपुर ग्रेटर" का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शिरकत की। राज्यपाल ने 17 विभूतियों को इस अवसर पर सम्मानित किया, जिन्होंने योग महोत्सव-2025 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के निर्देशन में नगर निगम ग्रेटर ने स्वच्छता में बेहतरीन काम किया है और इसीलिए नगर निगम ग्रेटर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 16 वें पायदान पर पहुंचा।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने इस अवसर पर अब तक किए गए कार्यों के बारे में प्रकाश डाला और कहा कि जनहित के कार्य उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

नगर निगम ग्रेटर ने स्वच्छता के साथ-साथ नवाचार, धर्म कला संस्कृति में कीर्तिमान भी गढ़े हैं।

समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने मेघ सिंह चौहान, राज योगिनी बीके, सतपाल सिंह, डॉ. कुलभूषण बैराठी, रवि कामरा, प्रभाकर श्रीवास्तव, नीरज सिंह, विनोद कुमार शर्मा, उमेश शर्मा, रमाकांत मिश्र, सुभाष चंद्र यादव, धर्मिता चौधरी, सुनीता शर्मा, सुचिता अग्रवाल, संजय छाबड़ा, अलका गॉड, अशोक कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने गोपाल शर्मा, तुषार वाधवानी, मौजी शंकर सैनी सहित अन्य कार्मिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर छात्रवृत्ति योजना के तहत स्वच्छता योद्धाओं के 40 होनहार बच्चों को छात्रवृत्ति राज्यपाल ने प्रदान की। समारोह में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, ग्रेटर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी एवं निगम के अन्य अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पेंटिंग्स में सड़क सुरक्षा का मुद्दा उठाएंगे स्कूली बच्चे

**जयपुर।** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े डराने वाले है। इन्हें कम करने के लिए समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। इसी सोच के साथ नयी पीढ़ी में ट्रैफिक सेंस डवलप करने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी लाइन संस्था की ओर से 17 से 19 नवंबर तक पेंटिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 60 विद्यालयों के 3000 से अधिक बच्चे भाग लेंगे। स्कूली बच्चे सड़क सुरक्षा के मुद्दे को रचनात्मक अंदाज में रंग और कूची के माध्यम से कागज पर साकार करेंगे। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त,राजस्थान श्रीमती निधि ने कॉम्पिटिशन के पोस्टर व बैनर का विमोचन किया। इस दौरान अध्यक्ष सतीश चंद्र देराशरी (रि. आईएएस), सचिव प्रताप भाटिया, कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, अजय कौल, डॉ. सुरेन्द्र स्वर्णकार और तन्मय अग्रवाल मौजूद रहे।प्रताप भाटिया ने बताया कि रोड सेफ्टी लाइन, सड़क सुरक्षा के प्रति 23 वर्षों से कार्यरत है। विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए कई कार्यशालाओं, सेमिनार का आयोजन कर अब तक 52 हजार से अधिक विद्यार्थियों को संबोधित कर चुके हैं। इसी कड़ी मे प्रतियोगिता 5 साल पहले 300 विद्यार्थियों के साथ आरम्भ की गयी। इस वर्ष प्रतियोगिता में 3 वर्ग में कक्षा 3 से 5, कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। विजेताओं को 2 से 31 हजार रुपये के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बतौर पुरस्कार दिए जाएंगे।

# एल.आई.सी. का छमाही लाभांश 16.36 प्रतिशत बढ़कर 21040 करोड़ हुआ

## गत 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए यह 18082 करोड़ रुपये था

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निदेशक मंडल ने 30 सितंबर को समाप्त छमाही के लिए एकल और समेकित वित्तीय परिणामों को स्वीकृति प्रदान की एवं उन्हें अनुमोदित किया। इस छमाही के लिए कर पश्चात लाभ (पीएटी) 21 हजार 40 करोड़ रुपये था, जबकि 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए यह 18082 करोड़ रुपये था, जो कि 16.36 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) (आईआरडीएआई के अनुसार) के आधार पर मापी गई बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में, एलआईसी 30 सितंबर 2025 को समाप्त छमाही के लिए 59.41 प्रतिशत की समग्र बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में बाजार अग्रणी बनी हुई है, जबकि 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही के लिए यह 61.07 प्रतिशत थी। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही के लिए, एलआईसी की व्यक्तिगत व्यवसाय में 37.21 प्रतिशत और समूह व्यवसाय में 72.74 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी।

एलआईसी के सीईओ एवं एमडी आर दुरैस्वामि ने बताया कि कुल प्रीमियम आय 5.14 प्रतिशत बढ़कर 2 लाख 45 हजार 680 करोड़ रुपये हो गई। इसके साथ ही व्यक्तिगत व्यवसाय असहभागी (नॉन पार) एपीई 30.47 प्रतिशत बढ़कर 6234 करोड़ रुपये हो गया है। इसी प्रकार व्यक्तिगत व्यवसाय में असहभागी (नॉन पार) एपीई का हिस्सा वित्त वर्ष 26 की छमाही में 36.31 प्रतिशत रहा, जबकि वित्त वर्ष 25 की छमाही में यह 26.31 प्रतिशत था।

इसी तरह समूह व्यवसाय एपीई 20.30 प्रतिशत बढ़कर 11 हजार 864 करोड़ रु. रुपये हो गया है। इसी प्रकार समग्र एपीई 3.60 प्रतिशत बढ़कर 29034 करोड़ रुपये हो गया। नव व्यवसाय का मूल्य (बीएनबी) 12.30 प्रतिशत बढ़कर 5111 करोड़ रुपये हो गया। वीएनबी मार्जिन (नेट) 140 बीपीएस की वृद्धि के साथ 17.60 प्रतिशत पहुंच गया है। समग्र व्यय अनुपात वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के लिए 146 बीपीएस की कमी के साथ वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के 12.74 प्रतिशत से घटकर 11.28 प्रतिशत हो गया। इसी तरह एयूएम 3.31 प्रतिशत बढ़कर 57.23 लाख करोड़ रुपये हो गया। सॉल्वेंसी अनुपात 1.98 से बढ़कर 2.13 हो गया।

आर दुरैस्वामि ने बताया कि "हम एलआईसी में सितंबर 2025 के दौरान भारत सरकार द्वारा बीमा उद्योग के लिए घोषित जीएसटी परिवर्तनों के सकारात्मक प्रभाव को लेकर बेहद आशावादी हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि ये परिवर्तन ग्राहकों के सर्वोत्तम हित में हैं और भारत में जीवन बीमा उद्योग के विकास को और तेज़ करेंगे। एलआईसी के रूप में हमने यह सुनिश्चित किया है कि जीएसटी परिवर्तनों के सभी अपेक्षित लाभ ग्राहकों तक पहुंचे।

# तीखे सवाल-जवाबों के बीच जयपुर डायलॉग संपन्न

## तीसरे दिन धर्म, सनातन, भ्रष्टाचार, धर्मांतरण और हिंदू विरोधी गतिविधियों पर जमकर बोले वक्ता

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राष्ट्रवादियों का महाकुंभ तीन दिवसीय "जयपुर डायलॉग 2025" रविवार को गर्मा-गर्म संवादों और तीखी बहस के साथ संपन्न हो गया। शत्रुबोध थीम पर तीसरे दिन भी विषय विशेषज्ञों और राजनीतिक विश्लेषकों ने विभिन्न सत्रों धर्म, सनातन, भ्रष्टाचार, धर्मांतरण और हिंदू विरोधी गतिविधियों पर जमकर प्रहार किया।

प्रथम सत्र में भारत के राजनीतिक भविष्य को लेकर वक्ताओं ने चर्चा करते हुए कहा कि भारत का भविष्य क्या होगा। विशेष रूप से मोदी-योगी और हिमंता कौन भारत का भविष्य में नेतृत्व करेगा। इस सत्र में मोदी के बाद के राजनीतिक नेतृत्व को लेकर अमिताभ अग्निहोत्री, ओमकार चौधरी, प्रखर श्रीवास्तव, कंचन गुप्ता, नीरज अत्री, अवनीश शर्मा ने अपनी राय रखी और बताया कि यह किसने सोचा था कि मोदी तीसरी बार भी प्रधानमंत्री का दायित्व संभालेंगे। बीते 11 वर्ष में इतना बदलाव आया यह किसने सोचा था। यह बहुत ही सोच का विषय है। मोदी और योगी को धार्मिक लीडर भी कह सकते हैं और देश का फ्यूचर भी यही हो सकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से भारत की यात्रा जिस दिशा में बढ़ी उसे और आगे ले जाने की जरूरत है। इस सत्र का संचालन हर्ष कुमार ने किया।

दूसरे सत्र में सिविलाइजेशन शत्रुबोध विषय पर डॉ. ओमेंद्र रत्नू, शेफाली वैद्य, एस्थर धनराज, संदीप बालाकृष्णा और कार्तिक गौर ने कहा कि देश की घटिया इतिहासकारों ने सत्य को हमारे गले उतारा और झूठ गढ़ा गया। हिंदुओं पर अत्याचार हुए लेकिन 120 करोड हिंदू हमारी



**राष्ट्रवादियों के महाकुंभ "जयपुर डायलॉग 2025" में अंतिम दिन भी विषय विशेषज्ञों और राजनीतिक विश्लेषकों ने कई ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की।**

सफलता है हमें सतत संघर्ष करना होगा। हमें हिंदू समाज पर गर्व करना चाहिए।

तीसरे सत्र में राजनीतिक शत्रु दिशा और देश को बांटने की राजनीति पर तुहीन सिन्हा, पल्लवी घोष, अभिजीत अययर मित्रा, शहजाद पूनावाला, बाबा रामदास, बी ड़ी मूंदड़ा और पत्रकार अभिषेक तिवारी ने इतिहास के संदर्भ देकर सनातन विरोधियों और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और गांधी परिवार की ओर से जातीयता, भेदभाव और समानता के मुद्दों को उठाया और विरोधियों की जमकर पोल खोली।

चौथे और आखिरी सत्र में शत्रुबोध से शत्रुनाश विषय पर आर जगन्नाथ, भाऊ तोरसेकर,अवनीश पीएन शर्मा, तहसीन पूनावाला, जयपुर दल के चेयरपर्सन संजय दीक्षित और अनुपम मिश्रा ने शत्रुओं की पहचान के बाद उनके खात्मे की जरूरत पर बल दिया। वक्त होने कहा कि हमें पहले शत्रु को पहचाना होगा और फिर उसको खत्म करने की रणनीति बनानी होगी। इस सत्र में विश्वगुरु मिशन के तहत डिजिटल अखंड भारत के नाम से सनातन धर्म नॉलेज को प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा संस्थानों में नई पीढ़ी को जोड़ने वाले वर्ल्ड फास्ट एआई फोर सनातन का ऐप लॉन्च किया गया। इस संबंध में बंगाल से आए पिनाकी गांगुली ने विस्तार से जानकारी दी। मंच संचालन प्रणय भारद्वाज ने किया।

### सेना की जरूरतों को समझे ब्यूरोक्रेसी

युद्ध कला में आमूल चूल परिवर्तन हो चुका है। वर्तमान में तकनीक के साथ सेना को कदमतान करना होगा। आत्मनिर्भर डिफेंस सेशन में लेफ्टिनेंट जरनल डी पी पांडेय, कर्नल मयंक चौबे, कर्नल अजय रैना और मेजर जरनल सुधाकर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान गोला बारूद के बजाय तकनीक का शानदार उपयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नेवी ने कहा कि अब वे सभी मेक इन इंडिया शिप का ही उपयोग करेंगे। सियाचिन में जॉर्ज स्नो स्कूटर की चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ब्यूरोक्रेसी को सेना की जरूरत को समझाना पड़ेगा। बढ़ता भारत की चर्चा करते हुए कहा कि भारत से सैन्य उपकरण बड़ी मात्रा में एक्सपोर्ट भी होने लगे हैं। रूस की सेना को यूपी की फैक्टरी में बने जूते एक्सपोर्ट किया जा रहा है तो अमरीकी सेना को बेंगलुरु की फैक्टरी से बुलेट प्रूफ जैकेट आपूर्ति किया जा रहा है। नई पीढ़ी की सेना को विकसित किए जाने में युवा शक्ति के स्टार्टअप ने सहायता प्रदान की है। यह संतोष की बात है कि प्राइवेट और सरकारी डिफेंस सेक्टर पूर्व सैन्य विशेषज्ञों की सलाह ले रहे हैं।

### इंडियंस कमिंग बैक टू भारत?

पहले मुगल और बाद में अंग्रेजों के शासन में हमारी शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो गई। लेकिन आजादी के बाद बीते 8 दशक में भी हम इसे पटरी पर नहीं ला सके, जो अब तक का सबसे बड़ा नुकसान है। सेशन में संक्रांत शानू, सी के राजू, राज वेदम और विजय सरदाना ने कहा कि हमारी गुरुकुल व्यवस्था खत्म हो गई। इतिहास को न सिर्फ कमजोर किया गया बल्कि बादल भी दिया गया। लिहाजा भारत की शैक्षिक प्रतिभाएं पलायन कर विदेशों को समृद्ध कर रही है। जबकि यह हमारा बौद्धिक अधिकार था। चीन प्रत्येक सेक्टर में अपने देश के टॉपर्स को पहचान कर अलग से ट्रेनिंग करवाता है। इससे वह सुपर स्पेशलिस्ट बन जाते हैं। भारत को तब तक काम करने की जरूरत है, जब तक दूसरे देश इसे विश्व गुरु मानने लगे।

### डज हिंदू इकोसिस्टम एक्जिस्ट

नाम बदले बिना धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। यह और ज्यादा खतरनाक है। धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हमारे आसपास रहने वाले परिवारों का ध्यान रखना होगा। उनकी जरूरत और परेशानियों को पहचान कर योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाना होगा।

सैशन में अमी ग़नात्रा, बाबा रामदास और संजय दीक्षित ने कहा कि बच्चों में शत्रुबोध विकसित करना होगा। समाज की बैठकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या बढ़ानी होगी। सोशल मीडिया और पोस्ट पॉडकास्ट से चेतना तो आई है, पर इसे शत प्रतिशत तक लाना होगा। सरकार के भरोसे न रहकर आत्मसुरक्षा स्वयं को करनी होगी। सुरक्षा का इको सिस्टम बनाना होगा। उन्होंने कहा कि जो चीज तलवार के रास्ते आई है वह उसी रास्ते आएगी, बाद हमें उसी तरीके से जवाब देना होगा।

# प्रसार भारती अध्यक्ष सहगल ने ली बैठक

**जयपुर।** प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने 8 और 9 नवम्बर को आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र जयपुर का दो-दिवसीय दौरा किया।

- **दूरदर्शन और आकाशवाणी कार्यक्रमों को अधिक जन-उन्मुख बनाने पर दिया जोर**

अपने अवलोकन एवं समीक्षा बैठकों के दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आकाशवाणी और दूरदर्शन राजस्थान को अधिक से अधिक जनोपयोगी, लोकहितकारी, आध्यात्मिक एवं उपयोगिता आधारित कार्यक्रम प्रसारित करने चाहिए, ताकि आमजन को प्रत्यक्ष लाभ पहुँचे और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की सही जानकारी हर नागरिक तक पहुँच सके। सहगल ने कहा कि राजस्थान सरकार की योजनाएँ-तब और अब-कैसे जनता को लाभ पहुँचा रही हैं, इस पर आधारित कार्यक्रमों को विशेष महत्व दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि हर विभाग की कल्याणकारी योजनाओं को सरल, प्रभावी और जन-संवादात्मक रूप में प्रसारित किया जाए ताकि आम नागरिक इनसे अधिकतम लाभ प्राप्त कर सके।

9 नवम्बर को दूरदर्शन केंद्र में आयोजित बैठक में अध्यक्ष सहगल ने कहा कि कार्यक्रम निर्माण में नवीनता, अध्यात्म, सामाजिक उपयोगिता और जनसेवा की भावना प्रमुख रूप से दिखाई देनी चाहिए।

उन्होंने दूरदर्शन टीम को प्रेरित करते हुए कहा कि हर कार्यक्रम जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप हो, उनकी समस्याओं के समाधान में मदद करे और जागरूकता बढ़ाने वाला हो। आज की बैठक से पूर्व अध्यक्ष सहगल ने दूरदर्शन परिसर में वृक्षारोपण किया। इसके बाद आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने दोहराया कि दूरदर्शन राजस्थान को राष्ट्रीय प्रसारण में और अधिक प्रभावी भूमिका निभानी है, और हम सभी को एक टीम की तरह मिलकर जनहित व राष्ट्रिहत के कार्यक्रमों का निर्माण करना है।

केंद्र प्रमुख सतीश देपाल ने अध्यक्ष सहगल को स्मृति चिन्ह भेंट किया,कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय ने पुष्पगुच्छ भेंट किया और समाचार प्रमुख मंजू मीणा ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



मेरी हर जीत देश के उन वीर जवानों के लिए है जिन्होंने अपनी जान देश की सुरक्षा में न्योछावर की। यह सिल्वर मेडल मैं उन सभी शहीदों को समर्पित करता हूं।
– श्रीमंत झा

पैरा-आर्म रेसलर, वर्ल्ड कप में सिल्वर मैडल जीतने के बाद बोलते हुए।

# खेल जगत



## आज का खिलाड़ी ▶ नोवाक जोकोविच



ग्रीस के एथेंस में खेले गए हेलैनिक चैंपियनशिप फाइनल में शानदार जीत दर्ज करने के बाद सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच ने शनिवार को इटली के लोरेन्जो मुस्सेट्टी को कडे मुकाबले में हराकर अपना 101वां करियर खिताब जीता, लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद उन्होंने कंधे की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। जोकोविच ने कहा कि वे इस चोट से पूरे टूर्नामेंट के दौरान जूझते रहे। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए बताया कि वे ट्यूरिन में होने वाले एटीपी फाइनल्स में हिस्सा लेने के लिए उत्साहित थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** विराट कोहली ने वनडे और टी20 को मिलाकर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है और उनके नाम इस प्रारूप में सबसे ज्यादा रन हैं।


## सिमरजीत ने झटके छह विकेट,लेकिन जे एंड के को 99 रनों की बढ़त

नयी दिल्ली, 9 नवंबर । दिल्ली के तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह ने शाम के सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए जम्मू-कश्मीर की टीम को पहली पारी में 310 के स्कोर पर समेट दिया। हालांकि कप्तान पारस डोगरा (106), अब्दुल समन (85) और कन्हैया वधावन (47) की शानदार पारियों के दम पर जम्मू-कश्मीर ने 99 रनों की बढ़त मिली। दिन का खेल समाप्त होने तक दिल्ली ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए सात रन बना लिये हैं। सिमरजीत ने दिन की धीमी शुरुआत के बाद छह विकेट लिए। जब आज खेल शुरू हुआ तो वह मैदान पर नहीं थे। वह थोडी देर तक अलग अभ्यास कर रहे थे। जब वह आखिरकार मैदान पर आए तो वह पूरी तरह फिट नहीं लग रहे थे। उन्होंने डीप में एक आसान कैच छोड दिया। लेकिन सिमरजीत सिंह ने स्विंग कराकर जम्मू-कश्मीर के बल्लेबाजों को परेशान रखा और आखिरकार छह विकेट लेकर दिन का खेल खत्म किया। जम्मू-कश्मीर ने कल के तीन विकेट पर 31 रन से आगे खेलना शुरु किया। दिल्ली को चौथी सफलता विव्रांत शर्मा (14) रनआउट के रूप में मिली। इसके बाद कप्तान पारस डोगरा और अब्दुल समद ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 141 रन जोडे। 59वें ओवर में मनन भारद्वाज ने अब्दुल समद (85) को आउटकर इस साझेदारी को तोडा। इसके बाद ऋतिक शौकीन ने शतक बना चुके पारस डोगरा (106) को अपना शिकार बना लिया। कन्हैया वधावन (47) को मनी ग्रेवाल ने आउट किया। साहिल लूथरा (10), आक़िब नबी (शून्य) और आबिद मुश्ताक (17) को सिमरजीत ने आउट कर जम्मू-कश्मीर की पारी का 310 के स्कोर पर अंत कर दिया।
दिन का खेल समाप्त होने के समय दिल्ली ने दूसरी पारी में बिना कोई बिना विकेट खोए सात रन बना लिये है।

## आकाश चौधरी ने आठ छक्के लगाकर फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन जोडे

सूरत, 9 नवंबर । मेघालय के बल्लेबाज आकाश कुमार चौधरी ने रविवार को रणजी मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए लगातार आठ छक्के लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये। आकाश ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के जडे। वह यह कारनामा करने वाले तीसरे खिलाडी बने। इसके अलावा उन्होंने इस प्रारुप में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकार्ड भी बनाया। उन्होंने लगातार आठ छक्के लगाकर ऐसा किया। उन्होंने 11 गेंदों में अपना रिकॉर्ड अर्धशतक पूरा किया। आकाश ने यह कारनामा रणजी ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मेघालय की ओर से खेलते हुए प्लेट ग्रुप मैच के दूसरे दिन किया। उन्होंने पारी के 126वें ओवर में लेफ्ट-आर्म स्पिनर लिमर डाबी की गेंदों पर छह छक्के जडे, और इस तरह वह उस खास क्लब में शामिल हो गए जिसमें इससे पहले केवल रवि शास्त्री और गैरी सोबर्स थे। दक्षिण अफ्रीका के माइक प्रॉक्टर ने भी लगातार छह छक्के मारे थे, लेकिन वे दो ओवरों में ऐसा कर पाये थे।

## कैनवी प्रीमियर कबड्डी लीग सीज़न 2 का भव्य शुभारंभ जयपुर में सम्पन्न



जयपुर, 9 नवम्बर। जयपुर में कैनवी प्रीमियर कबड्डी लीग (सी पी के एल) सीज़न 2 का भव्य शुभारंभ समारोह बडे उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीजन 2 की ग्रैंड ट्रॉफी का अनावरण किया गया और 8 टीमों एम पी टाइटंस, हरियाणा हीरोज, गुजरात ग्लेडीयेटरस, धाकड दिल्ली, मुंबई मोनाक्रस, राजस्थान रेबल्स, कोलकाता किंग्स, और दबंग यू पी का औपचारिक परिचय कराया गया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कबड्डी प्लेयर प्रदीप नरवाल,शिव कुमार बेनीवाल फाउंडर डायरेक्टर,दीपक राय उपस्थित रहे। जयपुर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर , राघव गोयल होटल सफारी डायरेक्टर,सुनील शर्मा अध्यक्ष सांगानेर,अनिल चौधरी, अशोक जाट, अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाडी एवं सी पी के एल के आइकॉन खिलाडी प्रदीप नरवाल और अंतरराष्ट्रीय पहलवान व कॉमनवेल्थ मेडलिस्ट पूजा सिहाग विशेष अतिथि के रूप में शामिल रहीं। कैनवी प्रीमियर कबड्डी लीग के संस्थापक शिव कुमार बेनीवाल ने बताया कि सी पी के एल का उद्देश्य भारतीय कबड्डी को एक नया आयाम देना है, ताकि देश की प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिल सके। लीग का संचालन कैनवी स्पोर्टस फेडरेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है, जो युवा खिलाडियों को विश्वस्तरीय अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित है। सीज़न 2 का आयोजन जल्द ही दुबई में होने जा रहा है, जहाँ भारत की मिट्टी से जुडा यह पारंपरिक खेल अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी चमक बिखेरेगा। इस ग्रैंड लॉन्च इवेंट का क्यूरेशन और मैनेजमेंट मिस्नाटिक स्पोर्ट्स द्वारा किया गया, जिसने कार्यक्रम को एक शानदार और यादगार रूप दिया।
कार्यक्रम में खेल जगत की नामचीन हस्तियों, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स और विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इसे एक ऐतिहासिक अवसर बना दिया।

# सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई सैकिया-नकवी की बैठक





दुबई, 9 नवम्बर । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के बीच मुलाकात हाल ही में हुई आईसीसी बैठकों से अलग हुई।

सूत्रों ने बताया कि यह बैठक, हालांकि कुछ आईसीसी अधिकारियों द्वारा आयोजित की गई थी, आईसीसी सत्रों से स्वतंत्र थी और अनौपचारिक बोर्ड बातचीत के दौरान भी इस मुद्दे पर चर्चा नहीं की गई। मीडिया के एक वर्ग में आई खबरों के विपरीत, यह मुद्दा कभी भी आईसीसी बैठक के एजेंडे का हिस्सा नहीं था।

एशिया कप ट्रॉफी को लेकर गतिरोध दूर करने के लिए दोनों बोर्ड के अधिकारियों की बैठक हुई। अधिकारियों ने महसूस किया कि इस मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझाना जरूरी है और जैसा कि इस क्रिकबज ने बताया है, बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई।

आईसीसी के कुछ अधिकारियों की मध्यस्थता से हुए समझौते के बाद, दोनों बोर्ड – जो लंबे समय से एशिया कप ट्रॉफी विवाद को लेकर असहमत थे – सौहार्दपूर्ण ढंग से बातचीत करने और गतिरोध समाप्त करने के करीब पहुंच गए हैं।

बीसीसीआई सचिव सैकिया और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी के बीच बैठक कराने से पहले आईसीसी ने इस मामले पर औपचारिक और अनौपचारिक दोनों तरह से चर्चा की।

भारत ने 28 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हुए फाइनल में पाकिस्तान को पूरी ईमानदारी से हराया था, लेकिन उन्हें ट्रॉफी नहीं दी गई क्योंकि उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमलों के पीडितों और पाकिस्तान पर सशस्त्र हमले, ऑपरेशन सिंदूर, शुरू करने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए, नकवी से इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया था।

# अहमदाबाद और कोलकाता 2026 टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल की मेजबानी के लिए चुने गए

दुबई, 9 नवम्बर। अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम और कोलकाता के ईडन गार्डन्स को चुना गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले विश्व कप के लिए, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आठ स्थलों पर अपनी मुहर लगा दी है।

भारत के पांच शहरों – मुंबई, दिल्ली, चेन्नई के अलावा अहमदाबाद और कोलकाता – और श्रीलंका के तीन स्थानों – कोलंबो में दो स्टेडियम और कैंडी में एक स्टेडियम – को अंतिम रूप दे दिया गया है, लेकिन फ़ाइनल के स्थान पर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। यह फ़ाइनल में पहुंचने वाली टीमों पर निर्भर करेगा और उससे भी महत्वपूर्ण यह कि उनमें से एक पाकिस्तान होगा या नहीं।

सेमीफ़ाइनल की बात करें तो, अगर श्रीलंका या पाकिस्तान अंतिम चार में पहुंचते हैं, तो वह मैच कोलंबो में खेला जाएगा। अगर कोई भी अंतिम चार में नहीं पहुंचता है, तो दोनों सेमीफ़ाइनल भारत में खेले जायेंगे। अगर पाकिस्तान उस स्तर तक पहुंचता है, तो फ़ाइनल निश्चित रूप से कोलंबो में खेला जाएगा। इन पहलुओं पर अंतिम निर्णय खुले तौर पर रखे गए हैं।

17 अक्टूबर को जारी आईसीसी की एक विज्ञप्ति के अनुसार, 20 टीमों का यह टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज़ में 2024 में हुए टूर्नामेंट के समान प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें टीमों को पांच-पांच टीमों के चार अलग-अलग समूहों में रखा जाएगा। टेस्ट खेलने वाले सभी 13 देशों, कनाडा, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, ओमान और नामीबिया को छोडकर, इस महीने भर चलने वाले आयोजन के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। यूरोपीय टीम इटली इस वैश्विक चैंपियनशिप में पदार्पण करेगी।

ग्रुप चरण के बाद सुपर-8 चरण होगा जिसमें प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें शामिल होंगी। आईसीसी ने कहा, "सुपर-8 में चार टीमों के दो ग्रुप होंगे, और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।"

भारत विश्व कप का गत विजेता है, जिसने जून 2024 में दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराकर खिताब जीता था। आईसीसी द्वारा कुछ दिनों में ग्रुपों के साथ

# क्या बडे बदलाव की तैयारी है? सैमसन के बदले जडेजा





नयी दिल्ली, 9 नवम्बर । रवींद्र जडेजा के बदले संजू सैमसन – एक ऐसी संभावना जिसे कभी आईपीएल हलकों में न केवल दूर की कौडी बल्कि पूरी तरह असंभव माना जाता था, अब अटकलें नहीं रह गई हैं। पिछले कुछ दिनों में व्यापार समझौते पर सक्रिय बातचीत शुरू हो गई है। यह अभी भी, जैसा कि अमेरिका में कहा जाता है, एक निश्चित सौदा नहीं है – लेकिन क्रिकबज इस बात की पुष्टि कर सकता है कि चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स इस व्यापार पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। क्रिकबज ने 7 नवंबर को इस संभावना के बारे में बताया था।

जडेजा और सैमसन दोनों ही 18 करोड रुपये के खिलाडी हैं और अब तक यह सौदा पक्का हो चुका होगा। हालांकि, समझा जाता है कि राजस्थान रॉयल्स अभी सीधे अदला-बदली के लिए तैयार नहीं है। माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी किसी अन्य खिलाडी को शामिल करने पर ज़ोर दे रही है, जो अंततः पेच का कारण बन सकता है।

ऐसा माना जा रहा है कि रॉयल्स प्रबंधन ने कुछ अन्य फ्रेंचाइजी- जैसे सनराइजर्स हैदराबाद- को भी चुना है, इसके अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों के साथ अपने संवाद के चैनल खुले रखे हैं।

ऐसा समझा जाता है कि सीएसके-आरआर सौदे में सबसे बडी बाधा दक्षिण अफ्रीकी खिलाडी डेवाल्ड ब्रेविस की मांग है, जो पिछले सीजन के बीच में सीएसके में शामिल हुए थे। तब से, यह दक्षिण अफ्रीकी खिलाडी वैश्विक फ्रेंचाइजी सर्किट में शीर्ष बल्लेबाजों में से एक बन गया है। सितंबर में दक्षिण अफ्रीका 20 नीलामी में प्रिटोरिया कैपिटल्स ने भी उन्हें रिकॉर्ड बोली में शामिल किया था, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स की सहायक कंपनी जोहान्सबर्ग सुपर किंग्स विजयी बोली से पहले ही पीछे हट गई थी।

क्रिकबज द्वारा पिछले कुछ दिनों में दी गई रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान रॉयल्स के ब्रिटेन स्थित प्रमुख मालिक मनोज बडाले, जो वर्तमान में मुंबई में हैं, उनकी बातचीत का नेतृत्व कर रहे हैं। हालाँकि, पता चला है कि चेन्नई सुपर किंग्स अपने रुख पर अडिग है – उनका इस सौदे में किसी और खिलाडी को शामिल करने का कोई इरादा नहीं है, ब्रेविस की तो बात ही छोड दें।

सीएसके की ओर से ऐसा माना जा रहा है कि जडेजा, जो इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक हैं, को छोडना अपने आप में एक बडा खुलासा है। हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी ने व्यापार वार्ता शुरू करने से पहले 36 वर्षीय अनुभवी ऑलराउंडर से सलाह-मशविरा किया है। फ़िलहाल, स्थिति यह है कि गेंद राजस्थान रॉयल्स के पाले में है।

सनराइजर्स के सूत्रों के अनुसार, हैदराबाद की टीम सैमसन को लेकर ज़्यादा उत्साहित नहीं है क्योंकि फ्रेंचाइजी के पास तीन स्थापित ओपनर हैं – ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा, जो आईपीएल की सबसे खतरनाक ओपनिंग जोडी हैं, इसके अलावा ईशान किशन भी हैं। फ्रेंचाइजी सूत्रों का कहना है कि उनका ईशान या हेनरिक क्लासेन को छोडने का कोई इरादा नहीं है, जैसा कि हाल ही में अटकलें लगाई जा रही हैं।

## प्रतिष्ठित नेशनल गेम्स 2025-26 का आयोजन



जयपुर, 9 नवंबर।युवाओं की खेल भावना और प्रतिभा का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्सव मनाने वाला प्रतिष्ठित आयोजन – नेशनल गेम्स 2025-26, इस वर्ष जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर की मेजबानी में शुरु हुआ। यह प्रतियोगिताएं 13 नवम्बर 2025 तक चलेंगी। इस वर्ष, जेपीआईएस गर्व के साथ तीन रोमांचक श्रेणियों – अंडर-17 बॉयज़ फुटबॉल और अंडर-19 गर्ल्स फुटबॉल – की मेज़बानी कर रहा है, जो कौशल, जोश और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन पेश करेंगी।

देश-विदेश के 40 से अधिक प्रमुख विद्यालयों से आए 800 से अधिक छात्र-खिलाडी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल, आदित्य बिडला वर्ल्ड ऐस, और जेम्स मॉडर्न अकैडमी, दुबई जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी इस खेल महोत्सव का हिस्सा बनेंगे। 9 नवम्बर को आयोजित उद्घाटन समारोह ने पाँच दिनों तक चलने वाले रोमांचक मुकाबलों, यादगार खेल क्षणों और खेलों के माध्यम से एकता की सच्ची भावना की शुरुआत की। नेशनल गेम्स टीमवर्क, दृढ़ता, साहस और खेल भावना का प्रतीक हैं – यह आयोजन युवा खिलाडियों को एक मंच पर लाता है।

# अटलांटा के पास 10,500 सीटों वाला क्रिकेट स्टेडियम प्रस्तावित

अटलांटा, 9 नवम्बर । हाल के वर्षों में संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय बदलाव आया है, जिसकी वजह डलास के पास अत्याधुनिक सुविधाओं वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का आगमन और कैलिफ़ोर्निया के प्रतिष्ठित कोलिज़ीयम में मैचों का सफल आयोजन है। इस शीर्ष-स्तरीय विकास के साथ माइनर लीग क्रिकेट (एमआईएलसी) का उदय भी हुआ है, जिसके व्यापक राष्ट्रीय प्रभाव ने पिछले पांच वर्षों में देश भर में दर्जनों टर्फ-पिच मैदानों के विकास को सीधे तौर पर बढ़ावा दिया है।

इस बुनियादी ढांचे को अमेरिकी हृदयभूमि तक ले जाने का काम लाग्रेंज क्रिकेट होल्डिंग्स के सीईओ और अध्यक्ष केवल पटेल कर रहे हैं, जिन्होंने अटलांटा से केवल 50 मिनट दक्षिण में स्थित जॉर्जिया के ग्रामीण लेकिन तेजी से विकसित हो रहे शहर लाग्रेंज में एक निजी स्वामित्व वाला विश्वस्तरीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने की महत्वाकांक्षी योजना का अनावरण किया है।

प्रस्तावित स्थल में 10,500 स्थायी सीटें होंगी, जिन्हें प्रमुख टूर्नामेंटों के लिए 25,000 तक बढ़ाया जा सकता है। -85 कॉरिडोर के साथ 45 एकड के भूखंड में फैली इस परियोजना की परिकल्पना साउथम्प्टन के रोज बाउल से प्रेरित एक बहुआयामी खेल और आतिथ्य स्थल के रूप में की गई है। इसके लेआउट में दो लक्जरी होटल, कई रेस्टोरेंट और खेल के मैदान के दोनों ओर दो ग्रैंडस्टैंड शामिल हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय मैचों और घरेलू लीग दोनों की मेजबानी के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस वास्तुशिल्पीय दृष्टिकोण का नेतृत्व टीवीएस डिज़ाइन कर रहा है, जो अटलांटा में मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम और मुंबई में जियो वर्ल्ड सेंटर जैसे ऐतिहासिक स्थलों के पीछे विश्व स्तर पर प्रसिद्ध फर्म है। अकेले क्रिकेट स्टेडियम की अनुमानित लागत 50 मिलियन डॉलर है, जबकि वाणिज्यिक घटकों सहित 45 एकड के विकास परियोजना में कुल निवेश 100 मिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। पूरा होने के बाद, स्टेडियम में प्लग-एंड-प्ले बुनियादी ढांचा होगा जो प्रसारण के लिए तैयार टूर्नामेंटों की तुरंत मेजबानी करने में सक्षम होगा। पटेल का मानना है कि इससे क्रिकेट और संगीत कार्यक्रम आयोजकों को समय के साथ रसद और सेटअप लागत में काफी बचत होगी।

पटेल के लिए, यह परियोजना केवल बुनियादी ढांचे से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करती है। यह मुक्ति का क्षण है। लंबे समय से क्रिकेट के हितैषी और न्यू जर्सी निवासी, पटेल दो दशकों से अमेरिकी क्रिकेट जगत में एक जाना-पहचाना नाम रहे हैं, उन्होंने क्लबों और फ्रेंचाइजी टीमों, दोनों का प्रबंधन किया है। न्यू जर्सी में स्टेडियम बनाने के उनके पिछले प्रयास विफल रहे, जिससे उनके समूह को वकील, वास्तुकार और परमिट शुल्क में भारी नुकसान हुआ। यह समझा जाता है कि ला ग्रेंज क्रिकेट होल्डिंग्स ने अंतिम स्वीकृति प्राप्त करने से पहले ही इस परियोजना के लिए परमिट, वास्तुशिल्प योजनाओं और कानूनी शुल्क पर लगभग सात अंकों की राशि खर्च कर दी है; एक ऐसा व्यय जो इस उद्यम की जटिलता और प्रतिबद्धता, दोनों को रेखांकित करता है।

पटेल ने कहा, "यह सिर्फ़ क्रिकेट के बारे में नहीं है। यह एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र है जिसे हम बना रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए डिज़ाइन किया गया एक विश्वस्तरीय स्टेडियम, खिलाडियों, आगंतुकों और कार्यक्रम के मेहमानों के लिए एक बुटीक होटल, एक जीवंत स्पोर्ट्स बार जहां प्रशंसक उत्साह बढ़ाने, खाने और जश्न मनाने के लिए इकट्ठा होते हैं, खुदरा, मनोरंजन, सामुदायिक कार्यक्रम, ये सब इस स्थल के दिल की धडकन के इर्द-गिर्द घूमते हैं। यह क्रिकेट है और इससे भी कहीं अधिक, ऐसे मैच जिनमें हज़ारों लोग आएंगे।" लाग्रेंज में महत्वाकांक्षी सोला विकास परियोजना का एक हिस्सा, पटेल को उम्मीद है कि 2027 की पहली तिमाही में पूरा होने के बाद यह स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय मैचों और पेशेवर लीग क्रिकेट, दोनों की मेजबानी करेगा।

# अंडर 23 ट्रॉफी में राजस्थान ने पॉन्डिचेरी को 107 रन से हराया

## राजस्थान के कुणाल सिंह का नाबाद अर्धशतक





जयपुर , 9 नवम्बर । अहमदाबाद में खेली जा रही अंडर 23 एक दिवसीय ट्रॉफी में आज राजस्थान ने पॉन्डिचेरी को 107 रनो के विशाल अंतर से हराया।

राजस्थान पारी 317 / 9

टीम के लिए करण लाम्बा 74 , मुकुल चौधरी 62 , सुमित गोदारा 58 , रोहन राजभर 33 , प्रशांत माली 29 व अनिरुद्ध सिंह 25 रन

पॉन्डिचेरी के गेंदबाज अजय 70 / 5 विकेट पॉन्डिचेरी पारी 211 आल आउट

टीम के लिए नितिन 41 , राघवन40 व श्रीराम39 रन राजस्थान के गेंदबाज चेतन शर्मा 36 / 5 , रोहन राजभर 27 / 3

रणजी ट्रॉफी हैदराबाद में खेले जा रहे राजस्थान - हैदराबाद रणजी मैच के दूसरे दिन का स्कोर : हैदराबाद पहली पारी 364 आल आउट

टीम के लिए राहुल रदेश 129 रन राजस्थान के गेंदबाज अशोक शर्मा 89 / 3 , राहुल चाहर 96 / 3 , अनिकेत चौधरी 51 / 2 व सचिन यादव , आकाश सिंह प्रत्येक 1 - 1 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान पहली पारी 221 / 5 दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने अपनी पहली पारी में कुणाल सिंह के नाबाद अर्धशतक व अजय सिंह कुकना के साथ छटे विकेट के लिए नाबाद 104 रनोकी महत्वपूर्ण पार्टनरशिप की सहायता से 5 विकेट के नुकसान पर 221 रन बना लिए थे। टीम के लिए कुणाल सिंह राठौर नाबाद 64 , अजय सिंह कुकना नाबाद 42 , सचिन यादव 43 , सलमान खान 37 , दीपक हुड्डा 17 व महिपाल लोमरोर 13 रनो का योगदान दिया। हैदराबाद के गेंदबाज अनिकेतरेड्डीव तनय थियागराजन 2 - 2 विकेट।

अंडर 23 एक दिवसीय ट्रॉफी ( आज जयपुर में खेले गए मैचों का परिणाम )1 ) पहला मैच सवाई मान सिंहस्टेडियम कर्णाटक- उत्तर प्रदेश ( उत्तर प्रदेश 7 विकेट से जीती ) कर्नाटक पारी 306 / 9 उत्तर प्रदेश पारी 307/3 दूसरा मैच अनंतम ग्राउंड हिमाचल प्रदेश - त्रिपुरा ( हिमाचल प्रदेश 44 रन से जीती ) हिमाचल पारी 190 आल आउट त्रिपुरा 146 आल आउट तीसरा मैच तमिलनाडु - विधर्भ (तमिल नाडु 8 विकेट से जीती ) विधर्भ पारी 214 आल आउट तमिलनाडु पारी 218 / 2।

## सीनियर नेशनल तीरंदाजी टूर्नामेंट हेतु राजस्थान टीम के चयन ट्रायल आयोजित

जयपुर, 9 नवम्बर। राजस्थान तीरंदाजी संघ द्वारा आज जयपुर स्थित जगतपुरा शूटिंग रेंज पर सीनियर नेशनल तीरंदाजी टूर्नामेंट हेतु राजस्थान टीम के चयन ट्रायल आयोजित किए गए। इस ट्रायल में प्रदेश के टॉप 32 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि यह ट्रायल हाल ही में नीमराना में आयोजित सीनियर राज्य तीरंदाजी प्रतियोगिता की टॉप 32 खिलाडियों के मध्य आयोजित किए गए थे। ट्रायल के परिणाम के आधार पर टॉप 4 खिलाडी राजस्थान टीम का नेतृत्व आगामी सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में करेंगे।जो 10-19 दिसम्बर तेलागना मे आयोजित होगी। राजस्थान तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह एवं सेलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि प्रदेश के तीरंदाज हाल के वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

# जय क्लब ने बैडमिंटन, फील्ड क्लब ने टेबल टेनिस और पाली ने जीता पिकलबॉल टीम खिताब

जयपुर, 9 नवम्बर। जय क्लब ने रविवार को यहां रामबाग गोल्फ क्लब की मेजबानी में आयोजित ऑल इंडिया इंटर क्लब स्पोर्ट्स कार्निवल की बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप जीत ली। सार्दुल क्लब बीकानेर की टीम उपविजेता रही। फील्ड क्लब उदयपुर के निखिल ने 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग का एकल खिताब जीता। डिस्ट्रिक्ट क्लब पाली के धरेन्द्र उपविजेता रहे। फील्ड क्लब उदयपुर की ध्रुवी नलवाया को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाडी के पुरस्कार से नवाजा गया।

टेबल टेनिस का टीम खिताब फील्ड क्लब उदयपुर की टीम ने जीता। उन्होंने फाइनल में उम्मेद क्लब जोधपुर की बी टीम को 3-2 से पराजित किया। इससे पहले उदयपुर ने सार्दुल क्लब बीकानेर और उम्मेद क्लब बी ने उम्मेद क्लब ए को हरा फाइनल में जगह बनाई थी।



पिकलबॉल टीम चैंपियनशिप में डिस्ट्रिक्ट क्लब पाली की टीम विजेता रही। उन्होंने फाइनल में रामबाग गोल्फ क्लब जयपुर को हरा खिताब अपने नाम किया।

**स्क्वैश में कपिल, अंकुर और विनीत ने जीते खिताब :** स्क्वैश पुरुष वर्ग का खिताब उम्मेद क्लब जोधपुर के कपिल मूरजानी ने जीता। उन्होंने फाइनल में फील्ड क्लब उदयपुर के जयराज सिंह अरोडा को पराजित किया। रामबाग गोल्फ क्लब के अंकुर शाह ने जयपुर क्लब के समवेग अरोडा को हरा 45 तथा फील्ड क्लब के विनीत बाया ने उम्मेद क्लब के प्रवीण जैन को हरा 55 वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

**रोहित साबू होंगे मुख्य अतिथिः** रामबाग गोल्फ क्लब के कोषाध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल ने बताया कि समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में एनबीसी के रोहित साबू मुख्य अतिथि होंगे। अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मेजबान रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन योगेन्द्र सिंह, सचिव समृद्ध शर्मा, सह मेजबान जयपुर क्लब के अध्यक्ष अजीत सक्सेना और सचिव हिमांशु सहगल तथा जय क्लब के अध्यक्ष डॉ. हरिओम बंब और सचिव संजय भंसाली समेत अन्य अतिथि और गणमान्य मौजूद रहेंगे।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

RISING™ RAJASTHAN
REPLETE • RESPONSIBLE • READY

प्रत्यक्ष आवंटन योजना - 2025
राइज़िंग राजस्थान में MoU करने वाले निवेशकों के लिए भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर

औद्योगिक भूखण्डों का डायरेक्ट अलॉटमेंट
छठा चरण

अन्तिम 4 दिन शेष

आवेदन एवं EMD की अंतिम तिथि: 13 नवम्बर, 2025 (सायं 6 बजे तक)
ई-लॉटरी: 18 नवंबर, 2025

नियोजित लॉजिस्टिक भूखण्डों का आवंटन आरक्षित मूल्य पर

100 औद्योगिक क्षेत्र | 5,900+ कुल औद्योगिक भूखण्ड | 5,200+ अनारक्षित भूखण्ड | 38 लॉजिस्टिक भूखण्ड

विभिन्न श्रेणियों / वर्गों के लिए आरक्षित भूखंड
221 अनुसूचित जाति/जनजाति | 220 महिला वर्ग | 115 भूतपूर्व सैनिक | 144 बेंचमार्क दिव्यांगता | 66 सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक के आश्रित

आवंटन की प्रक्रिया
एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन

आवेदन हेतु स्कैन करें

EMD - भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की 5 प्रतिशत राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाइन जमा।
पात्रता - निवेशक जिन्होंने 14/10/2025 तक राइजिंग राजस्थान में राज्य सरकार के साथ एमओयू किये हैं वे सभी इस योजना में भूखण्ड के लिए पात्र हैं।

भूखण्ड की राशि का भुगतान
*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
RIICO की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

औद्योगिक क्षेत्रों में नियोजित लॉजिस्टिक भूखण्डों के आवंटन से संबंधित पॉलिसी riico.rajasthan.gov.in पर देखें।

इस योजना के तहत भूखण्ड देखने या आवेदन करने के लिए https://riico.rajasthan.gov.in पर दिए गए Direct Land Allotment लिंक पर क्लिक करें अथवा SSO Portal पर login के बाद RIICO के आइकन पर क्लिक करके Land Allotment पर जाएं और Direct Land Allotment Policy - 2025 (for RR MoU Holders) पर क्लिक करें।
*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005
हैल्पलाइन नंबर : 0141 4593250, 4593237 | वाट्सएप : +91 90013 06515 | ई-मेल : riico@riico.co.in
riico.rajasthan.gov.in · riicogis.rajasthan.gov.in/riicogiscitizen

राज.संवाद/सी/25/13427



*मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने रविवार को अंता में भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन के समर्थन में विशाल रोड शो किया। रोड शो में एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद थे।*

# प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री ने अंता में विशाल रोड शो किया

## आमजन, कार्यकर्ताओं व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने उत्साह व उमंग के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया

■ **रोड शो में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, सांसद दुष्यंत सिंह तथा प्रत्याशी मोरपाल सुमन भी रथ पर सवार थे।**

अंता/जयपुर 9 नवंबर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि अंता विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन स्थानीय होने के साथ ही सच्चे और ईमानदार व्यक्ति हैं। इस विधानसभा क्षेत्र का विकास मोरपाल सुमन करेंगे।

मुख्यमंत्री ने अजीतपुरा बालाजी से सीएडी चौराहा, पीडब्ल्यूडी तिराहा होते हुए ब्रह्मपुरी बालाजी तक अंता विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन के समर्थन में विशाल रोड शो किया। जिसमें जगह-जगह आमजन, कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने घरों की छतों से और दुकानों के बाहर खड़े होकर उत्साह और उमंग से मुख्यमंत्री के साथ रथ में सवार सभी विशिष्टजनों का फूलों की वर्षा से एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और आमजन ने 'माटी का एक ही लाल, मोरपाल-मोरपाल' के नारे लगाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा था। हमारी सरकार ने भी किसानों को सम्मान निधि देने का काम किया है। कांग्रेस ने कभी भी इस प्रकार के कार्य नहीं किए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के पशुपालकों को डेढ़ लाख रूपए तक की गोपाल क्रेडिट कार्ड जैसी महत्वपूर्ण योजना दी। पिछली सरकार में 19 में से 17 पेपर लीक हुए, लेकिन हमारी सरकार के 22 माह के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हमने 91 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं और डेढ़ लाख विभिन्न पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं के हित में कार्य कर रही हैं। पूरे पांच साल में चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का हमारा लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार के लिए भी कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवा रही है। हमने आंगनबाडी की बहनों का मानदेय बढ़ाया। कांग्रेस जो काम पांच साल में नहीं कर सकी वह हमने 22 माह के कार्यकाल में करके दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जो लोग पैसे बांट रहे हैं, वो कल तक गला काट रहे थे। ऐसे लोगों को यहां की जनता कभी माफ नहीं करेगी और इस बार अंता की जनता जरूर सबक सिखाएगी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने संबोधन में कहा कि 174 करोड़ रुपये की लागत से 41 किलोमीटर लंबी माल बामोरी-मांगरोल-बारां सडक कार्य का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। 65 करोड़ रुपये की लागत से अंता से सीसवाली तिराहे तक 4 लेन सडक एवं रेल ओवर ब्रिज के सुदृढ़ीकरण कार्य भी जल्द शुरू होने जा रहा है। 15 करोड़ रुपये की लागत से मऊ से लालकोठी सडक के सुदृढ़ीकरण का कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। विधानसभा क्षेत्र की 25 किलोमीटर लंबाई की मिसिंग लिंक सडकों का कार्य स्वीकृत हो गया है। गणेशगंज नहरी तंत्र के जीर्णोद्धार की स्वीकृति दे दी गई है।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रोड शो समाप्ति के पश्चात विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मांगरोल-सीसवाली, अंता-सांगोद के सड़क कार्य हमारे समय में हुए। सरकारी कॉलेज बना, खेमजी महाराज तालाब का सौंदर्यीकरण हुआ। सभी ग्राम पंचायतों में गौरव पथ बने तथा सीनियर सेकैण्डरी स्कूल भी बनाए गए। किसानों का कर्ज हमने माफ किया। वसुंधरा राजे ने अंता की जनता से भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

रोड शो में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद दुष्यंत सिंह, जिला अध्यक्ष श्री नरेश सिकरवार सहित विधायकगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन मौजूद थे।

## राष्ट्रीय ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

को घुसपैठियों के वोट नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि राजग , युवाओं के वोट और लखपति दीदी के वोट से जीतने वाले हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस- लालू के सरकार में आतंकी हमारी धरती को लहूलुहान कर देते थे। उन्होंने कहा कि राजग की सरकार आतंकियों का खात्मा करती है। उन्होंने कहा कि यदि अब आतंकी गोली चलाएंगे तो हम गोला से जवाब देंगे, वो गोला बिहार में ही बनेगा।

## प्रधानमंत्री ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चंपावत में महिला खेल महाविद्यालय की स्थापना तथा नैनीताल में अत्याधुनिक डेयरी संयंत्र का भी शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मोदी ने 28,000 से अधिक किसानों के बैंक खातों में 62 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी जारी की।

# जिलाध्यक्ष ट्रेनिंग कैंप में लेट आने पर राहुल गांधी को सजा

## मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों के सामने 10 "पुशअप" लगाये

■ **राहुल गांधी ने कांग्रेस जिलाध्यक्षों से कहा कि उनकी जमीन पर इतनी मजबूत पकड़ होनी चाहिए कि भटकाने की कोशिश करने वाला असफल हो जाए।**

भोपाल, 09 नवंबर। मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में कांग्रेस जिला अध्यक्षों के ट्रेनिंग कैंप में लेट पहुंचने पर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अनोखी सजा दी गई। जिसमें उन्होंने जिलाध्यक्षों के सामने ही 10 पुश-अप्स लगाए।

पूरा वाक्या पचमढ़ी के होटल हाईलैंड में आयोजित ट्रेनिंग कैंप का है। यहां पर तय समय से राहुल गांधी आधा घंटे लेट पहुंचे। जिस पर कांग्रेस ट्रेनिंग डिपार्टमेंट के हेड सचिन राव ने कहा कि हमारे प्रशिक्षण शिविर में अनुशासन का पालन न करने पर सजा दी जाती है। इस पर राहुल ने पूछा कि मेरे लिए क्या सजा तय की गई है? जवाब देते हुए सचिन ने कहा कि आपको 10 पुशअप्स लगाने होंगे। इसके बाद राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों के सामने ही पुश-अप्स लगाए।

राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों के सामने जुजुत्सु अभ्यास किया। इसके बाद उन्होंने जिलाध्यक्षों को बताया कि आपको जमीन पर अपनी पकड़ मजबूत होनी होगी। यदि जमीन छोड़ी, तो पकड़ भी कमजोर होगी। साथ ही उन्होंने मन संतुलित रखने के लिए कहा कि अगर कोई आदमी आपको मार रहा है तो उसकी ओर ध्यान मत दीजिए। बल्कि उसे गले लगाइए। आपकी जमीन पर इतनी मजबूत पकड़ हो कि आपका ध्यान भटकाने की कोशिश करने वाला असफल हो जाए।

# सक्रिय आंतकवादियों के खिलाफ व्यापक तलाशी अभियान

## अभियान का उद्देश्य पाकिस्तान से सक्रिय जम्मू-कश्मीर के मूल निवासियों के रिश्तेदारों की संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाना है

■ **रामबन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अरूण गुप्ता की अगुवाई में ननिहाल व गूल में कई स्थानों पर समन्वित तरीके से घेराबंदी व तलाशी अभियान चलाया गया।**

जम्मू, 9 नवंबर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वाले राज्य के मूल लोगों के रामबन जिले में रहने वाले रिश्तेदारों की संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने के लिए रविवार को एक व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने रामबन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अरुण गुप्ता की अगुवाई में बनिहाल और गूल में कई स्थानों पर समन्वित तरीके से घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया।

उन्होंने बताया कि ऐसे अभियानों का उद्देश्य पाकिस्तान से सक्रिय जम्मू-कश्मीर के मूल निवासियों (जेकेएनओपी) के रिश्तेदारों की संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाना, संदिग्ध व्यक्तियों के इतिहास की पुष्टि करना और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी करना है। इस अभियान में पाकिस्तान से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वाले जम्मू-कश्मीर के मूल निवासयों और सक्रिय कार्यकर्ताओं के रिश्तेदारों और सहयोगियों के घरों की तलाशी ली गई।

उन्होंने कहा, "पुलिस टीमों ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई परिसरों का गहन निरीक्षण किया कि कोई राष्ट्र-विरोधी या गैरकानूनी गतिविधियाँ तो नहीं चलाई जा रही हैं।" रामबन पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और एसओजी इकाइयों की संयुक्त टीमों ने ड्यूटी मजिस्ट्रेटों के साथ मिलकर जिले के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में अभियान चलाया।

प्रवक्ता ने कहा, "आम जनता को कोई असुविधा पहुँचाए बिना ये अभियान सुनियोजित तरीके से चलाए गये और इस तरह के अभियान क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जारी निवारक और खुफिया-उपायों का एक हिस्सा हैं।

प्रवक्ता ने कहा, "पुलिस ने आम जनता से कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग करने और अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों या व्यक्तियों के बारे में कोई भी अहम जानकारी साझा करने की अपील की है।

# जापान में भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी

टोक्यो, 09 नवंबर। जापान में भूकंप के बेहद तेज झटके महसूस किए गए हैं। स्थानीय समय के हिसाब से रविवार शाम उत्तरी जापान के तट पर शक्तिशाली भूकंप आया है। इससे इवाते प्रान्त में बड़े नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.7 मापी गई, जिसे खतरनाक श्रेणी में रखा जाता है। यह शक्तिशाली भूकंप शाम 5:03 बजे (स्थानीय समयानुसार) आया। भूकंप से हुए नुकसान के बारे में अभी जानकारी सामने नहीं आई है।

■ **भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गई, जिसे खतरनाक श्रेणी में माना जाता है।**

भूकंप का केंद्र इवाते प्रांत के तट पर समुद्र की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। इस दौरान इवाते के कुछ हिस्सों में आए भूकंप की तीव्रता 4 मापी गई। भूकंप के बाद जापान में सुनामी का खतरा मंडरा रहा है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने एक मीटर (तीन फीट) ऊंची सुनामी उठने की चेतावनी जारी की है। इससे स्थानीय लोगों में डर का माहौल है।

## बिहार ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सीमा सील होने के बाद जयनगर के बेतौंहा बॉर्डर कस्टम चेक पोस्ट पर सभी तरह के आवागमन पर रोक लगा दी गई है और बैरिकेडिंग कर सीमा को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, सीमा क्षेत्र लंबे समय से संवेदनशील माना जाता रहा है, ऐसे में चुनावी अवधि में सख्त निगरानी और स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त गश्त की व्यवस्था की गई है। एसएसबी ने स्पष्ट किया है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जायेगी, जिससे मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

# पॉक्सो अदालत ने दुष्कर्मी पिता को 20 साल की सजा दी

## अभियुक्त ने नाबालिग सौतेली पुत्री के साथ कई बार दुष्कर्म का घिनौना कृत्य किया

■ **इस मामले की रिपोर्ट पीड़िता ने मार्च 2022 को करधनी थाने में कराई थी।**

जयपुर (कासं)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1, महानगर द्वितीय ने नाबालिक सौतेली पुत्री के साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त पिता को 20 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर जुर्माना भी लगाया है।

पीठासीन अधिकारी विकास कुमार खंडेलवाल ने कहा कि सौतेले पिता ने अपनी 17 साल की नाबालिक बेटी के साथ दुष्कर्म कर रिश्ते को कलंकित करने का काम किया है। अभियुक्त ने पीड़िता की स्थिति का नाजायज़ फायदा उठाते हुए उसके साथ रेप जैसा घिनौना कृत्य कई बार किया। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। अदालत ने कहा कि मामले में डीएनए सैंपल और मेडिकल परीक्षण घटना के करीब एक माह बाद किया गया है। ऐसे में एफएसएल और डीएनए रिपोर्ट में अपराध की पुष्टि ना होना स्वाभाविक है। वहीं पीडिता ने विश्वसनीय बयान दिए हैं और क्रॉस एग्ज़ामिनेशन में भी पीडिता ने अपनी बात दोहराई है। ऐसे में डीएनए रिपोर्ट पक्ष में आने का लाभ अभियुक्त को नहीं मिल सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मातादीन शर्मा ने बताया कि मामले में पीड़िता ने 7 मार्च 2022 को करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा कि पीड़िता और उसकी तीन बहने अपनी मां और सौतेले पिता के साथ किराए के घर में रहती है। इस दौरान पिता के मारपीट से परेशान होकर बहने अपनी नानी के साथ रहने लग गई। इस दौरान 5 फरवरी 2022 को सौतेले पिता ने मां की अनुपस्थिति में उसके साथ दुष्कर्म किया। जब इसकी शिकायत मां को दी तो मां ने कोई सहायता नहीं की। इसके बाद भी कई बार पिता ने उसके साथ संबंध बनाए। इस दौरान पीड़िता ने अपनी बहन और मामा को घटना की जानकारी दी।

# राष्ट्रपति मुर्मू की अंगोला यात्रा में 3 समझौते हुए

■ **भारत अंगोला को रक्षा खरीद में ऋण देगा तथा कृषि व औषधि उद्योग में सहयोग करेगा।**

लुआंडा, 09 नवंबर। भारत ने अंगोला को रक्षा खरीद के लिए ऋण मुहैया कराने, कृषि और औषधि क्षेत्र में परस्पर सहयोग के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन दिनों अंगोला की सरकारी यात्रा पर हैं और उनकी मौजूदगी में रविवार को इन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

इससे पहले यहां के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको ने प्रेसिडेंशियल पैलेस में राष्ट्रपति मुर्मू का भव्य स्वागत किया। उन्हें यहां सलामी गारद भी दी गई। वह अंगोला और बोत्सवाना की राजकीय यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन देशों की पहली राजकीय यात्रा है।

इस अवसर पर मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि भारत और अंगोला मत्स्य पालन, एक्वाकल्चर, मरीन के क्षेत्र में भी परस्पर सहयोग पर भी सहमत हुए हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता जताई कि अंगोला वैश्विक बायोफ्यूल एलायंस समूह में शामिल हो गया है।

राष्ट्रपति मुर्मू, अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंजाल्विस लौरेंको के निमंत्रण पर यहां आयी हैं। भारत और अंगोला इस वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उनका राष्ट्रपति लौरेंको के साथ द्विपक्षीय वार्ता का भी कार्यक्रम है। वह अंगोला की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ समारोह में भाग लेंगी। उनका अंगोला में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत का भी कार्यक्रम है।

## असमानता...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के पार समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक एकीकरण के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि परिवारों और दोस्तों को आपस में मिलना-जुलना चाहिए, त्योहार साथ मिलकर मनाने चाहिए और एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए।

भागवत ने राजनेताओं द्वारा जाति और मनुस्मृति जैसे ग्रंथों के दुरुपयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सामाजिक जागरूकता सबसे प्रभावी प्रतिक्रिया है।

उन्होंने कहा, "राजनीतिक शरारतें तभी पनपती हैं जब वे स्वार्थ सिद्ध करती हैं। जब समाज सामूहिक रूप से विभाजनकारी विचारों को स्वीकार करने से इनकार करता है और समानता पर ज़ोर देता है, तो ऐसे प्रयास बेकार हो जाते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि एकीकरण, सम्मान और एकता को सबसे पहले सामुदायिक स्तर पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

# गुवाहाटी में वायुसेना ने अपनी ताकत दिखाई

■ **भारतीय वायुसेना के स्थापना दिवस समारोह में राफेल, सुखोई, तेजस व मिराज ने एकसाथ उड़ान भरी।**

गुवाहाटी, 09 नवंबर। गुवाहाटी में रविवार भारतीय वायुसेना का ऐसा नज़ारा देखने को मिला, जिसने पूरे देश को गर्व से भर दिया।

ब्रह्मपुत्र नदी के लाचित घाट पर भारतीय वायुसेना ने अपनी 93वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भव्य एयर शो का आयोजन किया। इस दौरान राफेल, सुखोई, तेजस और मिराज जैसे लड़ाकू विमानों ने एक साथ उड़ान भरकर आसमान को देशभक्ति के रंगों में रंग दिया। इस साल वायुसेना दिवस की थीम अचूक, अभेद्य और सटीक है।यह एयर शो न केवल वायुसेना की ताकत का प्रतीक है, बल्कि राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतीक है।

इस खास मौके पर वायुसेना के आधुनिक एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टरों ने 25 अलग-अलग फॉर्मेशन में उड़ान भरी। इनमें राफेल, सुखोई - 30एमकेआई, तेजस, मिराज, जगुआर, मिग-29, सी-130, सी-17, अपाचे, प्रचंड और एएलएच मार्क-1 हेलीकॉप्टर भी शामिल रहे। एयर शो में सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में असम के राज्यपाल, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह भी मौजूद थे। दोनों तटों से हज़ारों दर्शक इस ऐतिहासिक नज़ारे के साक्षी बने।

रणनीतिक रूप से यह शो बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि गुवाहाटी क्षेत्र चीन की सीमा और चिकन नेक कॉरिडोर के नजदीक है। गुवाहाटी की धरती से भारत ने चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश तीनों का साधने की कोशिश की।इस इलाके के ऊपर राफेल और तेजस जैसे फाइटर जेट्स की उड़ान भारत के पूर्वोत्तर में एयर पावर प्रेज़ेंस का मजबूत संदेश देती है।

# गुजरात में आईएसआईएस के तीन आतंकवादी पकड़े गये

■ **तीनों आतंकवादी हथियारों की अदला-बदली के लिए गुजरात आये थे।**

अहमदाबाद, 09 नवंबर। गुजरात एटीएस ने एक बड़ी आतंकी साजिश का पर्दाफाश करते हुए तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आतंकियों में दो उत्तर प्रदेश के निवासी हैं जबकि एक हैदराबाद से ताल्लुक रखता है। सूत्रों के मुताबिक, ये तीनों आतंकी हथियारों की अदला-बदली के लिए गुजरात पहुंचे थे और देशभर में आतंकी हमलों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गुजरात एटीएस की टीम पिछले एक साल से इन आतंकियों पर नजर रख रही थी। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ है कि ये आतंकी आईएसआईएस से जुड़े हुए हैं और देश में बड़े पैमाने पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी में थे।

## वोट चोरी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि आज की सदी का नशा ट्विटर और फेसबुक है, लेकिन इससे रोजगार नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि, 'बिहार का युवा रोजगार चाहता है न कि 21 वीं सदी का नशा। रोजगार, काम और पलायन पर प्रधानमंत्री युवाओं और किसानों से कभी संवाद नहीं करते हैं।' उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनाव में भाजपा और संघ एक ओर हैं, जबकि कांग्रेस और तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाला महागठबंधन दूसरी ओर। गांधी ने कहा कि उनकी लड़ाई विचारधाराओं की है, एक विचारधारा देश को बांटती है और दूसरी जनता को जोड़ती है।

## अंडमान ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मुताबिक, इसमें संपूर्ण पूर्वोत्तर भारत, जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाके के अलावा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात में कच्छ का रण, उत्तरी बिहार के कुछ हिस्से और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं।

# भूमि खरीद मामले में अजित पवार के पुत्र को 42 करोड़ रूपए की चपत लगेगी

## लेन-देन रद्द होने के बावजूद उन्हें रजिस्ट्रेशन के 21 करोड़ व समझौता रद्द होने की लागत 21 करोड़ रूपए देनी होगी

■ **कंपनी में 99 प्रतिशत हिस्सेदारी के बावजूद पार्थ पवार को आरोपी नहीं बनाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायत कंपनी के खिलाफ दर्ज की गई है। व्यक्तिगत हितधारक के खिलाफ नहीं। जाँच में जो भी शामिल पाये गए, उनके खिलाफ कार्यवाही होगी।**

मुंबई, 09 नवंबर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की साझेदारी वाली एक कंपनी को पुणे में सरकारी जमीन की खरीद रद्द होने के बावजूद युवा व्यवसायी को दोहरा झटका लगा है।

जब इस मामले में विवाद बढ़ा तो इस आपत्तिजनक लेनदेन को रद्द कर दिया गया लेकिन फिर भी कंपनी को इस रद्द किए गए सौदे से संबंधित भारी स्टाम्प शुल्क का भुगतान करना होगा।

राजस्व विभाग के अधिकारियों के अनुसार, लेनदेन रद्द होने के बावजूद कंपनी को अभी भी इस संबंध में कुल 42 करोड़ रुपये का भुगतान करना पड़ेगा। इसमें 300 करोड़ रुपये की भूमि खरीद के पंजीकरण के लिए कुल मूल्य का सात प्रतिशत 21 करोड़ रुपये तथा समझौता रद्द करने की लागत के रूप में अतिरिक्त 21 करोड़ रुपये शामिल हैं।

यह विवाद तब सामने आया था जब पता चला कि भूमि अधिग्रहण में सरकारी प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया गया। राज्य सरकार के स्वामित्व वाली यह संपत्ति कथित रूप से उसके वास्तविक बाजार मूल्य के लगभग छठे हिस्से पर बेची जा रही थी जिसकी अनुमानित कीमत 1,800 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, इस लेन-देन में कथित रूप से स्टाम्प शुल्क में छूट का लाभ भी प्राप्त हुआ क्योंकि दावा किया गया था कि भूमि को सूचना प्रौद्योगिकी पार्क के लिए विकसित किया जाएगा।

अधिकारियों ने पुष्टि कि है कि वर्तमान सरकारी नियमों के अनुसार राज्य के स्वामित्व वाली भूमि निजी संस्थाओं को हस्तांतरित नहीं की जा सकती है जिससे यह सौदा कानूनी रूप से अवैध हो गया। इस खुलासे के बाद तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया शुरू हो गयी और विपक्षी दलों ने अजित पवार के इस्तीफे की मांग की तथा कहा कि इस घटना से सरकारी भूमि बिक्री प्रक्रियाओं में गंभीर उल्लंघन का पता चला है।

उपमुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अपने स्पष्टीकरण में कहा था कि उन्हें भूमि खरीद के संबंध में कोई पूर्व जानकारी नहीं थी और कहा कि लेनदेन पूरी तरह से खारिज हो चुका है। हालांकि, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उसी दिन थोड़ा अलग रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी औपचारिक रद्दीकरण प्रक्रिया से पहले लेनदेन का पूरा होना एक आवश्यक कानूनी शर्त है। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्रवाई शुरू करने से पहले स्टाम्प शुल्क संबंधी दायित्वों को पूरा किया जाना चाहिए।

इस मामले में विवाद तब और गहरा हो गया जब यह बात सामने आयी कि संबंधित फर्म में 99 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने के बावजूद पार्थ पवार को इस संबंध में दर्ज पुलिस शिकायत में आरोपी नहीं बनाया गया। इस मुद्दे पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि शिकायत कंपनी के खिलाफ दर्ज की गई थी, किसी व्यक्तिगत हितधारक के खिलाफ नहीं। उन्होंने आगे कहा कि जांच के दौरान कंपनी के लेन-देन में हस्ताक्षर का अधिकार रखने वाले सभी लोगों की जांच की जाएगी और जो भी गलत कामों में शामिल पाए जाएंगे उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी और अतिरिक्त लोगों की भूमिका स्पष्ट होगी, उनके नाम कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार औपचारिक शिकायत में जोड़ दिए जाएंगे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908